सुप्रभात
रांची, बुधवार
10.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 266

12 थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल







फ्तार: शाम 6.09 (10 अप्रैल)

### न्यूज डायरी

**ईद उल फित्र का त्योहार कल**

रांची। एदारे शरिया ने घोषणा की कि मंगलवार रात ईद का चांद नजर नहीं आया, इसलिए ईद उल फित्र का त्योहार 11 अप्रैल को मनाया जायेगा। यह जानकारी मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने दी।

**होम्योपैथिक सम्मेलन का राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज होम्योपैथी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी, जिसमें दुनियाभर के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना: एक होम्योपैथिक सम्मेलन' होगा।

**अब एम्स में होगा पूजा सिंघल का इलाज**

रांची। आय से अधिक संपत्ति के मामले में बंद आइएएस पूजा सिंघल की दिन तबीयत खराब होती रही है, इसे देखते हुए जेल प्रबंधन ने उन्हें रिम्स में शिफ्ट किया है। वह बेहतर पिछले कई महीनों से रिम्स में भर्ती हैं। इलाज के दौरान उन्हें समस्या हो रही है जिसे देखते हुए रिम्स प्रबंधन ने उन्हें एम्स भेजने की बात कही है। रिम्स के अधीक्षक डॉक्टर हिरेन बिरूआ की निगरानी में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया, जिसमें उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स भेजने का निर्णय लिया गया।

**भीषण आग में झुलस कर छह की मौत**

रोहतास। बिहार के रोहतास में आग की चपेट में आने से 6 लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में दो महिलाएं, तीन बच्चियां तथा एक बच्चा शामिल है। जानकारी के अनुसार सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। कछवा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। इस घटना में 7 लोग आग की चपेट में आ गये। जानकारी के अनुसार मकान में परिवार के लोग खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान बगल के ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली तथा घर में आग फैल गयी। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गयी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 66900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 85000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## बांग्लादेशी घुसपैठ पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, केंद्र से पूछा

# संथाल के पांच जिलों में सीएए के तहत कार्रवाई हो सकती है या नहीं

**केंद्र के अधिवक्ता को तीन हफ्ते के भीतर शपथ पत्र के जरिए जवाब दाखिल करने का निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सीएए (सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट) के तहत सीधा एक्शन ले सकती है या नहीं। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अधिवक्ता को तीन हफ्ते के भीतर सरकार से निर्देश लेकर शपथ पत्र के जरिए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बता दें कि जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां की जनसांख्यिकी पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ केंद्र सरकार एक्शन ले सकती है। इसमें राज्य सरकार की ज्यादा भूमिका नहीं है। सीएए लागू होने के बाद परिस्थितियां बदली हैं। पड़ोसी देश के कुछ अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जाएगी। इस याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा था कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए कैसे प्रवेश कर रहे हैं और उन्हें रोकने के लिए क्या किया जा रहा है? जनहित याचिका डेनियल दानिश ने दायर की है। उन्होंने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है।

इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे स्थापित किए जा रहे हैं। स्थानीय आदिवासियों के साथ वैवाहिक संबंध बनाए जा रहे हैं। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताए कि बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और कैसे उनकी वजह से क्षेत्र की जनसांख्यिकी बदल रही है।



## हाईकोर्ट ने नगर निगम और निकाय चुनाव के मामले में पक्षकारों को जारी किया नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य में निकाय चुनाव कराने के मामले में सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। मंगलवार को इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर एलपीए पर सुनवाई हुई। बता दें कि हाईकोर्ट की डबल बेंच, सिंगल बेंच की ओर से राज्य सरकार को तीन हफ्ते में निकाय चुनाव की घोषणा करने के दिये आदेश पर सुनवाई कर रही है। दरअसल, राज्य में नगर निगम और निकायों का चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो व अन्य ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने इस मामले में 4 जनवरी को आदेश पारित किया था। मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा।

### शराब नीति केस

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल को नहीं दी राहत, याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। आबकारी नीति से संबंधित घोटाले और धन-शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती दी गयी थी।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर उन्हें सीबीआई की हिरासत में भेजने के आदेश को सही ठहराया और इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गयी साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है।

एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे।

# फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड सद्दाम हुसैन से ईडी करेगी पूछताछ

### चार दिन की मिली पुलिस रिमांड, 12 को अदालत में किया जायेगा पेश

**पूर्व से दो मामलों में जेल में बंद सद्दाम हुसैन को अब तीसरे मामले में भी रिमांड पर लिया गया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाला मामले में अब ईडी फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टर माइंड सद्दाम हुसैन से पूछताछ करेगी। ईडी ने कोर्ट की अनुमति पर मंगलवार को उसे अपने साथ पूछताछ के लिये ले गयी। इससे पूर्व मंगलवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद सद्दाम हुसैन को ईडी कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट के तहत पेश किया गया। पेशी के साथ ही ईडी ने सात दिनों की पूछताछ के लिये आवेदन दिया। सुनवाई के बाद अदालत ने चार दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति दी। पुलिस रिमांड की अवधि 12 अप्रैल को खत्म हो रही है। आरोपी को उस दिन अदालत में पेश किया जायेगा। सद्दाम हुसैन को ईडी ने सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बरियातू रोड स्थित चेशायर होम में एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में उसे रिमांड पर लिया गया। इस प्रकार वर्तमान में पूर्व से दो मामलों में जेल में बंद सद्दाम हुसैन को अब तीसरे मामले में भी रिमांड किया गया है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा



**रांची/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। जानकारी के अनुसार खतरे की आशंका के चलते उनकी सुरक्षा बढ़ायी गयी है।

**सुरक्षा एजेंसी ने की थी कड़ी सुरक्षा की सिफारिश :** केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की थी।

### झामुमो ने जारी की लोस उम्मीदवारों की सूची

## राजमहल सीट से विजय हांसदा और सिंहभूम से जोबा मांझी को टिकट




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को झारखंड की दो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने मौजूदा सांसद विजय हांसदा पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए राजमहल लोकसभा सीट से उन्हें पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। वहीं सिंहभूम से पार्टी ने जोबा मांझी को प्रत्याशी घोषित किया है।

**ओड़िशा और बंगाल में उतारेगा प्रत्याशी**

**रांची।** झामुमो को बिहार में भले ही एक भी सीट गठबंधन की ओर से नहीं मिली पर, झामुमो पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में प्रत्याशी उतारेगा। पार्टी ओड़िशा में मयूरभंज और बंगाल में झाड़ग्राम से प्रत्याशी उतारेगा। इसकी घोषणा जल्द की जायेगी। इतना ही नहीं जेएमएम 19 विधानसभा क्षेत्र में भी प्रत्याशी उतारेगा। बंगाल में वैसे भी टीएमसी, वामदल और कांग्रेस अकेले-अकेले चुनाव लड़ रहे हैं। ओड़िशा में भी इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, इसलिए झामुमो ने यह निर्णय लिया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष को चुनाव आयोग का नोटिस



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके नेताओं के बयानों को लेकर नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से बार-बार महिला गरिमा और सम्मान के उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में इन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष से कहा गया है कि अनुपालन से जुड़ी जानकारी 12 अप्रैल तक आयोग से साझा की जाए।

## दूसरे दिन भी इडी के समक्ष उपस्थित हुईं विधायक अंबा प्रसाद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अंबा प्रसाद पर बड़कागांव समेत अन्य जगहों पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को भी पूछताछ की। अंबा प्रसाद से हजारीबाग में जमीन पर अवैध कब्जा, बालू कारोबारियों से उगाही और रंगदारी के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की जा रही है। अंबा से आज फिर पूछताछ होगी।

**अंबा प्रसाद बोलीं, मैंने किसी जमीन पर नहीं किया कब्जा, जांच करा लें :** अंबा प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में अंबा ने कहा कि इडी के बुलावे पर वह आयीं हैं और जब उन्हें बुलाया जायेगा तब वह जाएंगी। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े किसी भी मामले में उनसे कोई सवाल नहीं पूछे गए हैं।

## अमीन 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** भरनो अंचल कार्यालय के अमीन श्रवण कुमार को जमीन मापी के लिए घूस मांगने के आरोप में रांची एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पीड़ित अनिल उरांव ने एसीबी से लिखित शिकायत की थी कि अपनी जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए सीओ के पास 29 सितंबर 2023 को आवेदन दिया था। सीओ ने जमीन मापी एवं जांच के लिए अनिल उरांव के आवेदन को संविदा पर कार्यरत अमीन श्रवण कुमार के पास भेजा। अमीन श्रवण कुमार ने अनिल उरांव से 50 हजार रुपये मांगे। प्रथम किश्त में 10 हजार रुपये की मांगा।

# 522 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाला के आरोपी सगे भाई कोलकाता से गिरफ्तार

**रांची के विवेक नरसरिया की तलाश में रांची में छापा**

खबर मन्त्र ब्यूरो/विशेष संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** जीएसटी इंटेलिजेंस की जमशेदपुर शाखा ने 522 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले मामले में दो सगे जुड़वा भाईयों को मंगलवार को कोलकाता से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार होने वाले में कारोबारी अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता शामिल है। दोनों भाई कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित फ्लैट में नाम बदलकर रह रहे थे। जीएसटी की टीम दोनों सगे भाईयों को कोलकाता से लेकर जमशेदपुर मंगलवार की शाम पहुंची। दोनों भाईयों को मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

गौरतलब हो कि इसी मामले में टीम ने पूर्व में कारोबारी विक्की भलोटिया और शिव कुमार देवड़ा को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जीएसटी घोटाले में रांची के कारोबारी विवेक नरसरिया का भी नाम है। जीएसटी टीम ने विवेक नरसरिया की तलाश में रांची में छापेमारी की, लेकिन वह फरार मिला। उसकी तलाश में छापामारी जारी है।

### 100 से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाकर किया फर्जीवाड़ा



जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जांच की तो पाया कि जमशेदपुर में कई ऐसी कंपनियां हैं जहां फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है। अब तक इन कंपनियों में तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध लेनदेन का पता चला है। इस फर्जीवाड़ा को पकड़ने के लिए जीएसटी ने एक टीम का गठन किया। जिसमें सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर रौशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार को शामिल किया गया। आशंका है कि जीएसटी घोटाले का यह आंकड़ा 5000 करोड़ तक जा सकता है।

### गांडेय में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में कल्पना सोरेन ने भरी हुंकार, कहा

# घरफोड़वा हैं भाजपा के नेता-कार्यकर्ता

**बाबा दिशोम गुरु की कर्मभूमि पर किसी अन्य को दखल न देने दें**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग घरफोड़वा हैं। भाई को भाई से, परिवार को परिवार से लड़ना चाहते हैं। कल्पना सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरू की यह कर्मभूमि है और उनकी कर्मभूमि में किसी को दखल नहीं देने देंगे। हमलोगों को यह सुनिश्चित करना है कि बाबा की यह कर्मभूमि को बचाये रखना है। आगामी 20 मई को कोडरमा लोकसभा सीट के साथ ही गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव होना है। वह गांडेय में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोल रही थीं।



**गांडेय की जीत बाबा, हेमंत और आपकी होगी :** गांडेय विधानसभा उपचुनाव की संभावित प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि आप यह कभी न समझें कि मैं चुनाव लड़ रही हूं। यह चुनाव आपके दिशोम गुरुजी बाबा शिबू सोरेन और आपके नेता हेमंत सोरेन का है। हेमंत सोरेन को यह नहीं लगना चाहिए कि वे जेल में हैं। उन्हें लगना चाहिए कि उनका एक-एक कार्यकर्ता हेमंत है और मैदान में है। आप यह जान लें कि यह हमारी जीत नहीं होगी, यह आपकी जीत होगी।

**बाबा की कर्मभूमि से मैंने राजनीति शुरू की**

कल्पना ने कहा कि मैंने बाबा की कर्मभूमि से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की है। बाबा के समय से जो लोग जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों को साझा करें। बता दें कि भाजपा ने दिलीप वर्मा को गांडेय उप चुनाव में उतारा है। अब माना जा रहा है कि हेमंत के जेल में रहते हुए चुनाव लड़ रही उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने से यह सीट हॉट बन गई है।

### राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्यभर के डीसी ने दिया तीन दिनों का समय

# तीन दिन में हथियार जमा करा दें, नहीं तो लाइसेंस होगा रद्द

**जिलों में चलेगा हथियार जमा करने का अभियान**

विशेष संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान हथियारों के लाइसेंस रखनेवाले चुनाव खत्म होने तक अपना हथियार नहीं चमका सकेंगे। उन्हें थाना, ओपी और शस्त्र दुकानदारों के यहां हथियार जमा करने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया है। इन तीन दिनों के भीतर अगर उन्होंने अपना हथियार नहीं जमा कराया तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों के डीसी ने हथियार धारकों से तीन दिनों के भीतर हथियार जमा करने को कहा है। तीन दिनों के भीतर हथियार जमा नहीं करने की स्थिति में उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

**क्या है निर्देश :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को हथियार धारकों से शस्त्र जमा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने निर्देश में स्पष्ट लिखा है कि शस्त्र जमा नहीं करने वालों का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द कर इसकी सूचना आयोग को उपलब्ध करायें। अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र रखने की छूट दिये जाने की स्थिति में स्क्रीनिंग समिति की बैठक कर निर्णय लेते हुए उसके अनुरूप काम करें। इस आदेश की आलोक में जिला उपायुक्तों ने सभी शस्त्र धारकों से कहा है कि वह अपना शास्त्र थाना, ओपी या कारतूस विक्रेता के यहां 13 अप्रैल की शाम तक जमा करा दें, अन्यथा लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

## चुनाव के बाद ही वापस मिलेगा हथियार



हथियार धारकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 की समाप्ति के बाद हथियार वापस मिलेगा। तब तक उनके हथियार थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी या शस्त्र दुकानदारों के पास सुरक्षित रहेगा। इस दौरान चुनाव आयोग के निर्देश पर हथियार धारकों से कारतूस को भी जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि चुनाव खत्म होते ही थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी तथा शस्त्र दुकानदार और कारतूस विक्रेता दुकानदार संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को उनके शस्त्र को विमुक्त कर उपलब्ध करा देंगे।

> लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य के सभी जिला उपयुक्त से कहा गया है कि वह शस्त्र धारकों से शस्त्र जमा करा लें। चुनाव के दौरान किसी भी शस्त्रधारक के पास हथियार नहीं रहेगा। हथियार जमा नहीं करनेवाले लाईसेंसधारकों का उनका लाइसेंस रद्द कर दें।
>
> **के. रवि कुमार, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड।**

# दो दिन में चार डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि झारखंड में तापमान एक बार फिर बढ़ने वाला है। अगले 2 दिन में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। रांची स्थित मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि अगले तीन दिन तक झारखंड में कहीं-कहीं वर्षा भी होगी, लेकिन अधिकतम तापमान 3-4 डिग्री तक बढ़ जाएगा। हालांकि, इसके बाद अचानक तापमान में 4 से 5 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट आने के संकेत हैं।

**झारखंड के दक्षिणी व मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा की संभावना**

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि झारखंड के दक्षिण तथा मध्य भागों में यानी राजधानी रांची, पूर्वी और प. सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां एवं सिमडेगा जिलों में 10 और 11 अप्रैल को कहीं-कहीं तेज हवा चलेगी। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। गरज के साथ वर्षा और वज्रपात होने की भी संभावना इन जिलों में है। 12 अप्रैल को भी दक्षिण तथा मध्य भाग में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात की संभावना है।

# नगर निकाय चुनाव नहीं कराना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना : बाउरी

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा, दलित, आदिवासी विरोधी

### ट्रिपल टेस्ट को डाला ठंढे बस्ते में, राज्य सरकार लोकतंत्र की कर रही हत्या

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन विवश मुख्यमंत्री, नही मिल रहा पार्टी में तवज्जो

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा, दलित,आदिवासी विरोधी है। श्री बाउरी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव नही कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव लंबित हैं। विगत दिनों रोशनी खलखो की जनहित याचिका पर कोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर चुनाव कराने के निर्देश दिये थे। लेकिन राज्य सरकार ने उल्टे ट्रिपल टेस्ट के बहाने समय पार करते हुए याचिका खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ नही है। ये सरकार नगर निकायों के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना चाहती है। सरकार को पता है कि बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव नही कराये जा सकते। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अन्य संवैधानिक संस्थाओं का भी गठन नही कर रही । सिर्फ गलत बयानी कर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। सूचना आयुक्त के संबंध में भी गलत सूचनायें दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले रोज उसकी हत्या करते हैं। इनका इतिहास पुराना है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने 30वर्षों से लंबित पंचायत चुनाव कराकर लोकतंत्र को मजबूत करते हुये जनभागीदारी सुनिश्चित कराई थी। रघुवर सरकार ने निकाय चुनाव संपन्न कराये थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी पार्टियां और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। जनता आगामी लोकसभा चुनाव में 14लोकसभा सीट एवम गांडेय सीट पर एनडीए को जीत दिलाकर ठगबंधन को सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन राज्य सरकार की ओर से गलत शपथ पत्र दायर करने वाले, भ्रम फैलाने वाले लोगो पर लगाम लगायें।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ऐसा कितना कर पायेंगे, ये समय बतायेगा। क्योंकि उन्हें पार्टी में ज्यादा तवज्जो नहीं मिल रहा है। अभी तो लाइम लाइट में पार्टी मैडम कल्पना सोरेन को रख रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

### भाजयुमो के युवा संवाद में बोले बाबूलाल मरांडी

# मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरू बनेगा भारत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से मंगलवार को रांची में युवा संवाद का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रचुर संसाधनों के होने के बावजूद बीते 70 सालों में यूपीए सरकार ने जो नहीं किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महज 10 सालों में पूरा किया। उन्होंने कहा कि नमो ने सिर्फ घोषणायें और संकल्प पत्र जारी करने का ही काम नहीं किया। बल्कि उन्हें धरातल पर उतारा भी। खासकर युवाओं के लिये रोजगार के अवसर सृजित किये। उन्होंने कहा कि पीएम नमो के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की राह पर है। वर्तमान समय में उद्यमिता को बढ़ावा देने से कुशल और प्रशिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी की स्थिति नहीं है।

पीएम ने युवाओं की ओर ध्यान देते हुये स्कील इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना समेत कई योजनाओं की शुरूआत की है। इसका परिणाम है कि राष्ट्र के उद्यमी युवा अन्य युवाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हैं।

### युवाओं के प्रयास से समग्र विकास संभव : संजय सेठ



सांसद संजय सेठ ने युवाओं के प्रयास से समग्र विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान की केन्द्र सरकार युवाओं की भी सुनती है और उनसे कॉन्सेप्ट लेकर योजनाओं का निर्माण करती है। इंफ्रास्ट्र^ र डेवलपेंट पर रांची ही नहीं, बल्कि पूरे देश में तेजी से विकास हुआ है। चाहे बुलेट ट्रेन परिचालन की बात हो या फिर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की, चाहे सड़कों से शहरों और नगरों को जोड़ने की बात हो या फिर फ्लाईओवर और ओवर ब्रिज निर्माण की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। किसी भी देश का आकलन, उसकी अर्थव्यवस्था से मापा जाता है। लेकिन वर्तमान में भारत देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान पर है। जल्द ही यह दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मौके पर सांसद संजय सेठ, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भाजयुमो रांची नगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह और अन्य भी उपस्थित थे।

# जेएमएम ने कहा, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की तरह हेमंत को फंसाया गया, कोर्ट करेगा इंसाफ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सोमवार को सुनवाई के दौरान आरोपियों को राहत देने के मामले में झामुमो ने खुशी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले को रद्द करते हुए कहा कि शिकायत आयकर अधिनियम के अपराध पर आधारित थी, यह पीएमएलए के तहत शेड्यूल अपराध नहीं माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साजिश कर जिस तरह से कांग्रेस सरकार को अस्थिर किया गया। छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले को पीएमएलए के मामले को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। अब यह बात साफ हो गयी है कि बीजेपी कंगारू के रूप में सामने आई है और पीएम ने झोला ले लिया है। झोले में इडी, सीबीआइ और भ्रष्टाचारियों को भर लिया है।

**इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है फैसला :** अदालत पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा द्वारा उनके खिलाफ आयकर छापे के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू करने के एजेंसी के कदम के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। इडी 2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले की जांच कर रही है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला 2022 के आयकर विभाग के आरोप पत्र से सामने आया था।

### हेमंत को चुनाव नजदीक आने पर जेल में डाल दिया गया : जेएमएम

जेएमएम ने कहा कि बीजेपी की चाल सुप्रीम कोर्ट ने पकड़ लिया और इलेक्ट्रल बांड को गलत साबित कर दिया। उसी प्रकार हमारे नेता हेमंत सोरेन के साथ हुआ, जब चुनाव नजदीक आया तो उन्हें जेल में डाल दिया गया, ताकि चुनाव प्रचार नहीं कर पायें। राज्य के साहू परिवार पर आइटी छापा पड़ा और पीएम ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया था, उसका क्या हुआ। क्योंकि उन्होंने आयकर विभाग को पूरा हिसाब दे दिया था। सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सोरेन के चरित्र को बदनाम करने की कोशिश केंद्र सरकार द्वारा किया गया। जब हमने चोरी पकड़ी और आवाज उठाया तो उन्हें जेल में डाल दिया गया। अडानी को खनन करने के लिए हमारे नेता को जेल में डाला गया। अब बीजेपी की साजिश खुल कर सामने आ गई है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट बहुत -बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। सुप्रियो ने कहा कि पीएम अपने 10 साल के कार्यों के हिसाब दें और अपनी तरफ से किये गये भ्रष्टाचार की जानकारी भी दें।

# सद्दाम की गिरफ्तारी और रिकॉर्ड रूम की चोरी के मुद्दे पर झामुमो खामोश क्यों : प्रतुल

### भाजपा का झामुमो के बयान पर पलटवार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सद्दाम की गिरफ्तारी के पहले हुई रिकॉर्ड रूम में रहस्यमय चोरी की सीबीआई जांच की राज्य सरकार अनुशंसा करे। श्री शाहदेव मंगलवार को झामुमो के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेता, प्रवक्ता दुनिया भर का ज्ञान बांटते हैं । लेकिन आज जब हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ के बेनामी जमीन मामले में फर्जी कागजात तैयार करने वाले सद्दाम की गिरफ्तारी हुई तो पूरी पार्टी को सांप सूंघ गया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हाई सिक्युरिटी जोन में स्थित रिकॉर्ड रूम से खतियान और पंजी टू की बड़ी संख्या में चोरी की सूचना आई। उस मुद्दे पर भी झामुमो खामोश रही। उन्होंने कहा कि पूछे जाने पर भी झामुमो नेता सद्दाम की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम द्दष्टया ये प्रतीत हो रहा है कि सद्दाम की गिरफ्तारी के पहले रिकॉर्ड रूम में हुई चोरी के तार जुड़े हुये हैं। उन्होंने कहा कि बताया जाता है कि जिस समय भानु प्रताप और सद्दाम हुसैन के घर पर 13 अप्रैल 2023 को ईडी ने छापे मारे थे, तो उस समय दोनों के घर से डायरी में कैश ट्रांजेक्शन के आदान-प्रदान का डिटेल, फर्जी डीड, ओवरराइटिंग किये हुये डीड आदि बरामद हुए थे। उन्होंने कहा कि यह भी आरोप लगा था कि सद्दाम हुसैन हेमंत सोरेन के बड़गाई वाली 8.86 एकड़ की जमीन के फर्जी वाड़े के मास्टरमाइंड में एक है। उस समय यह भी सूचनाओं आई थी कि सद्दाम हुसैन के पास से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद हुए थे, जो सीधे तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 8.86 एकड़ की प्रॉपर्टी से उसके लिंक को जोड़ता था। आज कोर्ट ने भी ईडी को सद्दाम हुसैन की रिमांड दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मांग करने के बावजूद राज्य सरकार ने अभी तक रिकॉर्ड रूम में चोरी की सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं किया। जबकि चोरी की घटना के समय सीसीटीवी का ऑफ होना, बिना ग्रिल कटे लोगों का अंदर आना।

### आदित्यपुर के 23600 घरों में सीवरेज पाइपलाइन से कनेक्शन जल्द,15.68 करोड़ होगा खर्च

**रांची।** 15.68 करोड़ की लागत से आदित्यपुर नगर निकाय में अवस्थित 23600 घरों में सीवरेज गृह संयोजन योजना पर काम होगा। नगर विकास विभाग ने इसकी स्वीकृति दी है। अभी केंद्र प्रायोजित अमृत योजना अंतर्गत आदित्यपुर सीवरेज प्रबधन परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न क्षमता के चार एसटीपी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा पांच इंटरमीडिएट सीवर पंपिंग स्टेशसन का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही 135 किमी सीवरेज नेटवर्क पाईप लाइन बिछाया जा रहा है। किन्तु इस योजना अंतर्गत सीवरेज गृह संयोजन का प्रावधान नहीं है। ऐसे में विभाग ने 23600 घरो में गृह संयोजन देने की योजना तैयार करायी। बताते चलें कि केंद्र प्रायोजित सीवरेज प्रबंधन परियोजना के लिए 24054.92 लाख रुपये की स्वीकृति 2017 में दी गयी थी। परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है।

### रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर के लिये जेबीवीएनएल 98 करोड़ करेगा खर्च

**रांची।** जेबीवीएनएल ने साल 2024 -25 में स्मार्ट मीटर पर 98.86 करोड़ रुपये खर्च करने की याजना तैयार की है। इसमें रांची में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 61 करोड़ शामिल है। राजधानी समेत धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम का लक्ष्य है इस साल राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाये। धनबाद में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 28 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जानकारी हो कि राजधानी रांची में 2022 के अंतिम दिनों से स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जबकि धनबाद में दो महीने पहले स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से राजधानी रांची में एजेंसी जीनस सेक्योर की ओर से स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन कार्य किया जा रहा है। राजधानी में अब तक एक लाख 75 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है, जबकि धनबाद में 2500 स्मार्ट मीटर लगाये गये है। समय-समय में जेबीवीएनएल की ओर से रांची में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की समीक्षा की जाती है। जहां एजेंसी जीनस सेक्योर को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया जाता है। ऐसे में जेबीवीएनएल की ओर से स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन कार्य इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बता दें कि रांची में तीन लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जाने है। स्मार्ट मीटर मुख्य रूप से शहरी इलाकों में लगाया जा रहा है। राजधानी में कुछ स्मार्ट मीटर अब प्री पेड मोड में भी काम करना शुरू कर दिया है। वहीं धनबाद में कुल डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे।

### आजसू ने गोड्डा लोकसभा के लिए सह प्रभारी नियुक्त किये

**रांची।** आजसू पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के लिए सह प्रभारी नियुक्त किये गये हैं, इनमें देवेन्द्र महतो, संजीव कुमार महतो, प्रदीप मंडल, राजा साहनी, महेश राय, ध्रुव शाह, बिनोद कुमार, अरूण कुमार महतो शामिल हैं। सह प्रभारियों कि नियुक्ति आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव रामचन्द्र सहिस ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश के बाद जारी किया है।

# राज्य के सभी सदर अस्पतालों में होगी आईसीयू के बेड की सुविधा

## सेवा विस्तार की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग, सीएस को मिला टास्क

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के सभी सदर अस्पतालों में आईसीयू के बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसे लेकर तैयारी चल रही है। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एव परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने इसे लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और सेवा विस्तार को अमली जामा पहनाने का आह्वान किया। आईपीएच सभागार में आयोजित इस बैठक में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन तथा सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक ने प्रतिभागी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव ने कहा कि एसी/ डीसी बिल का लंबित मामला का निष्पादन तथा मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना में ससमय लक्ष्य बनाकर कार्यों को करें।

**मरीजों के ईलाज में कोताही न करें :** उन्होंने कहा कि अस्पताल चलाने तथा मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं करनी है। एसआरएल, मेडाल तथा हेल्थ मैपिंग के कार्यों को एग्रीमेंट के अनुरूप निरीक्षण करें। मौके पर राज्य के सभी सदर अस्पतालों में आईसीयू बेड की सुविधा को विस्तार करने के लिए सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इनमें बुनियादी ढांचा-सीएसएस, केंद्रीय क्षेत्र, राज्य योजनाएं, 10 बेड का आईसीयू, मेडिसिन, डायग्नोस्टिक, आईटी-औषधि, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, आईटी जैसे विषय थे। साथ ही जनशक्ति- डॉक्टर, विशेषज्ञ डॉक्टर, पैरामेडिक्स, बी एससी नर्सें, जीएनएम, योजनाएं और कार्यक्रम-एनएचएम, आयुष्मान, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, सिकल सेल, कर्क, टीबी तथा अवमानना के मामले, ऑडिट पर भी चर्चा रही। 15वें वित्त के इंप्लीमेंटेशन, भारत डिजिटल मिशन, तथा अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर आलोक त्रिवेदी (अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड), जय किशोर प्रसाद (विशेष सचिव, अपर अभियान निदेशक), विद्यानंद शर्मा पंकज सहित अन्य पदाधिकारियों के अलावा सभी जिलो के सिविल सर्जन तथा अन्य भी उपस्थित थे।

### कैशकांड के आरोपी की एबीपी पर आंशिक सुनवाई हुई

**रांची।** कोलकाता कैश कांड में आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुये आरोपी को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। सीबीआई की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

**खबर एक नजर में**

### हाइकोर्ट के आदेश के बाद मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान जल्द करेगा विभाग

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के मनरेगा कर्मियों के बकाया का भुगतान जल्द करने का निर्णय लिया है। विभाग ने बकाया मानदेय भुगतान की प्रक्रिया तेज कर दी है। चतरा जिला में मनरेगा का काम कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों को पहले बकाया भुगतान किया जायेगा। इन्हें जून 2022 से ही मानदेय नहीं मिल रहा है, ऐसे में अब लगभग 23 माह का बकाया भुगतान इन्हें किया जायेगा। बता दें कि तीन अप्रैल को झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान देने का आदेश दिया था। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने मानदेय का भुगतान कर मनरेगा आयुक्त को शपथ पत्र दायर करने को कहा है। अदालत ने कहा था कि जब प्राथी काम कर रहे हैं विभाग उनसे काम ले रहा है तो जून 2022 से उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया। मामल में विजेता तिवारी और 11 अन्य ने याचिका में कहा है कि प्रार्थी चतरा जिले में ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर हैं- 2007 से सभी अपनी सेवा दे रहे हैं, लकिन जून 2022 से बाद से उन्हें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग जल्द राशि का प्रावधान कर बकाया मानदेय का भुगतान करने के बाद हाइकोर्ट को इसकी जानकारी देगा।

### भाजपा का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में चुनाव आयोग जाकर चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रदेश भर में धारा 107 का दुरुपयोग किया जा रहा है। चुनाव आयोग की आड़ मे धारा 107 का जिला प्रशासन द्वारा मनमानी किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल मे प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजुर, लक्ष्मी कुमारी, चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता प्रकाश झा शामिल थे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**
**(निःशुल्क सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु)**

**विशेष लोक अदालत**
**बिजली से संबंधित मामलों एवं**
एन. आई. एक्ट (चेक बाउन्स) के मामलों का
दिनांक– 27 अप्रैल 2024 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा, समय– 08:00 बजे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत में निम्न दो प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

1. धारा 138 एन आई एक्ट (चेक बाउन्स) मामले 2. बिजली से सम्बंधित मामले

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों एवं बिजली से संबंधित मामलों को विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का प्रयास करें ।

नोटः–उक्त विशेष लोक अदालत हेतु दिनांक 21 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक बिजली एवं एन0 आई0 एक्ट चेक से संबंधित मामलों का Pre Lok Adalat पूर्वाह्न 08:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में चलेगा।

| सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा | पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जि0 वि0 से0 प्रा0, | उपायुक्त सह सिमडेगा उपाध्यक्ष | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा |
|---|---|---|---|

निवेदक–जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 323687 Simdega(24-25)#D

# फुटबॉल के शौकीन विजय हांसदा ने राजनीति की पिच पर बचाई थी झामुमो की लाज

## कांग्रेस नेता के घर जन्मे विजय हांसदा राजमहल से झामुमो के सांसद बने, क्षेत्र के विकास पर खर्च कर चुके हैं करोड़ों की राशि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ थॉमस हांसदा के पुत्र विजय हांसदा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर आदिवासियों के लिए आरक्षित राजमहल संसदीय सीट से लगातार दो बार लोकसभा के लिए चुने गये। इनके माता-पिता दोनों कांग्रेस के नेता रहे। मां अभी भी कांग्रेस पार्टी में सक्रिय है, लेकिन विजय हांसदा पिछले करीब 10 साल से झामुमो की राजनीति कर रहे हैं और मोदी लहर में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों को पराजित कर अपना नाम देश की राजनीतिक पटल पर उकेरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। 2019 के लोकसभा चुनाव में विजय ने 5,06,107 मत प्राप्त किया था और उन्होंने 98,890 मतों के अंतर से भाजपा के हेमलाल मुर्मू को हराया था। हेमलाल को 4,07,217 वोट मिले थे। राजमहल सीट से कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। युवा नेता विजय हांसदा का जन्म साहिबगंज जिले के बरहड़वा कलातल्ला गांव में 27 अक्टूबर 1982 को हुआ। पिता थॉमस हांसदा, माता शांति सरोजिनी मुर्मू के सिद्वांतों पर चलकर अमिट छाप छोड़ी है। फुटबॉल के शौकीन विजय हांसदा वर्ष 2019 से संसद की कई कमेटियों के सदस्य रहे। 16 सितंबर 2019 को ज्वाइंट कमेटी ऑन ऑफिसेज ऑफ प्रॉफिट के सदस्य बने। 13 सितंबर 2019 से वह कोयला खदान और स्टील पर स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य, गृह मंत्रालय के कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य बने। मई 2019 में 17वीं लोकसभा के लिए लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए। 12 मार्च 2015 से 25 मई 2019 तक वह लाइब्रेरी कमेटी के सदस्य रहे, कोयला मंत्रालय की कंसल्टेटिव कमेटी में सदस्य, ग्रामीण विकास विभाग की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य रहे। पहली बार विजय हांसदा 16वीं लोकसभा के लिए मई 2014 में सांसद चुने गए थे।



**इन बहसों में लिया हिस्सा :** राजमहल के सांसद ने रूल 377 के तहत वर्ष 2021 की जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड विषय पर चर्चा में हिस्सा लिया था। वे आम बजट में रेल मंत्रालय से जुड़ी बहस में हिस्सा लिया। उन्होंने संसद में 23 प्रश्न पूछे थे। इनमें 2 तारांकित और 21 अतारांकित प्रश्न था। भारत के अलग-अलग हिस्सों के अलावा विदेश भ्रमण करने में उनकी रुचि है। नेपाल और भूटान की यात्रा उन्होंने की है।

### इतनी योजनाओं की अनुशंसा की

लोकसभा की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2019-20 में उनके संसदीय फंड से 2.50 करोड़ रुपए जारी किये गये। कुल 2.34 करोड़ रुपये खर्च हुए। 161 कार्यों की अनुशंसा सांसद विजय हांसदा ने की, जिसमें से 107 काम पूरे हो चुके हैं। वर्ष 2022-23 में विजय हांसदा ने 231 कार्यों की अनुशंसा की थी। इनमें से 201 काम पूरा हो चुका था।

# हिन्दू नववर्ष : छात्रों ने निकाली शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र का स्वागत मंगलवार को लोगों ने पूरे उत्साह के साथ किया। इस मौके पर विभिन्न संगठनों ने नववर्ष का स्वागत भव्य रूप से किया गया। मंगलवार की अहले सुबह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

स्कूल के प्रधानाचार्य अनांद कमल ने नेतृत्व किया। शोभायात्रा में विद्यालय के शिक्षक नलिन सिंह, राजीव तिवारी, राजेन्द्र बरनवाल सहित कई शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र छात्राएं भी शामिल हुई। सभी ने भगवा ध्वज थामे हुए राष्ट्रभक्ति के साथ भगवान श्रीराम का जयकारा लगाते नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा की अगुवाई पैरेंट बैंड की टीम कर रही था। वाहन पर भारत माता के साथ भगवान श्रीराम और आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर केशव बलि राम हेडगेवार की झांकी को भी शामिल किया गया था। शहर के कई हिस्सों में बरनवाल सेवा समिति, बरनवाल महिला समिति व राष्ट्रीय कायस्थवृंद की ओर से शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा के साथ ही छात्र छात्राओं के लिए शीतल पेय व अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। टॉवर चौक के पास राष्ट्रीय कायस्थवृंद के चंदन सिन्हा, अभय सिन्हा, शिवेंद्र सिन्हा ने लस्सी और पेयजल का वितरण किया।



## सशिमं श्यामडीह में मना हिन्दू नववर्ष

कतरास। सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में विक्रम संवत 2081 पर नववर्ष समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के सचिव विक्रम राजगढ़िया ने भारत माता के वंदन पूजन के साथ समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नव वर्ष का स्वागत करते हुए विचार प्रस्तुत किये। मंच का संचालन जटाशंकर मिश्र ने किया। उन्होंने बताया कि सृष्टि का प्रारम्भ आज के दिन हुआ था। चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य का जन्म भी आज ही के दिन हुआ। वहां से इस काल की गणना की गई इसीलिए इसे विक्रम संवत भी कहा गया। वर्ष प्रतिपदा के इस अवसर पर विद्यालय के सचिव विक्रम राजगढ़िया एवं प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं, सिक्षिक-शिक्षिकाओं सहित विद्यालय परिवार को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में मना नववर्ष प्रतिपदा उत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में नववर्ष प्रतिपदा संवत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मधुबन बस्ती में प्रभात फेरी निकाली। विद्यालय में धनबाद जिला सह बौद्धिक प्रमुख डा सुनील कुमार ने बच्चों को इस नव वर्ष के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन पूरे विश्व में नव वर्ष मनाया जाता है। प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए कटिबद्ध है। हमारी पीढ़ी 1 जनवरी को ही सिर्फ नव वर्ष के रूप में जानती है। विद्या भारती का यह प्रयास रहता है कि हिंदू नव वर्ष को सभी लोग जानें।

## अन्नपूर्णा देवी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

गिरिडीह। हिन्दू नववर्ष व कलशस्थापन के मौके पर कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पचंबा के तुलसी भवन में किया गया। मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा प्रभारी विकास प्रितम आदि मौजूद थे।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान ने नववर्ष पर निकाली शोभायात्रा

हिन्दू नववर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान के आचार्य सद्गुरु स्वतंत्र देवजी महाराज एवं संत श्री विज्ञान देवजी महाराज की अगुआई में नव वर्ष पर शोभा यात्रा निकाली गई, जो कतरास के सूर्य मंदिर के प्रांगण से आरंभ होकर पंजाबी मोहल्ला,पंचगढी. बाजार, कतरास थाना चौक होते हुए पुनः सूर्य मंदिर पहुंची। इस दौरान सभी गुरु भाई, गुरु बहन अपने माथे पर महाग्रंथ रखे हुए थे। सभी हाथ में 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा लहराते हुए गाजे बाजे के साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा में जिला के प्रधान संयोजक पप्पू सिंह, संयोजक आरके अम्बष्ठा ,सह संयोजक एपी शेखर, किशोरी गुप्ता, सती केशरी, गीता सिंह, गीता महतो, संगीता वर्णवाल, पूनम कश्यप, मुकुंद राम गुप्ता, डा. रंजीत, डा. मिथिलेश, अंजू सिंह, बह्मदेव सिंह, एमपी सिंह, रेखा केशरी, अखिलेश महतो, ओपी सिंघम, सीता राम केशरी, तरुण मुखिया, ममता गुप्ता आदि शामिल थे। अंत में सद्गुरु देवकी वन्दना , आरती, शांति पाठ, जयघोष के बाद महाप्रसाद वितरण कर समारोह का विसर्जन किया गया।



## स्पीड न्यूज

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी को बीस वर्ष कैद

धनबाद। नाबालिक से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सहाना खरखरी निवासी राकेश महतो को बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के माता के शिकायत पर मधुबन थाने मे सात अप्रैल 22 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 31 मार्च 22 को पीड़िता कपड़ा सिलवाने की बात कह कर घर से निकली परंतु शाम तक वापस घर नहीं आई खोजबीन पर पता चला कि राकेश महतो शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया है ।आरोप था कि आरोपी ने पीड़िता को चार महीने तक हरियाणा में रखा उसके साथ विवाह किया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 15सितंबर 22 को राकेश के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 21 नवंबर 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी सुनवाई के दौरान अभियोजनने कुल सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा 15 को

धनबाद। नाबालिक से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चांदमारी धनसार निवासी मुरारी शर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए पन्द्रह अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के मां के शिकायत पर धनसार थाने में 24 अक्टूबर 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 23 अक्टूबर 23 आरोपी पीड़िता को लेकर अपने घर ले गया आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को दो घंटे तक अपने घर मे रखा उसके साथ गलत हरकत किया पीड़िता ने यह बात अपने मां को बताई ।इसके बाद मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई अनुसंधान के बाद पुलिस ने 6 दिसंबर 23 को आरोप पत्र दायर किया था ।14 दिसंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### सुरेश हत्याकांड में हुई सुनवाई

धनबाद। बहुचर्चित कोयला कारोबारी और कांग्रेस नेता सुरेश सिंह हत्याकांड की सुनवाई मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुईणअदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। !गौरतलब है कि 7 दिसंबर 11 की रात्रि धनबाद क्लब में रोहित सिंह के रिसेप्शन पार्टी में सुरेश सिंह को गोली मार कर हत्या कर दी गई।

### गोशाला से दो गाय की चोरी

मैथन। निरसा थाना क्षेत्र के हरियाजाम निवासी जवाहर रजक के गौशाला से सोमवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दो गाय चुरा ली। इस संबंध में जवाहर रजक ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जवाहर रजक ने बताया कि सोमवार की रात्रि 11 बजे वह अपने दो गाय को घर के बगल में बने गौशाला में बांधकर घर सोने चले गए। मंगलवार की सुबह लगभग 3 बजे जब वह गौशाला पहुंचे तो देखा कि उनके गौशाला से दो गाय गायब है। उन्होंने काफी खोजबीन की परंतु उन्हें उनकी गए नहीं मिली। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उनकी लगभग तीन से चार गाय की चोरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गाय का दूध बेचकर उनका रोजी.रोटी चलता है। गाय चोरी हो जाने से उनके समझ रोजी-रोटी की समस्या आज खड़ी हुई है।

# पिस्टल लेकर घूम रहे अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**झरिया के मोहरीबांध में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से घूम रहा था अपराधी**

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरीबांध में सोमवार की रात किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से पिस्टल लेकर घूम रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा के साथ दो कारतूत भी बरामद किया है। गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी है यह तीन बार जेल जा चुका है। ये उक्त जानकारी सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने मंगलवार को तीसरा थाना में प्रेसवार्ता के दौरान बताया। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहरीबांध के पास कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जमा हुए थे जो पिस्टल लेकर घूम रहे है। इस दौरान सिंदरी अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया जिस दौरान अनील चौहान उर्फ कारू चौहान हथियार के साथ पकड़ा गया है अन्य दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस संबध में तीसरा थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। साथ ही इसमें संप्लित अन्य लोगों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है छापामारी टीम में तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमारए घनुडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# रिटायर्ड जीएम से 9 लाख 95 हजार की ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

**● पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोबाइल भी कर लिया बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। बीसीसीएल के सेवानिवृत्त जीएम एके दत्ता से 9 लाख 95 हजार 100 रुपये की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को साइबर पुलिस ने मुंगेर से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी बिहार में मुंगेर के अलग-अलग स्थानों के रहने वाले हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों को मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपियों ने कांड में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। बता दें कि ठगों ने पूर्व जीएम को फोन कर कहा था कि ऑनलाइन बैंकिंग के लिए 42 हजार रुपये का चार्ज उन पर है। बैंक की एक स्कीम है, जिससे यह चार्ज माफ हो जाएगा। साइबर ठगों ने पूर्व जीएम को झांसे में लेकर उनसे 9 लाख 95 हजार रुपये की ठगी कर ली थी। इस मामले को लेकर ग्रामीण एसपी ने एक टीम गठित की थी। अनुसंधान में मिले साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम मुंगेर गई थी। पुलिस ने कासिम बाजार से गुलशन कुमार, बेटवान बाजार से गौरव कुमार और बेलन बाजार से आदित्य कुमार को दबोच लिया। तीनों के पास से मोबाइल, पासबुक, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान जब्त किए गए हैं। पुलिस ने तीनों को मंगलवार को जेल भेज दिया।

## एक नजर में

### जियलगोरा भूली क्वार्टर से युवती लापता



**लड़की की मानसिक हालत ठीक नहीं थाने में शिकायत**

जोड़ापोखर। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के नौर्थ जियलगोरा भूली क्वार्टर निवासी सुलोचन पासवान की विक्षिप्त छोटी 20 वर्षीय पुत्री राखी कुमारी रविवार की रात से गायब है। पिता ने पुत्री की काफी खोजबीन की। जब कहीं नहीं मिली तो मंगलवार को जोड़ापोखर थाना में गुमशुदगी की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को जब उनकी आंख खुली तो पता चला कि घर का दरवाजा खुला पड़ा है और उनकी पुत्री घर से गायब है। उन्होंने बताया कि पुत्री की मानसिक हातत ठीक नहीं है। कुछ दिन पहले ही उसने खुद ही अपने बाल काट लिये हैं। वह सफेद रंग की सलवार शूट पहनी हुई है। पुलिस मामले की जांच के साथ लड़की की खोजबीन में जुट गई है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गोसेवा से की नववर्ष की शुरुआत





कतरास। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की कतरास नगर इकाई ने मंगलवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2081 पर नववर्ष बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने कांको स्थित श्री गंगा गोशाला में गोमाता को रोटी, गुड़, केला आदि खिलाकर नववर्ष का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के झारखंड प्रांत विश्वविद्यालय सह संयोजक शिवम रवानी, धनबाद के विभाग संयोजक शिवम सिंह, कतरास नगर मंत्री काजल कुमारी, कतरास कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, मंत्री सुशांत कुमार, विक्रम बजरंगी, गोपाल केवट, अनिकेत गुप्ता, संदीप चौहान, आलोक सिन्हा, प्रियांशु मोदी, चंद्रशेखर मुर्मू, रोहित राज दे, शुभम हजारी सहित कई र्यकर्ता मौजूद थे।

### गायत्री महायज्ञ में पहुंचे इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो



कतरास। अखिल विश्व गायत्री परिवार कतरास के तत्वावधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को गुहीबांध हीरक कैम्प स्थित प्रज्ञा गायत्री मंदिर में प्रात: हवन पूजन के मौके पर इंडिया गठबंधन के गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो भी पंहुचे। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रभु के चरण में मत्था टेका व जीत का आशीर्वाद मांगा। गायत्री मंदिर परिवार ने श्री महतो का पुष्प वर्षा व गंगा जल छिड़काव कर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, मजदूर नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, मदन महतो, दिनेश महतो, रामू शर्मा, बाल गोविंद राम गुप्ता, सुरेश महतो, शौकत खान, संजय महतो, शक्ति महतो, दर्शन राम गुप्ता, अजीत गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, वीनु गुप्ता, बिनु समाल चक्रवर्ती आदि मौजूद थे.

### पथरगड़िया पंचायत की दर्जनों महिलाओं ने थामा जन शक्ति दल का दामन



कतरास। कतरास के काको स्थित जन शक्ति दल के प्रधान कार्यालय में पथररगड़िया पंचायत की दर्जनों महिलाओं ने सूरज महतो के विचारों पर आस्था रखते हुए जन शक्ति दल की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के अध्यक्ष सूरज महतो ने सभी महिलाओं को संगठन में शामिल करते हुए कहा कि लोगों का जिस तरह भरपूर सहयोग मिल रहा है,उससे बाघमारा में विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य यहां रुके पड़े हैं, उसे आपसी सहयोग से पूरा कराने का प्रयास करेंगे।

# नीम के पेड़ से गिर रहा है दूध जैसा पदार्थ, लोगों ने शुरू की पूजा-अर्चना

**● बड़ी संख्या में लोग पेड़ के दर्शन के लिए पहुंचे, आदिवासियों में ज्यादा उत्साह**

खबर मन्त्र संवाददाता



मैथन। निरसा थाना क्षेत्र के पालूडीह गांव के आदिवासी बहुल केंदुलीटोला में नीम के पेड़ से दूध टपकने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव एवं दूर दराज के लोगों ने इसे दैवीय चमत्कार मानकर नीम के पेड़ के नीचे मंगलवार को वसंती नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना शुरू कर दी है। यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में लोग पेड़ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 2 अप्रैल को मां शीतला पूजा के दिन गांव के कुछ बच्चे उक्त नीम के पेड़ से सुबह दातुन तोड़ने पहुंचे। बच्चों ने देखा कि नीम के पेड़ की एक टहनी से दूध जैसा सफेद तरल पदार्थ बूंद बूंद कर जमीन पर टपक रहा है। बच्चों ने ग्रामीणों जानकारी दी। धीरे धीरे यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। पेड़ से टपकते हुए दूध जैसे तरल पदार्थ को देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ी संख्या में लोग रोजाना यह चमत्कार देखने पहुंच रहे हैं। वहीं आदिवासी समुदाय के लोगों ने श्रद्धा भाव से नीम के पेड़ के नीचे स्थापित कलश की पूजा अर्चना शुरू कर दी है। गांव की दुलारी किस्कू, महादेव हेंब्रम, सोनाराम किस्कू, मैनेजर किस्कू, सोनाराम किस्कू ने बताया कि पालुडीह गांव एवं केंदुलीटोला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। आदिवासी लोग नीम के पेड़ को देव स्वरूप मानते हैं। मां शीतला पूजा के दिन ऐसी घटना देवी मां का चमत्कार है। ग्रामीणों के सहयोग से नीम के पेड़ के नीचे मां का मंदिर स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। सूचना पाकर पलारपुर पंचायत की मुखिया अपर्णा देवी एवं झामुमो नेता तपन तिवारी भी पहुंचे तथा उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



**स्वाद में मीठा है पेड़ से निकल रहा तरल पदार्थ**

आश्चर्य यह है कि नीम की डाली से गिरने वाला दूध जैसा तरल पदार्थ मुंह में रखने पर मीठा लगता है। परंतु सूंघने पर नीम के प्राकृतिक गुण जैसा कड़वा सुगंध आता है। जिस स्थान पर दूध गिर रहा है,वहांा की जमीन काली पड़ गई है।

# जीतपुर निवासी सेना के जवान की ड्यूटी पर मौत, कारण अज्ञात



जोड़ापोखर। जामाडोबा जीतपुर निवासी सह टाटा के अवकाश प्राप्त कर्मी गजेंद्र सिंह का 34 वर्षीय पुत्र आर्मी के जवान प्रज्ञा नंद सिंह की मौत ड्यूटी के दौरान जम्मू कश्मीर स्थित उधमपुर कैम्प में हो गई। घटना कैसे घटी परिजन इसकी जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की देर रात उनके पिता गजेंद्र सिंह के मोबाइल पर आर्मी के अधिकारियों का फोन आया था, जिसमें पुत्र के मौत की सूचना मिली। पिता गजेंद्र आनन फानन में जम्मू के लिए उसी वक्त रवाना हो गए। मृतक का बड़ा भाई पुष्प नारायण सिंह भी आर्मी में पंजाब के अम्बाला में पदस्थापित है। वह भी भाई की मौत की खबर सुनकर जम्मू कश्मीर पहुंच गए हैं। मृतक का माझिल भाई मनोज कुमार सिंह ईसीएल में कार्यरत है। सूचना घर के परिजनों को नहीं दी गई है। घर में मां सुनैना देवी, मृतक की पत्नी निक्कू देवी तथा एक वर्ष का पुत्र आयंस है। शव बुधवार को कलकत्ता एयरपोर्ट पहुंचेगा। वहाँ से उसे जीतपुर लाया जाएगा। उसके पश्चात ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## बरवाअड्डा पुलिस ने जब्त की शराब

धनबाद। बरवाअड्डा पुलिस ने मुराडीह आमटांड में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना पर करवाई करते हुए शराब जब्त किया। सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर बीयर की 10 बोतलए मेकडोवेल नंबर वन 375 एलएल 9 पीस व मेकडोवेल नीभ 33 पीस जप्त किया ।बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जायेगा। पुलिस कार्रवाई में एसआइ अजय महतो एएसआइ राम विनय पासवान आदि शामिल थे।



# मुझे टिकट मिलने से कुछ लोगों के पेट में हो रहा है दर्द : ढुल्लू महतो

**हत्या, अपहरण, लूट और डकैती जैसा कोई संगीन मामला नहीं है**

खबर मन्त्र संवाददाता





मैथन। भाजपा एग्यारकुण्ड मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को एग्यारकुण्ड मोड़ में हुई, जिसमें भाजपा के धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो मौजूद थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने जो उनपर भरोसा दिखाया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। धनबाद की जनता व कार्यकर्ताओं के लिए हर सुख दुख में खड़ा रहेंगे। मुझे टिकट मिलने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। मुझ पर जितना भी केस हो जाए, मैं हमेशा जनता और कार्यकर्ताओं के लिए लड़ता रहूंगा। हत्या, अपहरण, लूट और डकैती जैसा कोई संगीन मामला उनपर नहीं है। बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक व बूथ अध्यक्ष से कहा कि अबकी बार धनबाद से रिकॉर्ड 10 लाख वोट से ढूल्लू महतो को जिताना है। बैठक की अध्यक्षता एग्यारकुण्ड मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने की। मौके पर धनबाद जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती, चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन डब्लू बाउरी, मन्नु तिवारी, प्रशांत बनर्जी, जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, विनोद दास, अजय चौधरी, राजेश सिंह, अजय तिवारी, दशरथ साव आदि मौजूद थे।

## मैथन में ढुल्लू महतो का स्वागत

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मैथन क्षेत्र का दौरा किया। लोगों से मिले और आशीर्वाद मांगा। इससे पहले वह मंगलवार की सुबह मां कल्याणेश्वरी की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद मैथन पहुंचे, जहां कालीपहाड़ी चौक और बीएसके कॉलेज के पास कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उन्हों कहा कि जनता के हर सपना को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में जो विकास किया है उसे हम लोग सब मिलकर और ऊंचाई तक पहुंचाएंगे। मौके पर अनिल यादव, प्रशांत बनर्जी, मधुरेंद्र गोस्वामी, देवाशीष महतो, कल्याण सिंह, शफीक खान, धीरज सिंह ,अमर साहू, रविंद्र साहनी गुड्डू सिंह आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### वर्तमान समय में ब्राम्हणों की हो रही अनदेखी : सुरेश चंद्र

**धनबाद।** अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज के प्रदेश महासचिव सरेश चंद्र तिवारी ने वर्तमान राजनीति परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राजनीतिक दलों पर ब्राम्हणों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने बताया कि ब्राम्हणए अनेकता में एकता के प्रतीक हैंए यह समाज ऽारतीय संस्कृतिए वेद. पुराण रीति रिवाज को बचाने के लिए अपना बलिदान दिया है। इस समाज का उद्देश्य हमेशा से ही राजनीति नहीं व्यापार नहीं बल्कि आदर्श रहा है। आज चुनाव के दौर में हर तरफ समाज को आगे रखकर टिकट की मारामारी चल रही है। लेकिन यही एक ऐसा समाज है जो की इस मामले में सबसे पीछे खड़ा है। क्या इनका समाज में कोई महत्व नहीं है। इसपर सऽाी को विचार करने की आवश्यकता है।

### झारखंड जदयू का प्रतिनिधि मंडल नीतीश कुमार से मिला

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के आलोक में राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिला। झारखंड के राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई। नीतीश कुमार ने कहा कि झारखंड की जनता जदयू की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने से लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय महासचिव संजय झा, धनबाद से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिवेणी वर्मा, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश सचिव सरयू गोप मौजूद थे।

# चुनाव की आहट से मतदाता सावधान, कर रहे चाहत का बखान

## किसी की पहली पसंद भाजपा, तो कुछ कांग्रेस प्रत्याशी का कर रहे इंतजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। धनबाद संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लु महतो को लेकर एक ओर जहां राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी के साथ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय लगातार हमलावर बने हुए है, वहीं दूसरी ओर मोदी मैजिक धनबाद के लोगों के सिर चढ़ कर बोल रहा है। खबर मन्त्र संवाददाता ने मंगलवार को जब समाज में सबसे निम्न आय वर्ग के लोगों की नब्ज टटोलने की कोशिश की तो ज्यादातर भाजपा के पक्ष में सिर हिलाते मिले। 25 मई को वोट डालने की बात भी कही। हालांकि कुछ लोग जाति फैक्टर के कारण कांग्रेस का उम्मीदवार सामने आने के बाद विचार करने की बात भी कहते मिले। साफ है कि राजनीतिक गलियारे के साथ समान्य जीवन यापन करने वाले सवर्ण वोटर में भाजपा के उम्मीदवार को लेकर असमंजस की स्थिति है। लेकिन पिछड़ा वर्ग का वोटर मोदी को ध्यान में रखकर वोट डालने की बात स्पष्ट रूप से कह रहा है।

### प्रेम कुमार साव



हीरापुर सब्जी मंडी में आलू-प्याज विक्रेता प्रेम कुमार साव ने बताया कि देश में अभी मोदी का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा के दस साल के शासनकाल में महंगाई, बेरोजगारी की समस्या जरूर उत्पन्न हुई है। लेकिन देशहित में कई अच्छे काम भी हुए हैं। अब जाति, धर्म की नहीं, देश की बात हो रही है। इसलिए इस बार भी मेरा वोट नहीं बदलेगा। स्थानीय उम्मीदवार को नहीं हमलोग देश के नेतृत्व को ध्यान में रखकर वोट करते हैं।

### पूर्णिमा देवी



सब्जी विक्रेता पूर्णिमा देवी ने कहा कि नेता कोई भी बने, हम तो सालों भर सब्जी ही बेचेंगे। लेकिन देश की बागडोर अच्छे लोगों के हाथ में रहे, इसी को ध्यान में रखकर इस बार भी वोट डालेंगे। मोदी सरकार में शौचालय, गैस, अनाज तो मिल रहा है। सुने है नेता भी ठीक है, इसलिए इस बार भी वोट उन्हीं के नाम पर जायेगा।

### खेसारी यादव



सैलून संचालक खेसारी यादव कहते हैं कि वोट तो हर बार डालते हैं, इसबार भी डालेंगे। लेकिन अभी नहीं बतायेंगे कि किसको डालेंगे। धनबाद में अभी तो बड़ा दल में एक ही पार्टी का उम्मीदवार है। सुने हैं वह अच्छा उम्मीदवार नहीं है। अब दूसरा दल किसे उतारता है, देखेंगे, समझेंगे तभी वोट डालेंगे। जाति से कोई मतलब नहीं है, जाति खाने के लिए थोड़े देता है, अपना काम करेंगे तभी पेट भरेगा।

### लालू गुप्ता



सिकंजी विक्रेता लालू कुमार गुप्ता ने बताया कि मोदी देश में अच्छा काम कर रहा है। वही ध्यान में रखकर वोट करेंगे। लोकल उम्मीदवार भ्रष्ट है, यह तो राजनीतिक लोग बोल रहा है। इससे हमको क्या लेना देना, हमलोग तो नेतृत्व को ध्यान में रखकर वोट करते हैं।

### राम सुदेश सिंह



राम सुदेश सिंह का कहना है कि हम लोग तो भाजपा के ही वोटर हैं, लेकिन इसबार स्थिति बदली हुई है। इसलिए अभी कह नहीं सकते कि वोट किसके पक्ष में जायेगा। अभी कांग्रेस का उम्मीदवार सामने आया नहीं है। देखेंगे अच्छा उम्मीदवार होगा तो मन बदल भी जायेगा। वोट हमारा अधिकार है, हमें जो अच्छा लगेगा, उसे अपना मत देंगे।

## धैया में कांग्रेस का जनता दरबार

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ढैयाआज जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया गया।मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि धैयाए कोरंगा बस्ती के लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा एवं भाजपा के क्रियाकलापो पर लोगों ने रोष जताया।श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की रीढ़ हैएहम सबों को मिलकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं पार्टी के द्वारा देश हित में किए गए अनगिनत उपलब्धियां को जन.जन तक पहचाने का दरकार है। देशहित में और गरीबों के उत्थान में किए गए कार्यो में कांग्रेस पार्टी का उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह जिला कार्यालय प्रभारी पप्पू कुमार तिवारी गोपाल कृष्ण चौधरी रवि पासवान रतन कोरंगा बच्चन कोरंगा संजय कोरंगा विवेक कुमार अंकित कुमार पार्वती देवी संजय गोविंद राहुल कोरंगा काकुली देवी शोभा देवी चमेली देवी बुनी देवी रेणु देवी मालती देवी जानकी देवी मौजूद थीं।



# राजगंज में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राजगंज।** नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर मिंगलवार को यहां विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई । 201 कलशों के साथ यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए जोरिया घाट पहुंची, जहां आचार्य ने पूरे विधि विधान के साथ जल भरन कराया। जल भरन के बाद सभी लोग मंदिर परिसर पहुंचे, जहां विधि विधान के साथ कलश रखा गया। यज्ञ बुधवार से शुरू होगा, जो 17 तारीख तक चलेगा। इस दौरान आचार्य विशाल पांडेय द्वारा राम कथा व भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।



## वीर शिवाजी शाखा ने मनाया नव वर्ष

**गोविंदपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वीर शिवाजी शाखा द्वारा मंगलवार को ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में भारतीय नववर्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड संपर्क प्रमुख मिथिलेश पंडित ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती की शकुंतला मिश्रा समेत सरजू राम, आयुष तिवारी, जय प्रकाश मिश्र, रामचंद्र मिश्र, विवेकानंद पांडेय आदि ने विचार रखे। कौशल किशोर सिंह ने मंच संचालन किया।

## गोविंदपुर : पीएमश्री नवोदय विद्यालय बेनागोड़िया में बच्चों का उत्साहवर्धन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** पीएमश्री नवोदय विद्यालय बेनागोड़िया के प्राचार्य सीके ठाकुर ने मंगलवार को प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें करियर की जानकारी दी। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी बेहतर कर रहे हैं । इंजीनियरिंग और मेडिकल में उनका चयन हो रहा है। पेस सेटिंग कार्यक्रम के तहत उन्होंने स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री सामग्री का वितरण किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य दिनेश सिंह ने पीएमश्री नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एवं उनकी टीम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सराहनीय है। इस अवसर पर जय मंगल सिंह, विजय कुमार ताती, कैलाश सिंह, रवि प्रकाश पाठक, विजय राजकुमार, विकास किशोर महतो, प्रदीप कुमार महतो, कंचन प्रथम होरो, एनी हासदा, स्वीटी मिश्रा, सीमा श्रीवास्तव, बॉबी कुमारी सुमन कुमारी आदि मौजूद थी।



## एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर भूली में नव वर्ष की धूम



भूली। सरस्वती विद्या मंदिर भूली में नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रथम सर संघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। आरएसएस के पूर्व धनबाद महानगर सहसंघचालक नकुल चंद्र दास ने छात्रों को राष्ट्रभक्ति एवं देश सेवा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। छात्रों को भारतीय नववर्ष विक्रम संवत के महत्व को बताया। उन्होंने छात्रों को हेडगेवार के जीवन तथा उनके द्वारा देश व समाज के लिए किए गए कार्यों को बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पताकों एवं रंगोली से सजाया गया। छात्रों के बीच मिष्ठान्न वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्या रंजना सिंह, आचार्य पंकज कुमार, विद्युत कुमार दत्त सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### कतरास बाजार में आरएसएस ने मनाया हिंदू नववर्ष



**कतरास।** कतरास बाजार के सूर्य मंदिर प्रांगण म मंगलवार को हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया। भारत माता एवं पंडित हेड गवार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू हुआ। सिंदरी से आए झारखंड प्रांत कार्यवाहक संजय सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 1 वर्ष के बाद संघ शताब्दी वर्ष हो जाएगा यानी संघ का 100 वर्ष हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जब हम हैं तब भी संघ का काम है, कल जब हम नहीं रहेंगे तब भी संघ का काम रहेगा। हम सब पुण्यशाली व भाग्यशाली हैं कि ऐसे समय में इस धरती पर जन्म लिए है।

### आरएसएस हीरापुर नगर में मनाया हिंदू नववर्ष

**धनबाद।** शहर के हीरापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने हिन्दू नववर्ष ;विक्रम संवत 2081द्ध मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विभाग के संघचालक सुनील और नगर संघ चालक अजय तिवारी ने संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। नगर कार्यवाह गौतम ने नववर्ष की शुऽाकामनाएं देते बौद्धिककर्ता का परिचय कराया। बौद्धिक कर्ता अरुणए क्षेत्र प्रचारक प्रमुख तथा अन्य स्वयंसेवकों ने बारी बारी से सर संघचालक की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। नर्व वर्ष के महत्व के बारे में बताया गया। मौके प्रांत के संयुक्त सचिव जय प्रकाश नारायण सिंहए महानगर कर्यवाह राकेश सुमनए प्रमोद झाए ऽागीरथ रायए राजु वर्णवालए रामविलास आदि उपस्थित थे।

### सशिवि मंदिर बाघमारा में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव



**कतरास।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता, सम्राट विक्रमादित्य एवं डा केशव बलिराम हेडगेवार के छायाचित्र पर पुष्पार्चन से शुरू हुआ। मौके पर प्राचार्य संतोष कुमार झा ने विद्यालय परिवार को भारतीय नव वर्ष की शुभकामना एवं बधाई दी। उन्होंने नववर्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एवं कालगणना विश्व में सबसे प्राचीन है। भारत संस्कृति, सभ्यता,धर्म एवं विज्ञान का देश है। जगतपिता ब्रह्माजी ने इसी दिन सृष्टि का निर्माण किया था। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन विक्रम संवत का शुभारंभ किया था। सम्राट युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ था। आरएसएस के संस्थापक परम पूज्यनीय डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था। इस माह में प्रकृति में नयापन दृष्टिगोचर होने लगता है। फूल खिलकर अपनी सुगंध वातावरण में बिखेरने लगते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत माता, सम्राट विक्रमादित्य एवं डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का मनमोहक रूप धारण कर रखा था।

# एग्यारकुंड में स्कूल की छत और दीवार गिरी

## बाल-बाल बची रसोइया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** एग्यारकुंड उत्तर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय का पुराना जर्जर भवन की छत एवं दीवार जोरदार आवाज के साथ गिर गई। उस वक्त कोई रसोईया मौके पर नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना शनिवार की बतायी जा रही है। पहले इस भवन में बच्चे पढ़ते थे। पूर्व में ही सभी बच्चों को नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन जर्जर भवन के पास स्थित नल पर मध्याह्न भोजन के बाद बच्चे हाथ व थाली धोने जाते हैं। घटना के वक्त बच्चे कुछ दूरी पर खेल रहे थे। जर्जर भवन परिसर में भी बच्चे खेलने चले जाते थे। गनीमत थी कि कोई बच्चा जर्जर भवन व दीवार के पास नहीं था।

घटना की सूचना पर एग्यारकुंड उत्तर पंचायत मुखिया काकुली मुखर्जी पहुंची। इसके लिए विभाग को दोषी ठहराया। कहा कि जर्जर भवन को पूर्णतया ध्वस्त कर देना चाहिए था। साथ ही उस जगह नये भवन निर्माण होना चाहिए था। विभाग को सूचना दी जा चुकी है। विभाग की लापरवाही कहिए या बेरुखी जिसके कारण आज तक जर्जर भवन यूं ही पड़ा हुआ है। पास ही रसोई घर भी जर्जर है,जहां रसोईया जान जोखिम में डालकर खाना बनाती है।

# लोयाबाद से गायब नाबालिग लड़की को सीडब्लूसी ने किया बरामद, पूछताछ जारी

## परिजनों के साथ जाने के लिए लड़की नहीं है तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** एक अप्रैल को लोयाबाद से गयाब नाबालिग लड़की को सीडब्लूसी ने बरामद किया है। फिलहाल उसे बालिका गृह में रखा गया है। बच्ची का धनसार थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ गया में विवाह करने की बात सामने आ रही है। लड़की फिलहाल परिजनों के साथ अपने घर नहीं जाना चाहती है। इस संबंध में सीडब्लूसी के अध्यक्ष उत्तम मखर्जी ने बताया कि बैंक मोड़ पुलिस ने 6 अप्रैल को बैंक मोड़ से युवती को हिरासत में लिया था। प्राथमिक पुछताछ के बाद पुलिस ने इसके पुर्नवास के लिए सीडब्लूसी से संपर्क किया। उसके बाद इसे न्यायायिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। उसके बाद हमलोग युवती के कॉसेलिंग के लिए अपने पास ले आया। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। लड़की का आरोप है कि उसके परिजन कम उम्र में उसकी शादी कराना चाहते थे, इसलिए वह अपने दोस्त के साथ घर से भाग गई थी। परिवार के साथ वह अभी नहीं जाना चाहती है। परिजनों ने युवक के खिलाफ धनसार थाना में मामला भी दर्ज कराया है। लेकिन युवक पकड़ा नहीं गया है। युवक नाबालिग है या बालिग ये भी पता नही चला है। पुलिस ने युवकी की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने की बात कही गई है। यदि वह बालिग हुआ तो पोक्सो एक्ट के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि कॉसेलिंग अभी चल रही है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद यदि परिजन युवती को ले जाना चाहते हैं तो उन्हें ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

# निर्दलीय उम्मीदवार सुनैना किन्नर को भारतीय एकता पार्टी ने बनाया प्रत्याशी

## शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी करेंगी दूर, भाजपा पर भी साधा निशाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही ट्रांसजेंडर समुदाय की सुनैना किन्नर को उत्तर प्रदेश की भारतीय एकता पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। सुनैना धनबाद से बेरोजगारी दूर कराने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की घोषणा के साथ चुनावी समर में उतरेंगी। सोमवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने उक्त बातें कहीं। सुनैना ने कहा कि भाजपा सिर्फ जाति,धर्म की बात करती है और जिसका वर्चस्व कायम है उन्हीं को टिकट देती है। हम सबको साथ लेकर चलने वाले हैं। धनबाद खनिज सम्पदा में देश के दूसरे स्थान पर आता है, फिर भी यहां बेरोजगारी चरम सीमा पर है। केंद्र सरकार ने विगत चुनाव में घोषणा की थी कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी देंगे। जनधन खाता में कितना पैसा आया है, यह केंद्र सरकार घोषणा तो करती है। मगर धरातल पर कहीं कुछ दिखता नहीं है। अन्य देशों में शिक्षा टैक्स फ्री है, लेकिन यहां की केंद्र सरकार शिक्षा पर 18% टैक्स वसूल रही है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर हमारा पहला फोकस होगा। एम्स अस्पताल और एयरपोर्ट के साथ महानगर के लिए एक भी सीधी ट्रेन नही है। अगर वह जीतकर आती हैं तो यह सब धनबाद को दिलाने का प्रयास करेंगी।

# झरिया-सिंदरी सड़क बनते ही टूटी, लोग परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** झरिया-सिंदरी-बलियापुर मुख्य मार्ग केजीर्णोद्धार के साथ ही सड़क उखड़ने लगी। झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क की दशा देख स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त किया है। बलियापुर के सरसाकुड़ी से लेकर डिगवाडीह तक 13.7 किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। परंतु सड़क निर्माण का कार्य कर रही कंपनी द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण के काम में अनियमितता का खामियाजा बाइक सवार और राहगीरों को भुगतना पड़ता है। बीआईटी सिंदरी मेन गेट के गोशाला बाजार के पास पहले कालीकृत सड़क बनाई गई। परंतु बनने के साथ ही कुछ दिनों पहले कीबारिश की मार सड़क झेल नहीं सकी और उखड़ने लगी। इसके बाद दस फीट तक सड़क उखाड़ कर बीचोंबीच पीसीसी बनाया गया। परंतु बनने के साथ वाहनों की आवाजाही से गढ्ढे और नाले का आकार बन गया। इसमें अनियंत्रित होकर बाइक सवार घायल होते रहते हैं। शाम के बाद सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीर ठोकर खाकर गिरते पड़ते हैं। गोशाला बाजार के दुकानदारों और आसपास के लोगों की शिकायत के वाबजूद उस जगह को दुरुस्त नहीं किया गया है। ललन हाड़ी, श्रवन महतो, अर्जुन प्रसाद, मनोज दास, अजय कुमार, टुनटुन यादव सहित अन्य स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कर रही कंपनी दरोगा प्रधान प्राइवेट लिमिटेड पर भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है।



कान्ड्रा बाजार तथा सिंदरी बस्ती के पास भी ऐसा ही बनाकर छोड़ दिया गया है। पथ निर्माण विभाग धनबाद के एसडीओ पंकज कुमार ने बताया कि जहां जहां पानी का जमाव होता है, वहां पीसीसी सड़क बनाई जा रही है, ताकि सड़क के नीचे का बेस मजबूत रहे।

# कल्पना सोरेन ने खेला इमोशनल कार्ड, भाजपा की आलोचना की, पार्टी के नेताओं को दिये कई सुझाव

## संवाद कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गिरिडीह। लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज होने लगी है। इसी क्रम में गांडेय की प्रत्याशी और पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को दुसरी बार झामुमो कार्यकर्ताओं से संवाद करने गिरिडीह पहुंची। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ कल्पना सोरेन ने संवाद करते हुए कई सुझाव लिए। उन्होंने इमोशनल कार्ड खेलते हुए एक बार फिर पूर्व सीएम और पति हेमंत सोरेन के जेल जाने को लेकर भाजपा की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को एक-एक घर जाना है और बताना है कि झारखंड को भाजपा किस तरह से जला रही है। हेमंत सोरेन को जेल भेजने के बाद हेमंत सरकार द्वारा चलाईं योजनाओं को बंद कराने की साजिश रची जा रही है। कहा कि 21 अप्रैल को रांची में एक जोरदार उलगुलान होना है और इस उलगुलान का मकसद सिर्फ होटवार जेल में बंद हेमंत सोरेन तक संदेश पहुंचाना है कि वो अकेले नहीं है बल्कि, राज्य की जनता उनके साथ है। संवाद कार्यक्रम को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डा. सरफराज अहमद समेत कई पार्टी नेताओं ने संबोधित किया। संवाद कार्यक्रम में गांडेय समेत जिले के 60 से अधिक पंचायतों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



# गोड्डा : 201 कलश के साथ मंडप में कलश स्थापित, ढोल-बाजे के साथ इलाके का भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के महुआरा ग्राम में रामनवमी के अवसर पर नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को कथा पंडाल के निकट से ढोल, बाजे, झंडा,बैनर 201 कलश यात्री के साथ शोभायात्रा निकाली गई।कजरेल नदी में जल भरने के बाद मनियनकला, नयाचक, कोलबडडा, बभनियां, महुआरा आदि गांव का भ्रमण करते हुए वापस कथा मंडप के निकट कलश स्थापित किया गया। विधिवत्त पूजा पाठ के बाद कलश यात्री और श्रद्धालूओं के बीच प्रसाद वितरित की गई।

कलश यात्रा के दौरान सभी गांव में जगह-जगह पर दर्जनों ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रियों को पानी, शरबत आदि से सेवा किया गया। कई श्रद्धालु कलश यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क पर पानी डाल रहे थे। फिर संध्या के समय रात से रात्रि में राम कथा प्रारंभ किया गया। यह राम कथा रामनवमी तक जारी रहेगा।नौ संध्या और रात्रि राम कथा रूपी ज्ञान वर्षा की जाएगी। अयोध्या शांति कुटी से कृपा कर पधारे कथावाचक धनंजय वैष्णो जी महाराज विधिवत बारीकी से राम कथा सुना रहे हैं। ताकि गांव के ग्रामीणों को आसानी से समझ में आ जा रहा है। राम कथा में ग्रामीण अखिलेश मंडल, यजमान शपत्नीक अभिषेक पोद्दार, फुंदी मड़ैया, संतोष कुमार पोद्दार, सीमा देवी, बबीता देवी, छोटी देवी सहित संपूर्ण ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। कथा में महुआरा, कोलबडडा, बभनिया, सन्हौली, हिजरी, दूधकोल आदि गांव के सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# दुमका : रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना परिसर में रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम, अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर और थाना प्रभारी हरिप्रसाद शाह मौजूद थे।

बैठक में अंचल अधिकारी ने सभी से अपील किया की आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी और ईद पर्व को मनाए ।चुकी शिकारीपाड़ा का इतिहास रहा है यहां सभी पर्व भाईचारे के साथ बनाए जाते है। साथ ही अभी लोकसभा चुनाव का भी समय है और आचार संहिता भी लगा हुआ है इसलिए आचार संहिता का पालन करते हुए यह पर्व मनाना है और अनावश्यक रूप से भीड़ नहीं लगाना है। और कहीं पर जुलूस निकलती है तो वो एसडीओ के पास से परमिशन जरूर लें।साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह जनक खबर ना फैलाएं इस पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की ऐसी सूचना मिलती है तो तुरंत थाना को सूचित करें, साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि हमारे गश्ती दल लगातार क्षेत्र में गस्ती करती रहेगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी सभी से शांति पुर्ण वातारण में आचार संहिता का पालन करते हुए पर्व मनाने की बात कही। इस अवसर पर शिकारीपाड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रकाश हांसदा, मध्य जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, तमिजुद्दीन अंसारी, कयूम अंसारी, मंजर अंसारी, प्रियरंजन गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, मुमताज, रामरंजन, सुबोध मण्डल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दिल्ली पब्लिक स्कूल चास ने मनाया स्थापना दिवस



बोकारो। डीपीएस चास के 7वां स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। आकर्षण का केंद्र लोकनृत्य व विद्यालय परिसर की साज सज्जा रही। मौके पर मुख्य अतिथि का स्वागत प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे रचनात्मकता के स्रोत होते हैं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि यह विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर भी काम करता है जिससे वे बड़े होकर अपने उत्तरदायित्व संविधान तथा लोकतंत्र के महत्व को समझ सकें। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने अपने संदेश में कहा कि छात्र जीवन में नियमितता अनुशासन परिश्रम समयनिष्ठा व दृढ़ इच्छाशक्ति का विशेष स्थान है। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विद्यालय गीत के बाद बंगाल के लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया।

### चांदा ग्राम में भक्तों ने गायत्री शक्ति पीठ में कलश स्थापन कर पूजा प्रारंभ की



गोड्डा। ठाकुर गांगटी प्रखंड के चांदा ग्राम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गांव में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रामनवमी के अवसर पर तथा चैती नवरात्र (दुगार्पूजा) को लेकर पंडित सुधांशु कुमार सिंह आचार्य द्वारा मंत्रों उपचार व विधि विधान के साथ कलस स्थापित कर नवरात्रि के प्रथम पूजा का शुभारंभ किया गया। यह कार्य मंगलवार समय 7:00 बजे सुबह किया गया इसकी तैयारी के लिए शक्तिपीठ के सदस्यों का विगत एक सप्ताह पहले बैठक आहूत किया गया था जिसमें कि इस कार्यक्रम के लिए विशेष निर्णय लिया गया था। शक्तिपीठ के सदस्यों में सचिन गोवर्धन शर्मा, पंडित सुधांशु कुमार सिंह, सुमन रानी सिंह, नीलकंठ सिंह, निरंजन सिंह, आर्यावतीदेवी वगैरा ने बैठक में भाग लिया था जिसमें निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम 9 दिनों तक चलना है तथा अष्टमी के दिन 108 कुमारी कन्याओं को भोजन आदि कराकर दक्षिणा के साथ विदा किया जाएगा इस कार्य हेतु आज कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया। आज के कार्यक्रम में पंडित सुधांशु कुमार सिंह के अलावे गोवर्धन शर्मा, सुमन रानी, सिंह नीलकंठ सिंह, आर्यावती देवी, निरंजन सिंह सहित सैकड़ों भक्तों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिया।

### नैक एग्रीडेशन को लेकर एसकेएमयू की आईक्यूएसी की हुई बैठक



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी की महत्वपूर्ण बैठक मिनी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ निलेश कुमार ने नैक में बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए नैक मूल्यांकन के लिए निर्धारित सात मापदंडों पर चर्चा किया। बैठक में नैक एग्रीडेषन के लिए विश्वविद्यलय स्तर पर गठित विभिन्न समितियों बैठक 15 अप्रैल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पीजी का सिलेबस अपडेट, विभिन्न शेक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू, विश्वविद्यालय का अपना जर्नल शुरू करने, विभिन्न विभागों के लिए पुस्तकों की खरीददारी, शोधार्थियों के लिए जर्नल और सॉफ्टवेयर का सब्सक्रिप्शन लेने सहित विवि स्तर पर छात्रों को छात्रवृति देने पर चर्चा हुई। बैठक में कुलपति डॉ सिंह ने कहा पिछले कुछ समय में विवि में अच्छे कार्य हुए है। इसका परिणाम अच्छे ग्रेड के रूप में मिलने का आश जताया। बैठक में कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा, मानविकी के संकायाध्यक्ष डॉ पीपी सिंह, डीएसडब्लू डॉ जयनेंद्र यादव, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार, प्रो आरकेएस चौधरी, डॉ राजेश यादव, डॉ बिनोद मुर्मू, डॉ डीके मिश्रा, डॉ राजीव केरकेटा, डॉ बास्की नीरज, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ बिनोद कुमार शर्मा, प्रो अमिता कुमारी, दीपक दास आदि उपस्थित थे।

### फुसरो नप के वार्ड 10 में पथ कालीकरण में निहायत घटिया काम की जांच हो : तूफानी बाउरी



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 10 में शिव मंदिर से रेलवे फाटक तक 7अप्रैल की रात्रि में पथ कालीकरण का काम घटिया होने का अरोप उसी वार्ड के निवासी तूफानी बाउरी नें लगया है। बाउरी ने कहा पथ पर खड़ा होकर देखने से ही पता चल रहा है कि काम घटिया हो रहा है। उसने फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार से जांच कर कार्रवाई की मांग किया है।

### चेक पोस्ट पर माल पहाड़ी पुलिस ने 55 पीस केन बियर के साथ दो को किया गिरफ्तार



पाकुड़। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर बीती रात पत्थर घटा चेक पोस्ट पर माल पहाड़ी ओपी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक टोटो में पश्चिम बंगाल की ओर से आ रहे हैं 55 पीस केन बियर सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ओपी प्रभारी सुखदेव शाह से मिली जानकारी के अनुसार चेक पोस्ट पर बीती रात जांच अभियान के दौरान मुरारोई की तरफ से टोटो पर दो लोग बीयर लेकर आ रहे थे, जांच पड़ताल के दौरान उनके पास 55 पीस केन बीयर बरामद किया गया है। हिरासत में लिए गए प्रिंस राज, मुंगेर जिला और अब्दुल समद मुररोई को जेल भेज दिया गया है।

### गोड्डा कांग्रेस कमिटी की बैठक में बूथ स्तर की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं को लगाया गया

गोड्डा। मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गोड्डा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के अध्यक्षता में गोड्डा नगर कांग्रेस नगर कमेटी और गोड्डा कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से पोरैयाहाट विधायक प्रदीप यादव उपस्थित रहे। इस बैठक में अब तक के बूथ लेवल पर की गई तैयारी का समीक्षा पंचायत वार किया गया और नगर इकाई में समीक्षा वार्ड बार किया गया जहां कमेटी गठित होने में कठिनाई हो रही थी वहां जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी को इस काम के लिए लगाया गया जिसमें खुद विधायक जी भी शामिल होने की इच्छा व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार गोड्डा लोकसभा में जनता का मूड इंडिया गठबंधन के साथ है। सिर्फ हम लोगों को उनका मूड को वोट में तब्दील करने का प्रयास करना चाहिए उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन किया और कहा कि जिस संख्या में यहां पर कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं उससे हमें यह एहसास हो रहा है कि कार्यकर्ता के साथ जनता भी इस बार 15 साल के सांसद को नकारने के लिए तैयार है। इस बैठक में जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी में से जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा महासचिव कुंदन ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शाह, नगर अध्यक्ष महबूब अंसारी, डीएन झा, जगाधात्री झा, मनोज झा, वेणु चौबे, जिला प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार, अकबर अली, ज्योतिंद्र झा, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस विकास सिंह युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि कुमार श्रीकांत शाह, अहिया सिद्दीकी, सुशीला देवी, आरती झा, पप्पू मंडल राजेश गुप्ता कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### साहिबगंज : कलश स्थापना में कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा



राजमहल के नीलकोठी स्थित चैती दुर्गा स्थान में आज से कलश स्थापना कर देवी दुर्गा की पूजा की शुरूआत हुई। इस अवसर पर कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने सर पर कलश में जल भर कर पूरे राजमहल में भ्रमण किया, फिर देवी मंडप में लाकर कलश रखकर मां का पूजा शुरू हुआ। इस अवसर पर बच्चो ने झांकी भी निकाली। इस मौके पर बी जे पी के राजमहल लोकसभा के अभ्यार्थी ताला मरांडी के साथ पूर्व वार्ड पार्षद अनिता बैसाख, समाजसेवी पंकज घोष, के दत्ता, सुरज घोष, रितेश साहा व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

### सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के अमलो खदान का कंडीशन ठीक नही है : डीएमएस एन पी देवरी



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) माइंस में 9 अप्रेल को एएडीओसीएम माइंस का निरीक्षण डीएमएस एन पी देवरी और डीडीएमएस नरेश तेजावत ने किया। उन्होंने कहा कि खानो मे कोयला उत्पादन के दौरान सुरक्षा और डीजीएमएस के नियमो का उल्लंघन नही होना चाहिए। कहा कि सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि माइंस का कंडीशन ठीक नही है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई आवश्यक

## स्पीड न्यूज

### लोजपा सांसद प्रिंस राज ने फौजदारी दरबार में लगाया फरियाद

**बासुकीनाथ।** चुनावी मौसम में नेताओं का बाबा बासुकीनाथ के दरबार में आकर फरियाद करने का सिलसिला अनवरत जारी है। इसी क्रम में मंगलवार हिंदू नव वर्ष के पावन मौके पर समस्तीपुर के लोक जनशक्ति पार्टी सांसद प्रिंस राज बासुकीनाथ के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ फौजदारी नाथ का पूजा अर्चना किया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में बाबा बासुकीनाथ एवं माता पार्वती सहित परिसर में मौजूद संपूर्ण देवी देवताओं की आरती की गई। आरती के समापन के पश्चात बाबा फौजदारी नाथ से देश प्रदेश की खुशहाली के साथ अपने उज्जवल राजनीतिक भविष्य को लेकर आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पांडा पुरोहित संग प्रिंस राज के समर्थक मौजूद थे।

### हिंदू नववर्ष के अवसर पर फलदार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया



मंडरो। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का खास महत्व है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की अलग-अलग रूपों में उपासना की जाती है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। जो मंगलवार से प्रारंभ हो गया। इसका समापन 17 अप्रैल को रामनवमी के साथ होगा। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नव वर्ष भी शुरू हो गया। वही हिंदू नववर्ष के अवसर पर दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित तलाब समीप वृक्षारोपण का कार्यक्रम दुर्गा पूजा समिति के सदस्य बालेश्वर भगत साथ में पतंजलि योगपीठ के मंडरो प्रखंड प्रभारी कपिलमुनी भगत, सदस्य रिशु जायशवाल, पप्पू गुप्ता समेत अन्य के द्वारा फलदार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया।

### कथारा रेलवे कॉलोनी मे यज्ञ को लेकर किया ध्वजा स्थापित



बेरमो/कथारा। मंगलवार को कथारा स्थित रेलवे कॉलोनी में 24, 25, और 26 अप्रैल को होने वाली श्री श्री साम्ब सदा शिव पंचायतन परिवार कि स्थापना को लेकर श्री हनुमान जी का ध्वजा कि स्थापना किया गया। सर्वप्रथम पंडित झा जी के द्वारा श्री हनुमान जी का झंडा का विधि विधान से पूजा किया गया फिर झंडा को लेकर सीएनडी कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी, सीपीसी कॉलोनी और रेलवे कॉलोनी श्री हनुमान जी के ध्वजा भ्रमण करवा कर शिवजी की मंदिर के पास स्थापित किया गया। इस मौके पर पंडित झा जी के अलावा कथारा पंचायत की मुखिया पूनम देवी उप मुखिया प्रमोद कुमार पंसस निभा देवी और वार्ड सदस्य जमुना देवी के साथ साथ रामनाथ राय, दयाल कुमार, जगदीश भारती, रुद्र कुमार, मनीष भारती, अंशु कुमार, अरुण कुमार, अनिल कुमार सिंह, मनजीत कुमार, रणजीत सिंह, प्यारेलाल मनीष कुमार, शिवकुमार, सुकेन्द्र चौहान, शकुंतला देवी, रूबी देवी, किरण देवी, विनीता कुमारी, इंदू कुमारी, संतरा देवी, कमला भारती के साथ अनेकों महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

# रामनवमी, ईद व चुनाव को लेकर बरतें विशेष सतर्कता : पाकुड़ एसपी

## मासिक अपराध गोष्टी की समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी थाना प्रभारी को दिये गये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** लोकसभा चुनाव, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश एसपी प्रभात कुमार ने सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों को दिया है। उन्होंने यह निर्देश मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिया।

बैठक में पर्व त्यौहार को लेकर थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने एवं संवेदनशील क्षेत्र पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने को कहा।खासकर स्थायी चेक पोस्ट एवं विभिन्न थाना क्षेत्र में चुनाव को लेकर बनाए गए अस्थायी चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अनावश्यक रूप से किसी व्यक्ति को परेशान नहीं करें।एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को कोर्ट द्वारा जारी वारंट का शत प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में थानाबार लंबित कांडों की समीक्षा की गई।

इस क्रम में लंबित सभी मामलों का निष्पादन शीघ्र करने को कहा। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले के लिए प्रतिनियुक्ति केंद्रीय सशस्त्र बलों के साथ प्रतिदिन विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमशील रहकर एरिया डोमिनेशन एव फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त तथा शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए सभी स्तर के पुलिस अधिकारी विशेष सतर्कता बरते।

सभी थानाध्यक्षों को चुनाव को लेकर गठित एफएसटी टीम के साथ सघन रूप से जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ डीएन आजाद, नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी संजीव झा, नवीन कुमार आदि पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### बीएसएल में ठेका मजदूरों का बनेगा बायोमेट्रिक आईडी



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली से ठेका श्रमिकों की शिनाख्त होगी और वे ड्यूटी में प्रवेश कर सकेंगे। सीजीएम कार्मिक हरि मोहन झा तथा सीएमओ डॉ बीबी करुणामय बीजीएच द्वारा गैर संकार्य क्षेत्र में ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक आरएफ आईडी कार्ड सुविधा का शुभारम्भ किया गया। ईडी कार्मिक व प्रशासन राजन प्रसाद के मार्गदर्शन में की जा रही इस पहल के प्रथम चरण में बीजीएच के ठेका श्रमिकों के बीच इस कार्ड का वितरण किया जाएगा एवं तत्पश्चात अन्य विभागों के ठेका श्रमिकों को भी इस कार्ड की सुविधा प्रदान की जाएगी। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूरों की सुविधाओं को पुख्ता बनाने के उद्देश्य से की गई यह एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। इस अहम पहल के जरिए बायोमेट्रिक आरएफ आईडी कार्ड के माध्यम से ठेका मजदूरों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी तथा ठेका मजदूरों को देय सुविधाओं को सुनिश्चित करने में भी इससे मदद मिलेगी। यह प्रयास ठेका व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नशे में धूत कार चालक ने दो सगी बहने को मारी टक्कर, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** घर के बाहर नल पर मुंह धो रहे दो सगी बहने को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में 18 साल की मुस्कान कुमारी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बड़ी बहन 20 वर्षीय शालू कुमारी का मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह दर्दनाक हादसा नगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग में मंगलवार को सोनुवाडंगाल के पास घटी। हादसे से आक्रोशित लोगों ने लापरवाह कार चालक सुनील कुमार मंडल को पकड़ पोल में बांधकर जमकर पिटाई कर दी। चालक देवघर के झिलुवा का रहने वाला है। चालक गोपीकांदर प्रखंड कार्यालय में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत है। पिटाई के कारण जख्मी चालक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौके पहुंची नगर थाना पुलिस चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक युवती का पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मृतक युवती के पिता अनिल राय के बयान पर चालक के खिलाफ लापरवाही एवं तेज गति से कार चलाने का मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गोपीकांद प्रखंड कार्यालय का लिपिक रसिकपुर, दुखु पोखर के समीप भाड़े के घर में रहता है। सुबह वह कार से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था।

सोनुवाडंगाल में गति पर नियंत्रण नहीं रख सका और घर के बाहर नल पर मुंह धो रही दो सगी बहनों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। जहां मुस्कान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बेरमो चेंबर के अध्यक्ष बने आर उनेश कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू सिंह व सचिव राजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** मंगलवार को फुसरो स्थित राजेंद्र स्मृति भवन के सभागार में प्रतिष्ठित व्यवसाई ओम प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बीते 19 मार्च को बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स का सर्वसम्मति से आर उनेश को अध्यक्ष चुना गया था। अध्यक्ष के द्वारा बनाई गई कमिटि का घोषणा किया। जिसमे कार्यकारी अध्यक्ष रवि कुमार सिंह उर्फ पिन्टु सिह, उपाध्यक्ष सुशात कुमार राईका व विशवनाथ प्रसाद सोनी, सचिव राजन साव, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, मुख्य सलाहकार दयानन्द बरणवाल, सरक्षक ओम प्रकाश अग्रवाल, विनोद महतो, योगेश तिवारी, सदिनेश सिंह, दिलीप गोयल, प्रेमचन्द्र गोयल, मोहम्मद रईश आलम, छित्तरमल बंसल, रामअवतार कारीवाल, सतोष श्रीवास्तव, मो रियाज अंसारी, प्रेम कुमार सोनी, मधुकर प्रसाद साव, सहित सूरज मित्तल, डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह, अरविन्द कुमार वर्मा, रामचन्द्र प्र वर्णवाल, मो मुनीर अंसारी, अवध बरणवाल, अजन कुमार चटर्जी, सुभाष बरणवाल, अनील सोनी, आनंद कुमार सोनी, अमरनाथ मिश्रा, गुरूपद प्रजापति, मुकेश कुमार गुप्ता, राहुल प्रताप सिंह,सूरज कुमार वर्मा, नितीन कुमार अग्रवाल, चांद आलम सहित 41 सदस्य बनाये गए है। अग्रवाल ने कहा कि चेंबर के गठन के बाद फसरो बाजार के विकास में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि 100 रूपया दुकानदारों से वार्षिक शुल्क लिया जाएगा। अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि व्यापारियों के हित में काम कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। वहीं कार्यकारी रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो महत्वपूर्ण जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, वह उसका निर्वहन करते हुए व्यापार की विभिन्न समस्याओं को मजबूती से रखते हुए उनके निराकरण का सकारात्मक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नेमीचंद गोयल, दिलीप गोयल, मिनटू सिंह, दिनेश सिंह, कृष्ण कुमार चांडक, मो रियाज अंसारी, मो रईस मिया, भोला सोनी, प्रमोद अग्रवाल, दयानंद बरनवाल, संतोष श्रीवास्तव, छित्तरमल बंसल, इश्तियाक हुसैन, अमर ठाकुर, महेंद्र गिरि, दशरथ राम आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बोकारो डीसी ने डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा, दिये दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर 08 स्थित बीआइएसएसएस में बनाएं गए डिस्पैच सेंटर का डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने निरीक्षण किया। मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी मेनका वाहन कोषांग के वरीय नोडल सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी नोडल पदाधिकारी सह डीटीओ वंदना शेजवलकर सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह डीएसओ शालिनी खलको डीसीओ श्वेता गुड़िया मीडिया कोषांग के नोडल सह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय प्रभारी पदाधिकारी सह एपीआरओ अविनाश कुमार पंकज दूबे भवन प्रमंडल विभाग के अभियंता आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर जाधव ने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभावार तैयार नक्शे में बने लेआउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाएं गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से पूछा। आगे उन्होंने टीम के पदाधिकारियों के साथ संचालित सामग्री कोषांग का जायजा लिया। मंत्रिमंडल निर्वाचन कार्यालय रांची से प्राप्त सामग्रियों को देखा। कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए तैयार पैकेट्स/मेडिकल किट्स आदि का जायजा लिया। पैकेट्स तैयार कर रहे कर्मियों को सावधानी से दायित्वों के निष्पादन का निर्देश दिया।

# पार्टी उम्मीदवार को 9 लाख मतों से जीत दर्ज कराना लक्ष्य: गोड्डा भाजपा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मीडिया की भूमिका अहम होती है। पत्रकार की निष्पक्षता ही लोकतंत्र के आधार को मजबूत बनाती है। उक्त बाते मंगलवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। आईएनडीआईए की ओर से प्रत्याशी की घोषणा में विलंब से भाजपा को बहुत फायदा हुआ है। भाजपा प्रतिदिन मजबूत बनती जा रही है। सभी भाजपाई प्रधनमंत्री मोदी का परिवार है। गोड्डा में भाजपा कार्यकर्ता खुद को डा निशिकांत दुबे मानकर क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने में लगे हुए है। सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने इसबार भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को नौ लाख मत भाजपा को दिलाने का लक्ष्य दिया है। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता तन मन से लगे हुए है। कहा कि सांसद को जब मन हो वे सिर्फ निरीक्षण के लिए क्षेत्र आएं। अब उन्हें चुनाव प्रचार के लिए गोड्डा आने की जरुरत नही है। वहीं भाजपा लोस मीडिया प्रभारी प्रितम गाडिया व वरीष्ठ नेता संजीव टेकरीवाल ने भी बारी बारी से संबोधित किया।

# खतरा बने ग्लेशियर

हिमालय पर्यावरण विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि देश के हिमालय क्षेत्र में आने वाले राज्यों में खतरनाक किस्म की 188 ग्लेशियर झीलें बन चुकी हैं, जो किसी बड़े भूकंप आने पर लाखों लोगों के जीवन पर घातक प्रभाव डाल सकती हैं। यूं तो सबसे ज्यादा खतरे की वजह पूर्वोत्तर की झीलें हैं, लेकिन खतरा कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में भी लगातार बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए गए एक साल की स्टडी के बाद जो निष्कर्ष सामने आए हैं वे चिंता में डालने वाले हैं। दरअसल, अब ग्लोबल वार्मिंग का वास्तविक खतरा सामने दिखायी दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इससे बने ये झीलें जल बम बनकर फूट सकती हैं। दरअसल, इस हालिया अध्ययन में बताया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते इन हिमालयी क्षेत्रों में 28 हजार से अधिक झीलें बन गई हैं। जिसमें 188 ज्यादा खतरनाक हैं। इन संवेदनशील झीलों को ए श्रेणी में रखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों की पिघलने की दर 15 प्रतिशत बढ़ गई है। जो हमारे लिए गंभीर चेतावनी का कारण बन रही है। केंद्र सरकार के अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ ग्राउंड जीरो व उपग्रहों के जरिये इन झीलों की बराबर निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों में स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र बनाये गए हैं। कैसे इन खतरनाक झीलों का पानी आधुनिक तरीकों से रिलीज किया जाए। ड्रिल करके पानी को नियंत्रित करने पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा भूमिगत पानी के साथ मिलाने के लिये भूमिगत टनल बनाने पर भी मंथन हो रहा है।

# मतदान का महत्व

चुनाव कार्यक्रम बेहद लंबा है और 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून तक चलेगा। बेशक, 18वीं लोकसभा के लिये चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी है। मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विचारणीय मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें। देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सवजनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसका उपयोग करें।

# सरहुल, प्रकृति को ईश्वर तुल्य मानने का पर्व

**सरहुल** पर्व को झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बंगाल और मध्य भारत के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है. सरहुल की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है। यह वो समय होता है जब महुआ के फूल, पलाश के फूल, सरई के फूल आदि बसंत ऋतु के दौरान लहलहाने लगते हैं। इसी खूबसूरत पल का जश्न मनाने के दौरान आदिवासियों का सरहुल पर्व इसमें चार चांद लगाता है।

सरहुल को आदिवासी भाषाओं में विभिन्न नामों से जाना जाता है जैसे झ उरांव में खद्दी, मुंडा में बा, हो में मागे, खड़िया में जंकोर और संतालों में बाहा आदि से जाना जाता है। इस त्यौहार को मनाने वाले आदिवासी अपने-अपने क्षेत्रों में अलग-अलग तिथि को मनाते हैं। सरहुल मनाने के तरीकों में जगह-जगह पर थोड़ा बहुत बदलाव भी देखा जाता है। हांलाकि सभी जगह पूजा का महत्व एक होता है, जो कि प्राकृतिक महत्व से जुड़ा है।



## सरहुल की पूजा

आदिवासियों द्वारा सरहुल मनाने के विभिन्न प्रक्रियाओं में से एक कुछ इस प्रकार है। झारखंड के हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड से आदिवासी धरमा बेदिया बताते हैं कि सरहुल पूजा के एक दिन पहले रात में गांव के पाहन (मुख्य पुजारी) और प्रमुख लोगों द्वारा एक डोभा से पानी छीट कर यानि पानी को निकाल कर खाली किया जाता है।

इसके बाद डोभा में जो नया पानी संग्रह होता है, उसे मिट्टी के नए घड़े और एक लोटे में भरा जाता है। डोभा में नए पानी के संग्रह होने से इस वर्ष बारिस के कम-ज्यादा या अच्छा-बुरा होने का अंदाजा लगाया जाता है। घड़े में भरे गए पानी को गांव पूज्य स्थल यानि सरना स्थल में रखा जाता है। इसके बाद गांव में अपने घरों में बने पारंपरिक पकवान और मदीरा का सेवन कर गाजे बाजे के साथ गीत गाकर नृत्य कर आनंद उठाते हैं।

इस प्रथा के बाद अगली सुबह को पाहन सहित गांव के प्रमुख लोग अपने पवित्र सरना स्थल जाते हैं। पूजा अर्चना शुरू करने से पहले गांव के पाहन को उसी घड़े के पानी से नहलाया जाता है और नए कपड़े धोती गमछा पहनाया जाता है। सरना में जहां पूजा अर्चना किया जाता है, वहां सिंदूर और अरपन यानि चावल के आटे से पाहन पूजा करता है।

इस दौरान सरई(साल) के पेड़ की पूजा की जाती है, जो मुख्य होता है। इसमें सरई का फूल और पत्ते का भी इस्तेमाल किया जाता है। सरई(साल का पेड़) के पूज्य पौधे को एक धागे से बांध कर पाहन उसके चारों तरफ फेरे लेता है। इस प्रक्रिया के समय पाहन को ग्रामीण कंधे पर उठा कर रखते हैं।

सरना में इन प्रथाओं को पूरा करने के दौरान एक दिल्चस्प गतिविधि भी देखने को मिलती है, जो आदिवासियों के शिकार करने से संबंधित होती है। इस गतिविधि को भी सरहुल पर्व मनाने का एक भाग बताया गया है। दरअसल, सरना में एक काली कटोर यानि मुर्गी को खुला छोड़ दिया जाता है। जिसके बाद सब मिल कर पारंपरिक तीर धनुष से उसका शिकार करते हैं। शिकार करने के बाद उस कटोर को सरना में ही प्रसाद के तौर पर पकाया जाता है और पुरुषों में वितरण किया जाता है। सरना स्थल में मौजूद सभी लोगों को पाहन सरई के फूलों को कानों में लगाता है।

इसके साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाकर, गीत गाकर नृत्य करते हैं और पूरे गांव में धूमते हैं। बता दें कि इस प्रसाद को ग्रहन करने के लिए महिलाओं को प्रतिबंध होता है। वहीं इसके अलावा कई जगहों में महिलाओं को पूजा के दौरान सरना स्थलों में घुसने की अनुमति नहीं होती है। हांलाकि वर्तमान में अब महिलाएं भी कई जगह इसमें शामिल होते देखी जा रही हैं।

गांव में धूमने के साथ पाहन घर-घर में सरई फूल लगाता है। गांव के लोग पाहन का अपने घर में पैर धोकर स्वागत करते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। इस बीच बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला और पुरुष सभी नाचते गाते खुशियां मनाते नजर आते हैं।

**रांची में निकाली जाती है सरहुल का सबसे बड़ा जुलुस**

सरहुल को मुख्यता झारखंड के रांची राजधानी में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। वर्ष 1961 से हर साल झारखंड के रांची में झारखंड के सभी आदिवासियों के द्वारा इकट्ठा होकर सरहुल मनाने की परंपरा की शुरूआत हुई थी। इसका उद्देश्य रांची स्थित सिरम टोली के सरना स्थल (आदिवासियों का पूजा स्थल) को बचाना था।

जानकारी के अनुसार साल 1961 में सरना स्थल को गांव के कुछ लोगों ने रामगढ़ के एक मोटर गैराज व्यापारी को बेच दिया था। ऐसे में सरना स्थल की जमीन को बचाने के लिए सिरम टोली के लोगों ने करम टोली के लोगों को संपर्क किया था।

इस तरह से करीब सौ लोगों के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी, इसके बाद हातमा सरना स्थल पर सरहुल पूजा की शुरूआत की गई। इसी बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री के बुलावे पर कार्तिक उरांव लंदन से लौटे थे। वे रांची स्थित एचईसी डिप्टी चीफ इंजीनियर के पद पर थे। उन्हें भी जुलुस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था।

करमटोली में सरहुल पूजा करने के बाद कार्तिक उरांव को बैलगाड़ी में बैठाकर जुलूस निकाला गया था। इसके बाद आदिवासी छात्रावास के छात्रों के द्वारा मांदर की थाप पर नाचते-गाते हुए करमटोली से सिरम टोली सरना स्थल तक पहुंची थी।

साल 1964 से हातमा सरना स्थल पर पूजा की शुरूआत हुई और वहीं से शोभायात्रा निकाली जाने लगी। इसी के बाद से यह यात्रा विशाल होती गई।

(साभार ट्राइबल कल्चर एंड फेस्टिवल. डॉट कॉम)



- के मिंज

इस तरह से करीब सौ लोगों के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी, इसके बाद हातमा सरना स्थल पर सरहुल पूजा की शुरूआत की गई। इसी बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री के बुलावे पर कार्तिक उरांव लंदन से लौटे थे। वे रांची स्थित एचईसी डिप्टी चीफ इंजीनियर के पद पर थे। उन्हें भी जुलुस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था।

## खास बात

### किसकी है हवा, कैसी है हवा

**सहीराम**

**चुनावों** में हवा का बड़ा महत्व होता है जी। वैसे तो हवा का महत्व हमेशा ही होता है। हवा चलती रहे तो अच्छा रहता है। घुटन नहीं होती। सांस लेने में तकलीफ नहीं होती। सर्दियों में हवा न चले तो स्मॉग छा जाता है। फॉग रोमांटिक हो सकता है, पर स्मॉग भयावह होता है। हवा जहरीली हो जाती है। लोग मास्क पहनने लगते हैं। मास्क दुनिया को कोरोना की देन नहीं हैं, मास्क दुनिया को जहरीली हवा की देन हैं। लोग बच्चों को स्कूल भेजने से भी डरने लगते हैं। दिल्ली और एनसीआर के इलाके में सर्दियों में फॉग नहीं होता, स्मॉग होता है। हवा अक्सर जहरीली हो जाती है। इसका दोष अक्सर किसानों के पराली जलाने पर मढ़ दिया जाता है। न ऑटोमोबाइल की धुआं को कोई जिम्मेदार ठहराता है और न ही कारखाने की धुआं को। हवा चल जाए, तो हवा साफ हो जाती है, लेकिन उससे सर्दी बढ़ने का खतरा होता है। सर्दी की हवा को शीत लहर कहा जाता है। एकदम बफीर्ली होती है। फिर खबरें छपने लगती हैं कि शीत लहर से दिल्ली में इतने मरे और यूपी, बिहार में इतने मरे। गर्मियों में इस इलाके में हवा गर्म हो जाती है। एक जमाना था, जब आंधियां भी चलती थीं, अब नहीं चलती। अब तो लू चलती है। गर्म हवा माने लू। लू से लोगों के मरने की खबरें भी अखबारों में खूब पढ़ने को मिलती हैं। टेलीविजन चैनलों को न शीत लहर से कुछ लेना, न लू से, वे अपनी ही हवा में रहते हैं। लोगों का मानना है कि वह भी जहरीली ही होती है।

खैर जी, चुनावों में भी हवा का बड़ा महत्व होता है। चुनावों में कई बार आंधी भी चलने लगती है। लेकिन कई बार हवा भी नहीं चलती। वैसे तो लोग हालचाल भी ऐसे ही पूछते हैं-और कैसी हवा तवा है? कुछ लोग वैसे ही हवा में रहते हैं। नेताओं के बारे में तो अक्सर ही कहा जाता है कि वे हवा में ही रहते हैं। इसका मतलब हवाई जहाज में उड़ान से नहीं है। इसके बावजूद नेताओं को हवा की असली परख होती है। कुछ नेता तो हवा की परख करके ही मौसम विज्ञानी हो गए। उन्होंने इस कहावत को पूरी शिद्दत से अपने जीवन में उतारा।

# अहिंसा : जिओ और जीने दो

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

**चैत्रे** मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्लपक्षे समग्रे तु, तदा सूर्योदये सति।। आप सभी को भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई.

यह नूतन संवत्सर आप सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, यश, कीर्ति व शांति लेकर आए। – **गौरव वल्लभ, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**आप** सभी को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, भारतीय नव वर्ष (विक्रम संवत 2081), गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह नया साल आपके जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य एवं आरोग्य लेकर आए। – **चंपई सोरेन, सीएम**





**नवरात्रि** में देशवासियों को यह भी याद रखना है कि इंडी गठबंधन वालों ने किस प्रकार शक्ति का अपमान किया था।हम कांग्रेस की ज्यादती झेलने वाले अपने सिख भाई-बहनों के साथ खड़े हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**

# राजनैतिक मूल्यों की बात अब बेइमानी क्यों ?

**मृत्युंजय प्रसाद**

## चुनाव 2024

**भारतीय** संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए। पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। अफसरशाहों ने इस आदेश को गंभीरता से लिया। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।

सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं और एक व्यक्ति का एक मत है। भले ही बहुसंख्यक वर्ग को जीत हासिल हो लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने मतांतर के बचाव और संरक्षण का पूरा अधिकार है। यह भरोसा एक सक्रिय लोकतंत्र में पैदा होता है। दूसरी बात, इससे आगे यह भी कहा जा सकता है कि हर व्यक्ति अपना नजरिया पेश करने को स्वतंत्र है। इसका व्यावहारिक उदाहरण है लोकतंत्र में अल्पसंख्यक नजरिये को अभिव्यक्त करना। तीसरा, चरण एक कदम आगे का है जहां कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि अगर मैं आपकी जगह रहूं तो ऐसा कहूंगा। ऐसी बातें एक लोकतांत्रिक देश में अल्पसंख्यकों के नजरिये को व्यवहार में जगह देती हैं। मिसाल के तौर पर विद्यालयों में माथे पर स्कार्फ लगाने की इजाजत देना। हमें आज ऐसी राजनीतिक संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें सच्चाई, सम्मान, सभ्यता और संयम हों।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सबक सिखाने का वक्त

**पलटूरामों** को सबक सिखाने का है वक्त सत्ता सुख प्राप्त करने के लिए राजनेताओं द्वारा इधर-उधर पलटने का पदार्फाश करने वाला था। आज जब भी कोई राजनेता पार्टी बदलता हैं तो उसे कोई शर्म महसूस नहीं होती। लेकिन सत्ता सुख के लालच के तहत पाला बदलने को घर वापसी, आत्मा की आवाज आदि शब्दों से उचित ठहराने की कोशिश की जाती है।

– **रविशंकर सिंह, रांची**

### प्रमाणिक जानकारी दें

**कुछ** लोग आयुर्वेद के नाम पर भ्रामक विज्ञापन के माध्यम से बीमारियों के इलाज का दावा करते हैं। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा को बदनाम कर लोगों के विश्वास को ठेस पहुंचाई है। सरकार को चाहिए कि केवल प्रमाणिक व सत्यापित तथ्य ही जनता तक पहुंचाए जाएं ताकि लोग भ्रमित न हों। इस मामले में बाबा को सर्वोच्च न्यायालय से झटका ही

–**अभिलाषा गुप्ता, रांची**

# आन लाइन फ्राड से बचना चाहते हैं तो अपनाएं ये टिप्स

**दिव्यांशी भदौरिया**

## सामयिक

हम आपको बताएंगे कि ऐसे में आप क्या करें और कैसे फ्रॉड से बचें। कुछ ही सालों में साइबर सिक्योरिटी और ऑनलाइन फ्रॉड तदाद से बढ़ गया है। आमतौर पर ऐसी घटनाएं आपने कई सुनी होगी। ऐसा ही एक मामला दिल्ली के एक अस्पताल में काम करने वाले एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुआ है। दरअसल, डॉक्टर को एक कॉल आई जिसमें उनकी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का दावा किया गया, लेकिन इसके बदले उनके खाते से 2 लाख रुपये निकाल लिए गए। हालांकि डॉक्टर ने घटना की सूचना पुलिस को दी और एफआईआर दर्ज कराई। इस लेख में हम आपको आरबीआई की गाइडलाइन और शिकायत के प्रोसेस के बारे में बताते हैं।

- जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो प्रशासन भी इसको लेकर बहुत सतर्क रहता है। जैसा कि हम जानते हैं कि धोखाधड़ी और घोटालों के बढ़ते मामले भारतीय रिजर्व बैंक को अपने कस्टमर्स के पैसे को सुरक्षित रखने के लिए जरुरी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

अगर आपने पहले भी इस तरह की स्थिति का अनुभव किया है, तो फ्इकद्वारा निर्धारित गाइडलाइन और विनियमों के बारे में खुद को अपडेट रखें।

- यह भी बताया कि अगर आप जानकारी की कमी या फोन बैंकिंग, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान गेटवे समस्याओं जैसे बैंकिंग मुद्दों के कारण धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

- वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी द्वारा उल्लंघन के कारण आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाता है, जिसके लिए न तो आप और न ही बैंक जिम्मेदार है, तो खोई हुई धनराशि वापस कर दी जाएगी।

- आरबीआई ने कहा कि अगर आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो आपको 3 दिनों के भीतर बैंक को लिखित रुप में सूचित करना होगा। अगर आप 4 से 7 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट करते हैं, तब भी आपके पास अपना पैसा वापस पाने का मौका होगा।

**किस तरह से करें जानकारी शेयर?**

- अगर आप इसकी जानकारी शेयर करना चाहते है तो इन बातों का रखें ध्यान। दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ किसलय चौधरी ने आगाह किया है कि फ्इक की गाइडलाइन के बावजूद बैंक रिफंड टाल सकते हैं। ऐसे में सारी प्रक्रिया को समझने और जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

- अगर आपके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या आपने इसका सामना कर रहे हैं, तो उसी दिन अपने नजदीक पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

- फ्रॉड वाले दिन या अगले दिन पुलिस रसीद पाने के लिए अपने बैंक में जाएं। बैंक में फ्रॉड का आवेदन कर सकते हैं और इसे पुलिस रसीद के साथ जमा करें।

- इसके बाद आप अपने दोनों डॉक्यूमेंट की सॉफ्ट कॉपी आरबीआई की ईमेल आईडी पर भेजे, जबकि सीसी में आपके बैंक की ईमेल आईडी भी शामिल करनी है। आपको 3 दिन के अंदर ये प्रकिया पूरी करनी होगी।

**क्यों वापस नहीं मिलेंगे पैसे?**

- दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ ने बतायाा है कि अगर फ्रॉड की सूचना बैंक, पुलिस या दोनों को 7 दिनों के बाद दी गई तो आपके पैसे वापस नहीं होंगे।

- इसके अलावा विटकॉइन, ऑनलाइन करेंसी, ऑनलाइन गेम या सट्टेबाजी में खोया हुआ पैसा अक्सर नहीं मिलता।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सारूबेड़ा में प्रथम शैलपुत्री की पूजा



**कुजू ।** बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित सारूबेडा में स्थापित दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मंगलवार को देवी के नौ रूपों में से प्रथम मां शैलपुत्री की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न हुई। मौके पर पुरोहित आचार्य मृत्युंजय पांडे ने वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ यजमान समाजसेवी कुमार महेश सिंह के हाथो दुर्गा सप्तशती के संपूर्ण पाठ के साथ संपन्न किया। यजमान कुमार महेश सिंह ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी लोगों का जीवन सुखमय बने, यही प्रार्थना माता से कामना है। उन्होंने देवी के नौ रूपों की पूजा में सुबह शाम श्रद्धालुओं से पूजा में शामिल होने का अनुरोध किया है । उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन देवी की नौ रूपों की पूजा के बाद शाम 7:00 बजे आरती एवं प्रसाद का वितरण होगा। पूजा को सफल बनाने में मनोज मिश्रा, प्रकाश सिन्हा, मुखिया रोजे करमाली, तेज प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुधीर सिंह, संतोष सिंह, नवल महतो, कामता सिंह, इंदल सिंह, मनोज श्रीवास्तव,राजीव सिंह,राकेश सिंह आदि योगदान दे रहे हैं।

### कुजू में भगवा ध्वज से पटा चौराहा



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में चैती नवरात्र विधिवत पूजा पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान मंदिरों व घरों में कलश स्थापना कर मां के स्वरूपों की पूजा अर्चना हुयी। नवरात्र के पहले मंगलवार को मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। हर तरफ भगवा ही भगवा नजर आने लगा है। नवरात्र के पहले दिन ही मंगलवार को होने से कई स्थानों से रामभक्तों द्वारा गाजे-बाजे के साथ मंगला जुलूस भी निकाला गया। गली-मुहल्लों में भी भगवा ध्वज के पट्टा बांध दिया गया है। जो काफी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### राम भक्तों की सेवा में लगा शक्ति कमेटी

**रामगढ़ ।** शहर में रामनवमी के प्रथम दिन भव्य मंगला जुलूस का आयोजन किया गया। मौके पर रामगढ़ युवा शक्ति कमेटी के द्वारा राम भक्तों की सेवा की गई। यहां उपस्थित मुख्य संरक्षक आजाद सिंह, तुलसी प्रसाद, दिनेश सिंह ने राम भक्तों की सेवा में जलपान की व्यवस्था की। मंगला जुलूस में शामिल लोगों को रामनवमी और नव वर्ष प्रतिपदा की शुभकामनाएं दी। आजाद सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पहली रामनवमी मनाई जा रही है। आम नागरिकों में इसे लेकर काफी उत्साह है। इस त्यौहार को शांति पूर्वक और संयम रख कर मनाना है। उन्होंने कहा कि हर सनातनी हिन्दू अपने घर में झंडा लगाए और शांति का संदेश दे।

### रामनवमी को लेकर निकला जुलूस



**रामगढ़।** रामनवमी को लेकर मंगलवार को रामगढ़ में भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। महावीरी पताकों और गाजे बाजे के साथ मंगला जुलूस में शामिल हजारों लोग जय श्रीराम , जय हनुमान के नारों से माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। मंगला जुलूस सिद्धू कान्हू मैदान से आरंभ होकर, चट्टी, झंडा चौक, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में युवा बैंड की धून पर नृत्य करते हुए करबत दिखा रहे थे। साथ ही युवाओं ने जुलूस में अस्त्र शस्त्रों का हैरतअंगेज करबत दिखाया। मंगला जुलूस के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों के बीच शर्बत,चना-गुड़ आदि का वितरण किया गया। मंगला जुलूस में पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व विधायक ममता देवी, समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, मनोज मंडल,छोटू सिंह, मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी, राजेश ठाकुर, अनमोल सिंह, संतोष नायक, तुलेश पासवान, प्रवीण सोनू, वसुध तिवारी, विजय जायसवाल, बलजीत सिंह बेदी, विवेक चक्रवर्ती आदि शामिल हुए।

### अंबेडकर जयंती लेकर कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंबेडकर जयंती मनाने के लेकर को मंगलवार को सयाल उत्तरी पंचायत के अंबेडकर स्थल में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वीरेंद्र पासवान एवं संचालन संजय शर्मा ने किया। बैठक में अंबेडकर जयंती की तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया गया कि 14 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती अंबेडकर मैदान में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की सफलता को ले कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सयाल उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेंद्र यादव को अध्यक्ष व कृष्णा साव को सचिव चुना गया। वहीं खजांची राम, ब्रजकिशोर राम, सतीश सिन्हा, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र पासवान, रामविलास यादव, सुभाष रजक को संरक्षक बनाया गया। जबकि सुनील कुमार राम, दीप नारायण राम, विसर्जन राम, रामकरण राम को कार्यकारी अध्यक्ष, विनोद कुमार, मो. इरफान, रामजी राम, इंद्रदेव राम को उपाध्यक्ष, अनूप कुमार सिंह, प्रभु पासवान, विमलेश कुमार, बजरंग राम को उपसचिव, सूचित राम, उदय कुमार मेहता व कृष्णा कुमार को कोषाध्यक्ष, जसीम अंसारी, आरके चौधरी, अमरनाथ पासवान, अक्षय कुमार सिंह, सरविंद कुमार, रामनाथ हरिजन को संगठन मंत्री मनोनित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यो में सूरज कुमार, प्रेम पासवान, भोलानाथ राम, बालचंद राम, अजय पासवान, मंजूलता कुमारी, गीता कुमारी, पूनम देवी, विशाल कुमार, संगीता देवी शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी ने भुरकुंडा के 14 पंचायतों में चलाया जनसंपर्क अभियान

# मोदी की बात ही भारत के विकास की गारंटी: मनीष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने मंगलवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया।

उन्होंने लोगों से भेंटकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी की बात ही भारत के विकास की गारंटी है। इस बार 400 के पार का नारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंद किया है। भाजपा के हर सिपाही इस कार्य को संकल्प के रूप में करने के लिए अभी से ही कमर कस लें। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए मोदी की सरकार तीसरी बार बनाने का आह्वान करें। उन्होंने कहा कि इस बार देश के सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी नहीं बल्कि मोदी खुद चुनाव लड़ रहे हैं। उनके गारंटी को गारंटी में तब्दील करना हमसबों का कर्तव्य है। जयसवाल ने बिरसा चौक, सुंदर नगर, पटेलनगर, चोरधरा रंकाटोला, लपंगा, जवाहर नगर, भुरकुंडा थाना मैदान, रिभर साईड दुंदुवा, ईमलीगाछ, चीफ हाउस, दतो, नकारी, सेंट्रल सौंदा, सयाल उतरी, सयाल दक्षिणी आदि क्षेत्रो का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहू, प्रदेश ओबीदी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, महामंत्री अशोक सोनी, बालेश्वर साव, गुलाब देवी, प्रदीप मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हजारीबाग में चलंत डीजे और भड़काऊ गानों पर रहेगा बैन

- रामनवमी व ईद को ले शांति समिति की बैठक में कई निर्णय
- जुलूस के दौरान बजने वाले गानों का प्रमाणीकरण जरूरी: उपायुक्त
- पर्व को ले प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं दुरूस्त : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** रामनवमी व ईद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मगंलवार को नगर भवन सभागार में हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बैठक में जिले भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को ले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो और विधि व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरुरी है। शोभा यात्रा के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं, सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण,भक्ति भाव तरीके से रामनवमी संपन्न हो इसके लिए ज़िला प्रशासन पिछले साल की तरह लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और चलंत डीजे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर लोगों पर निगरानी रखी जा रही है, एतिहातन पुलिस निषेधात्मक उपायों के तहत कुछ लोगों को नोटिस जारी कर नियंत्रण रखने की कार्रवाई किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां की जा रही। पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्यौहार को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना, नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। बैठक में नगर आयुक्त शैलेश कुमार,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, सदर एसडीपीओ सुभाशीष कुमार,सदर एसडीओ शैलेश कुमार, बरही एसडीओ, सिविल सर्जन, डीपीआरओ रोहित कुमार,एसडीपीओ सीओ बीडीओ व सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

### मानगढ़ में प्रसूता की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**चौपारण।** बेहरा पंचायत के मानगढ़ में प्रसूता जच्चा- बच्चा की मौत हो गयी। मृतका सुनीता देवी पति संतोष दांगी को मंगलवार को मानगढ़ स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां एएनएम प्रभा कुमारी ने कहा कि बेफिक्र रहें नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगा। समय बीतता गया और परिजन बार-बार दूसरे हॉस्पिटल ले जाने की बात करते रहे पर एएनएम उन्हें डांटते हुए शांत रहने की हिदायत देती रही। जब हालत गंभीर हो गयी तो एएनएम ने उन्हें चौपारण भेजा जहां डॉक्टरों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया।

विधायक उमा शंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, झामुमो नेता बीरेंद्र राणा, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, भाजपा नेता कृष्णा साव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। मनोज कुमार यादव ने कहा कि एएनएम की लापरवाही की वजह से महिला की मौत हुई है। एएनएम को अविलब बर्खास्त करते हुए, कानूनी कार्रवाई किया जाए।

# भुरकुंडा में निकला मंगला जुलूस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा में रामनवमी को लेकर मंगलवार को भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। गाजे-बाजे और महावीरी पताकों के साथ जुलूस में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरूष जय श्री राम, जय हनुमान का भक्ति नारा लगा रहे थे। पहली बार भुरकुंडा में मंगला जुलूस में नागपुर की औघड़ टीम ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंगला जुलूस एमईसीएल कॉलोनी सयाल मोड़ शीतला मंदिर प्रांगण से शुरू होकर पटेलनगर, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार होते हुए थाना चौक काली मंदिर पहुंची। रास्ते भर रामभक्त अस्त्र-शस्त्र का हैरतअंगेज करतब दिखाते रहें। वहीं औघड़ की टीम ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस में भाजपा हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल, भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, उप प्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उप प्रमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज रामसहित सैंकड़ो लोग शामिल थे।

### डटमा मोड़ में गाजे-बाजे के साथ निकला मंगला जुलूस

**कुजू।** डटमा मोड़ अलंकार सिनेमा हॉल स्थित शिव मंदिर से मंगलवार को रामनवमी पर्व को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। जुलूस मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर डटमा मोड़ हनुमान मंदिर, कुजू बस्ती, कुजू चौक से पुनः मंदिर परिसर आकर समाप्त हो गया। जुलूस के दौरान शामिल श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष लगाते रहे। पूरा क्षेत्र राममय हो गया। वहीं जुलूस में भगवा ध्वज आकर्षण का केंद्र रहा। जबकि नवयुवकों ने हैरत-अंगेज लाठी व तलवार बाजी किया। जुलूस में ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मुखिया बूच बाबा, राकेश मेहता रॉक, अशोक कुमार, ज्ञान मिश्रा, विद्याभूषण त्रिवेदी, भोला उपाध्याय, फुदन मिश्र, उमाशंकर गुप्ता, पवन करमाली, पंचित महतो, पप्पू ठाकुर, मनोज सिंह, गौरव दास, राहुल सिंह सहित महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

# श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

- भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र, बहेगी भक्ति की बयार और होंगे कई धार्मिक अनुष्ठान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मंदिर प्रांगण के समीप मंगलवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। 1001 कलशों से सजी जल यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए दामोदर नदी दोमुहानी पहुंची। यहां अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दामोदर नदी से कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ मंडप पहुंची। जहां कलशों की विधि-विधान से स्थापना की गई। इस दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। महायज्ञ में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। तप्ती धूप के बावजूद कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ रही थी। क्या बच्चे, क्या महिलाएं और क्या पुरूष सबके जुबां पर मां छठी मईया, गंगा मईया भगवान सूर्य सहित अन्य देवी-देवताओं का जयकारा गूंज रहा था। कलश यात्रा में बतौर अतिथि भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन पाधिकार सदस्य संजीव बेदिया, बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, विंध्याचल बेदिया, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, अशोक गुप्ता, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, विनय सिंह, राजू पांडेय, रमाकांत दुबे, अशोक तिवारी, हरिलाल बेदिया, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भुंईया, डब्लू पांडेय, जगतार सिंह, संजय यादव, मुकेश राउत, बीरेंद्र यादव, संतन सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष मौजूद थें। इधर कलश यात्रा के बाद बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भी यज्ञ मंडप में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। महायज्ञ के दूसरे दिन 10 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हो जायेगी। वहीं तीसरे दिन 11 को वेदी पूजन, यज्ञेश्वर आह्वान, प्रतिष्ठा, चौथे दिन 12 को अरणीमंथन, अग्नि स्थापना, होम आरंभ होगा। वहीं अंतिम सातंवे दिन 15 को पुणार्हुति व हवण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ के दौरान 10 से 14 अप्रैल तक रात्रि साढ़े बजे से उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निवार्णी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया जायेगा। वहीं 16 अप्रैल को भव्य भंडारा आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ में सात दिनों तक क्षेत्र में भक्ति की बयार बहेगी। साथ ही रात्रि में प्रवचनकर्ता अृमत वाणी श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबोयेगें। महायज्ञ के दौरान पूजा समिति ने क्षेत्रवासियों से मांस-मदिरा का सेवन न करने की अपील करते हुए भक्तिमय माहौल कायम रखने की बात कही है। महायज्ञ को सफल बनाने में संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, विजय, शंकर, विक्की आदि जुटे हैं।

## एक नजर में

### हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुआ। प्रशिक्षुओं ने अपने कॉलेज में प्लास्टिक फ्री कैंपस पर आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर बनाया। प्रशिक्षुओं ने पोस्टर के माध्यम से प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में संदेश दिया। प्रतिभागियों को अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया था। सभी ग्रुप से प्रथम तीन स्थान पर विजेता प्रतिभागियों को चुना गया। इनमें प्रथम स्थान अनीसा कुमारी और श्रुति पास्कल द्वितीय कोमल कुमारी और नेहा कुमारी व तृतीय स्थान पर हुमा जफर और प्रिया रानी रहीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, आईक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, एसएस मैती, गुलशन कुमार, रचना कुमारी, संदीप खलखो, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, डॉ अनुरंजन कुमार, डॉ मीरा सिंह, वर्षा कुमारी, स्नेहलता खलखो समेत प्रशिक्षु मौजूद थे।

### इचाक : कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**इचाक।** बोंगा में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह शिव शक्ति होमात्मक नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर किया गया कलश यात्रा का आयोजन ।कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब। भक्तों ने 3500 कलश लेकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया। कलश बोंगा शिव मंदिर से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए सेवाने नदी नगवॉ पहुंचा । बनारस से आए आचार्य तीर्थ देव त्रिपाठी एवं धर्मेंद्र शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण कर गंगाजल कलश में भरकर पुनः मंदिर पहुंचा। सैकड़ो भक्तों द्वारा जय श्री राम ,हर हर महादेव से गूंज उठा भक्तिमाय इलाका । कमेटी के अध्यक्ष भागवत मेहता एवं सचिव उमेश मेहता ने बताया कि 9 दिन तक चलने वाले यज्ञ में जागरण ,प्रवचन ,नाट्य कला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता डॉ. आरसी मेहता, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता ,कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ,मुखिया मोदी मेहता,समाजसेवी जयनंदन मेहता, इंद्रदेव मेहता, राजेंद्र मेहता, राजेश मेहता, अशोक मेहता, जागेश्वर मेहता के अलावे सैकड़ो भक्त हुए शामिल। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष भागवत मेहता, दशरथ कुमार मेहता, सचिव उमेश मेहता, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद मेहता ,अजय मेहता, रामचंद्र मेहता, सुभाष मेहता, मुरली मेहता ,दिलीप मेहता, मिथिलेश कुमार मेहता, विनोद कुमार ,वीरेंद्र मेहता, बालेश्वर मेहता के अलावे दर्जनों ग्रामीण शामिल है।

### बरही में पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा



**बरही।** नवरात्र को लेकर मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर कलश स्थापना को लेकर जुलूस निकाले गए। बरसोत, देवचंदा मोड़ कटीयौन आदि स्थानों पर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। जिसे दुर्गा मंडप में पूरे विधान के साथ स्थापित किया गया। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की गई। दुर्गा सप्तशती के अनुसार मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं, जो वृषभ पर सवार है। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प होता है। इनकी पूजा से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इनका प्रिय फूल सफेद उड़हुल व भोग दूध की मिठाई है। नवरात्रि के नौ दिन मां के विभिन्न स्वरूपों को पूजा की जाती है। बुधवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जायेगी। मां के इस स्वरुप को मिश्री, दूध और पंचामृत का भोग और पीला रंग बेहद पसंद है।

### आरोपियों को नहीं बख्शा जायेगा : एसडीओ

**बड़कागांव ।** मंगलवार को सांड, छपेरवा गांव गांव में कलश यात्रा के दौरान छवनिया में हुई घटना को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ शैलेश कुमार एवं संचालन एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने किया। शांति समिति की बैठक काफी गहमी रही। जिसमें ग्रामीणों ने कलश यात्रा में छवनिया गांव में लाठी डंडे के साथ व्यवधान डालने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को शांत करते हुए एसडीओ शैलेश कुमार ने कहा है कि जो भी आरोपी है उन्हें बख्सा नहीं जाएगा उन्हें जेल भेजा जाएगा। थाने में आवेदन दे दीजिए तुरंत कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मेरे सामने घटना घटी है आप आवेदन दीजिए आपके आवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी। वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया जाएगा और कार्रवाई होगी ।

### सेवा सहयोग समिति का कार्यालय खुला

**कटकमसांडी।** प्रखंड में सेवा सहयोग समिति नया कार्यालय खुला। कटकमसांडी में इस सेवा सहयोग समिति के संस्थापक यूथ आइकन हर्ष अजमेरा है। कार्यालय का उद्घाटन कटकमसांडी के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा शुभारंभ किया गया। समाजसेवी नीतिश सिंह ने बताया कि इस सेवा सहयोग समिति कार्यालय खुलने से कटकमसांडी प्रखंड के 50 गांव का लाभ मिलेगा। जैसे किसी को हॉस्पिटल किसी का शिक्षा या किसी भी तरह का सुविधा इस सेवा संस्थान के द्वारा असहाय गरीब लोगो को मदत किया जाएगा। मौके पर उपस्थित नीतीश कुमार सिंह,कृष्ण सिंह भोक्ता, बद्री हजम,मनोज अग्रवाल ,एवं सैकड़ो का निर्माण लोगों पर स्थित है।

### यज्ञ से शुद्ध होता है वातावरण: अरुण साहू



**बरही।** पंचायत गौरियाकरमा के भव्य कलशयात्रा में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने कहा कि यज्ञ से आसपास का संपूर्ण वातावरण शुद्ध होता है और मनुष्य के समस्त नकारात्मक विचारों का दमन होता है। ऐसे पवित्र आयोजन हेतु यज्ञ समिति के सभी सदस्यों सहित समस्त ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। मौके पर बरही प्रमुख मनोज रजक, तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष व गौरियाकरमा पंचायत प्रभारी प्रकाश विश्वकर्मा, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहू, गौरियाकरमा पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, प्रकाश चौधरी, मनोज पांडे, मुरली राम, उपेन्द्र दास, राजेंद्र राम, विजय राम सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# मोदी जरुरी हैं ताकि विकास यात्रा रुके नहीं, दिशा भटके नहीं : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में विगत 10 वर्षों से आत्मनिर्भर, विकसित और विश्वगुरु भारत बनाने की विकास यात्रा अनवरत जारी है। यह विकास यात्रा निर्बाध जारी रहे और इसकी दिशा में कोई भटकाव न आये, इसके लिए मोदी जी का प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरुरी है। आसन्न चुनाव में एक बार फिर जनता जनार्दन का आशीर्वाद लेकर मोदी जी एक नए भारत, बदलते, तेज गति से आगे बढ़ते भारत के निर्माण में संलग्न होंगे। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पिंडारो, कोनहरा कला, सलैया, बुचई, तुइयो, मधुबन, बेड़ोकला, जमसोती, बनगांवा, मनैया, जतघरा, तिलोकरी आदि गावों में जनसम्पर्क के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने यह बातें कहीं। वहीं उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में दो विचारधारायें काम कर रही हैं। एक भाजपा और मोदी जी की रचनात्मक सोच वाली विचारधारा है जो देश को गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाकर, प्राचीन समृद्ध भारतीय संस्कृति-परम्परा की पुनर्स्थापना को प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर वामपंथियों और उनके वैचारिक उधार पर चलनेवाली पार्टियों की विध्वंसक विचारधारा है जो भारतीय मूल्यों, वैचारिक विरासत और सांस्कृतिक गौरव का दमन करना चाहती है। तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से विकास को अटकाना-भटकाना और लटकाना चाहती है। जनसम्पर्क के क्रम में ही अन्नपूर्णा देवी वर्ष प्रतिपदा और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कई अनुष्ठानों में शामिल हुई।

# अंचल कार्यालय में अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन



**चतरा।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में अंचल कार्यालय में अंचल कोर्ट का आयोजन किया गया। भूमि विवाद निपटारा करने को लेकर राकेश सहाय के नेतृत्व में अंचल कोर्ट की शुरुआत हुई। अंचल कोर्ट में दो मामले आए, पहला मामला मारंगी गाँव के नागेश्वर रजक बनाम भेखलाल महतो का था, जिसमें भूमि की जमाबंदी कायम नहीं थी और मामले का निष्पादन सक्षम न्यायालय में किया जाएगा। दूसरा मामला मारंगी गाँव के राम रोहन बैठा बनाम विश्वनाथ वर्मा के बीच आया, जिसमें अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन कर मामले का निष्पादन किया और 29 अप्रैल को जमीन मापी का समय निर्धारित किया। अंचल कोर्ट में सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, कर्मचारी पप्पू यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### 45 गर्भवती महिलाओं का हुआ निशुल्क जांच



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना के तहत 45 गर्भवती महिलाओं की जाँच नि:शुल्क की गई और उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ दी गई। यह कार्य डॉ. अंजली कुमारी भगत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें एएनएम बिमला कुमारी, जीएनएम रिंकू कुमारी, फार्मासिस्ट अनिल कुमार सहीया, साथी सुचिता देवी और स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मी उपस्थित थे। महिलाओं की जाँच में हीमोग्लोबिन, एचआईवी जैसे अन्य जाँच किए गए और दर्जनों गर्भवती महिलाएँ उपस्थित थीं।

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**गिद्धौर।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के परसवां गांव निवासी मो. अरशद (25) वर्ष के दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी के विरुद्ध गिद्धौर थाना में दुष्कर्म के कांड संख्या 61/23 के नामजद अभियुक्त था। गिरफ्तारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय द्वारा की गई।

### कान्हाचट्टी में सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन



**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के कठौतिया गांव स्थित सरना स्थल में मंगलवार को सरहुल पूजा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी और मदगडा. पंचायत मुखिया सुप्रीया देवी शामिल हुए। सरना स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगलकामना की गई। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने आदिवासियों को प्रकृति महापर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरहुल झारखंड की पहचान है और यह पर्व संथाली आदिवासियों की प्रकृति के प्रति अकाट लगाव और प्रेम का परिचायक है।

### संत मैरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

▶▶ शिक्षा जीवन का आधार, इसके बिना सब बेकार है : निर्देशक



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत संत मेरी पब्लिक स्कूल नौकाडीह में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार राणा ने बताया कि यह परीक्षा मार्च से आरंभ हुआ एवं सोमवार को परिणाम पत्र दिया गया। इस परीक्षा में प्रियांशी कुमारी 98.1 प्रतिशत लाकर विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं निकिता कुमारी 94.1 प्रतिशत, स्नेहा कुमारी, प्रिंस कुमार, दीपिका कुमारी, सन्नी कुमार, शुभम कुमार, ऋषि राज सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि बेहतर परिणाम विद्यार्थियों के मेहनत और लगन को दशार्ता है। वहीं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को शिक्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। वहीं विद्यालय के निर्देशक पिंटू मोदी, प्राचार्य दिलीप कुमार राणा, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर रवि पासवान, रामजी यादव, कमलिका राणा, चांदनी परवीन, मनीष मोदी समेत छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

# एफपीओ संचालन को लेकर बीओडी सदस्य के साथ बीपीएम ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में बीएमएमयू कार्यालय में जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित होने जा रहे एफपीओ को लेकर बीओडी सदस्य के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के लिए कहा गया। साथ ही, जेएसएलपीएस के सभी कर्मचारियों को जल्द से जल्द एफपीओ को चालू करने और सदस्यों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एफटीसी अनिल प्रजापति, सीसी सुनील पासवान, निशांत कुमार, रंजीत यादव, सरदार जितेंद्र सिंह, सुमित्री देवी, आईपीआर सुनीता देवी, अजय कुमार, एलएचसीआरपी सुमन कुमारी, बीआरपी विजय रजक, युगेश्वर कुमार, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं मेंबर प्रतिमा देवी, सचिन, नीलम कुमारी, कोषाध्यक्ष उषा देवी, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# प्रखंड मुख्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** रामनवमी एवं रमजान को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड प्रशासन के अधिकारी पंचायत प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता रामनवमी जुलूस के लाइसेंस धारी गैर लाइसेंस धारी क्षेत्र के बुद्धिजीवी उपस्थित हुए। बैठक कि अध्यक्षता सीओ परमेश्वर कुशवाहा व संचालन थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने किया। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए शांति सोहार्द तथा भाईचारगी के साथ रामनवमी एवं रमजान मनाने को कहा। वहीं थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने कहा कि रामनवमी एवं रमजान का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनायें एवं सभी थाना क्षेत्र के अखाड़े वाले वोलेंटियर कि तैनाती करें जिससे शांति व्यवस्था कायम रहे। मौके पर बीडीओ हुलास महतो, पुर्व प्रमुख सावित्री देवी, राजकुमार यादव, रविशंकर तिवारी, रविशंकर सिंह, रंजीत सिंह, सुनील यादव, रविन्द्र गुप्ता, विजय यादव, जनार्दन यादव, धनेश्वर यादव, रविंद्र पांडेय, तौकीर आलम, अफजल मियां, दिवाकर तिवारी, संजय सिंह, दशरथ यादव उर्फ संजू, शंभू सिंह, सकलदेव सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, लखन पासवान आदि लोग मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर नवलशाही थाना परिसर में भी रामनवमी व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीतीश कुमार व संचालन मुखिया बेदू साव ने किया। वहीं थाना प्रभारी ने रामनवमी व रमजान पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की लोगों से अपील की। मौके पर एसआई रवि प्रकाश पंडित, बीणा देवी, देवनारायण यादव, किशोर यादव, बिरेंद्र यादव, सुभाष यादव, राजकुमार साव, हबीब मियां, अजय यादव, रणवीर शर्मा, राजेंद्र यादव, पंकज यादव, इकबाल मियां, ब्रह्मदेव यादव, देवकी राय, रामेश्वर राय आदि लोग मौजूद थे।

# नौ दिवसीय श्री नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

▶▶ यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड क्षेत्र के बेलहर गांव में नौ दिवसीय श्री नारायण महायज्ञ सह भगवान भास्कर व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, भाजपा नेता दिनेश्वर भुइंया, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, जीतन राम, उज्ज्वल दास आदि शामिल हुए। कलश यात्रा में एक हजार से अधिक लोग शामिल थे जिसमें लगभग पांच सौ महिलाएं व बच्चियों ने कलश ले रखी थी। जजला धाम स्थित यज्ञ मंडप से कलश सह शोभा यात्रा निकली और बेलहर, चौथा, कुब्बा, बनवारा, बरवाडीह पत्थलगडा लेम्बोइया मंदिर पहुंची। मंदिर परिक्रमा के बाद सुभाष चौक, दुम्बी आदि गांवों का भ्रमण करते हुए जजला नदी पहुंची। यज्ञाचार्य श्री मधुसुदनाचार्य और उनके सहयोगी पंडितों ने पूरे विधि विधान से गंगा पूजन करा कर कलश में जल भरवाया। सभी श्रद्धालु कलश को लेकर यज्ञ मंडप पहुंचे और कलश को विधिवत स्थापित किया गया। मालूम हो कि नौ दिनों तक चलने वाले यज्ञ में हवन पूजन आरती के बाद रात्रि में उत्तरप्रदेश से आई गुंजन किशोरी द्वारा कथा का आयोजन होगा। बेलहर गांव में ग्रामीणों ने जजला नदी के तट पर भगवान भास्कर और हनुमान जी का आकर्षक मंदिर बनवाया है। मंदिर निर्माण के साथ ही महायज्ञ की तैयारी शुरू हो गई है। पूरे क्षेत्र में यज्ञ को लेकर उत्साह का माहौल है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष महादेव दांगी, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सचिव राजकुमार दांगी, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# जेजे कॉलेज में पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीडीसी ऋतुराज के निर्देशन में जेजे कॉलेज में पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। वहीं प्रशिक्षक नरेश प्रसाद यादव ने पोस्टल बैलेट प्रपत्र 12 की जांच कर जमा करने का प्रशिक्षण दिया, साथ ही 13 (क, ख, ग, घ) के बारे में जानकारी दिया। वहीं प्रशिक्षक रविकान्त कुमार रवि ने वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करवाया। प्रशिक्षण के दौरान डीडीसी ने सभी कक्ष में जाकर आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उमेश कुमार सिन्हा, रामचन्द्र ठाकुर, सुदीप सहाय, मनोज चैरसिया, उदय कुमार सिंह, दिलिप बर्णवाल, अश्विनी तिवारी, राजेश्वर पाण्डेय, संजय सुमन, विवेक रंजन, माधव कुमार, सत्यजीत हिमवान, प्रेम नारायण मेहता आदि मौजूद थे।

# कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया प्रखंड का दौरा



▶▶ भगवती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हुई शामिल

**सतगावां (कोडरमा)।** कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव मंगलवार को प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार अंतर्गत ग्राम पचाने में मां भगवती मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। वहीं उन्होंने क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि इस तरह के आयोजन से आत्मा को शांति व क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इसके आलावे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष जुल्मधारी राय, मुकेश राणा, संजीव कुमार, कैलाश यादव, नागेंद्र सिंह, कंचन कुमारी, नरेश राय, मो. जिब्राइल, दुर्गा राय, गणेश कुमार, राजेन्द्र राय, तेतरी देवी, अनिता देवी, गीता देवी समेत कई श्रद्धालू मौजूद थे।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्री महेश एकेडमी के छात्र-छात्राओं का अव्वल प्रदर्शन



**डोमचांच (कोडरमा)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 में श्री महेश एकेडमी डोमचांच के छात्र-छात्राओं ने अव्वल प्रदर्शन किया। वर्ग-षष्ठ से वर्ग-दशम तक के सभी सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मंगलवार को भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत-2081 के शुभारंभ के अवसर पर गायत्री तीर्थ, शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त प्रमाण पत्र वितरित किए गए। छात्रा रुखसार परवीन, कुसुम गोस्वामी, शिवम कुमार, समर कुमार, आलिया मेहता, प्रिंस कुमार, अंशिका कुमारी और आराध्या कुमारी ने उत्कृष्ट (80प्रतिशत) प्रदर्शन का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद, मोहनलाल पांडेय, मुकुल कुमार, संजय कुमार, रौशन कुमार, सौरव कुमार, सूरज कुमार शामिल हुए।

# राशन लेने गई महिला गिरी, मौत

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के लेवाड गांव में 50 वर्षीय बसंती देवी की गिरने से मौत हो गई। वह राशन लेने के लिए कुंदा स्थित डीलर सुनैना देवी के पास गई थी। राशन लेकर बाहर निकलने के बाद वह हिरामन यादव के घर के दरवाजे के ओटे पर बैठ गई और गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बसंती देवी को पहले से ही टीबी की बीमारी थी और दस दिनों से बुखार भी आ रहा था, जिससे वह काफी कमजोर हो गई थी। परिजनों ने उसे राशन लेने से मना किया था, लेकिन वह नहीं मानी और यह हादसा हो गया। कुंदा पंचायत मुखिया ने बताया कि तेज गर्मी के कारण बसंती देवी को चक्कर आया और वह गिरकर मौत के शिकार हो गई।

# जिला महिला क्रिकेट में झारखण्ड पब्लिक स्कूल के बारह छात्राओं का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** अंतर जिला अन्डर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला महिला टीम मंगलवार को कोडरमा स्टेशन से बोकारो के लिए रवाना हुई। यह महिला क्रिकेट टीम बोकारो में झारखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में झारखण्ड के विभिन्न जिलों की टीमों के साथ मैच खेलेगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह ने बताया की जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जिले की महिला क्रिकेट टीम बनाने के लिए पिछले कई वर्षो से लगातार प्रयास जारी था, जो इस वर्ष जाकर सफल हुआ। जिस कड़ी में पिछले वर्ष झारखण्ड पब्लिक स्कूल सहित जिले के लगभग सभी स्कुलों से टीम गठन को लेकर सहयोग मांगा गया, जिसमें केवल झारखण्ड पब्लिक स्कुल के प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने विशेष रूप से रूचि दिखाते हुए विधालय के शिक्षक राजू रंजन सिन्हा को इस कार्य में लगाया और उसका परिणाम सामने है।

### वार्षिक परीक्षा सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपराही बेहराय में स्थित संजीवनी अकादमी में नववर्ष प्रतिपदा को विद्यालय स्थापना दिवस पर वार्षिक परीक्षा सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशक संजीव कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक वर्ष की उपलब्धि को बताया और वार्षिक परीक्षा का परीक्षा फल प्रकाशित किया। मौके पर उपस्थित भोंडो पंचायत की उप मुखिया सह विद्यालय अभिभावक मंजू देवी, मनिता देवी, राजेश यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, अजय यादव, रामबृक्ष यादव, कुसुम देवी, गौरी देवी, कविता देवी, रियाज अंसारी के साथ बच्चों को प्रगति पत्र का वितरण किया और वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रधान शिक्षक एचएन बक्शी, बिनोद कुमार ने नए सत्र में प्रवेश के लिए सभी को बधाई दिया।

### उपायुक्त ने की सीएसआर समिति की बैठक



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सीएसआर समिति अंतर्गत सभी ईकाईयों को समाज के उत्थान के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सीएसआर के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। जिनकी भागीदारी नहीं हो पा रही है, उनको भी सहयोग देने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। आजीविका के क्षेत्र में आवश्यक कार्य करने को कहा गया। डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी अपने उद्योग में बूथ अवेयरनेस फोरम बनायेंगे और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। हस्ताक्षर और सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य करें। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, उद्योग विभाग से मैनेजर राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## एसडीओ की अध्यक्षता में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति बैठक बैठक संपन्न

# रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर शराब के खरीद बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध : सुरेंद्र उरांव

▶▶ हंटरगंज से कौलेश्वरी पथ के अतिक्रमण को मुक्त कराये जाने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में रामनवमी पर्व पर लगने वाले मेले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सुरेंद्र उरांव ने की और संचालन बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप ने किया। रामनवमी के मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा पर चर्चा हुई। लाखों श्रद्धालु बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड से आते हैं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। गर्मी को देखते हुए तीन दिन में तालाब और कुएं की सफाई के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में चप्पल पहनने पर प्रतिबंध रहेगा और गंदगी फैलाने पर 1100 रुपये जुमार्ना लगेगा। हंटरगंज से कौलेश्वरी तक खराब सरकारी चापाकलों को चिन्हित कर पेयजल विभाग से ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। कौलेश्वरी मंदिर परिसर में साफ-सफाई के लिए रखे गए चार लोगों को काम ठीक से न करने के कारण हटा दिया गया है। हंटरगंज से कौलेश्वरी तक पथ के किनारे अतिक्रमण किया गया है और रामनवमी खत्म होते ही अतिक्रमण का मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। हंटरगंज कौलेश्वरी पथ को अतिक्रमण मुक्त कराना समय की मांग है। कौलेश्वरी पर्वत पर हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मावलंबियों का अपना-अपना आस्था है और इस पर्वत पर देश-विदेश से श्रद्धालु आते रहते हैं। पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहे इस क्षेत्र में मेले के दौरान मेडिकल टीम को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। मेले में पार्किंग के लिए मोटरसाइकिल से 20 रुपए और फोर व्हीलर से 50 रुपए शुल्क लिया जाएगा। मेला और पर्व के दौरान पर्वत पर शराब की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मेले के दौरान हाईवे और भारी वाहनों का परिचालन रात 9 बजे तक रोका जाएगा। मेले में डस्टबिन का उपयोग करने पर बल दिया गया है ताकि मुंडन के बाल उसमें रखे जा सकें।

## राजद ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

# गरीबों के नेता सुभाष यादव की रिहाई के लिए मांगी विशेष दुआएं



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल मंगलवार को झुमरीतिलैया स्थित विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास परिसर में शाम 6 बजकर 13 मिनट पर सैंकड़ो मुस्लिम धमार्लंबियों ने इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रोजा खोला। इफ्तार के पूर्व मौलाना आलम ने देश में भाईचारगी, अमन और उन्नति के लिए सामूहिक दुआ मांगी। वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की रिहाई के लिए विशेष दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी में राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, अवधेश प्रसाद यादव, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. सरफराज नवाज, आमिर निजामी, मुमताज अंसारी, नोमनुल हक, गालिब मंसूरी, परवेज खान, असलम अंसारी, मो. सलीम, सोनू बारसी, असरफ अली, मो. मोजहिर अंसारी के अलावे मनोज रजक, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, चांद आलम, जेएमएम नेता श्यामदेव यादव, प्रेम पांडेय, जैकी यादव, सूरज यादव, कुलदीप यादव, चुन्नू मंसूरी, अनुराग सिंह, इनामुल हक, राम बच्चन यादव, किशोरी यादव, टुकलाल यादव, घनश्याम तुरी, सतेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### कोलवाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलैया और चिरैया मोड़ के बीच एक कोयला वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान गांगपुर गांव निवासी आबिद अली के पुत्र हसनैन अली और राहत अली के पुत्र अमन आलम के रूप में हुई है। राहगीरों ने सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी।

स्पीड न्यूज



## आइएसडब्ल्यूपी में रिकार्ड 26587 टन उत्पादन पर कटा केक

**जमशेदपुर।** रॉड मिल में मंगलवार को अब तक का सर्वाधिक उत्पादन जो 26587 टन होनी के कारण केक कटिंग समारोह का आयोजन तार कंपनी आइएसडब्ल्यूपी जनरल ऑफिस में संध्या 6 बजे किया गया जिसमें कंपनी के चेयरमैन आशीष अनुपम, प्रबंध निदेशक अभिजीत ननोटी, वी पी जेके सिंह, यूके मिश्रा, वी पी विजयंत कुमार, यूनियन महामंत्री पंकज कुमार सिंह, यूनियन डिप्टी प्रेसिडेंट श्रीकांत सिंह, जेम्को महामंत्री अमित सरकार उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए कंपनी चेयरमैन आशीष अनुपम ने कहा कि पूरी कंपनी के टीम को बधाई। आने वाले दिन में कंपनी टाटा स्टील में समायोजित होने जा रही हैं। ऐसे में आपलोग को अपनी अलग से पहचान बनानी होगी और आप्लोग की हौसला देख कर ऐसा लगता है कि आप लोग अपने हर कोशिश में सफल होंगे। समारोह में एचआर की हेड शिल्पी सिवांगी, यूनियन से दानी शंकर तिवारी, अमरीक सिंह, गुरविंदर सिंह और भी काफी कर्मचारी शामिल थे।

## सुजीत पाणिग्राही ने नौवीं बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रक्त जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले इसके लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार सक्रिय है। इस कड़ी में आज टाटा स्टील के सुजीत पाणिग्रही ने मंगलवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक में 09वीं बार प्लेटलेट्स का दान किया। इससे पूर्व भी श्री पाणिग्रही अब तक 25 बार रक्तदान कर चुके है। इस गरिमामयी अवसर पर ब्लड बैंक के प्रबंधक संजय चौधरी एवं रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं डिजिटल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में ऑनलाइन क्लास की मांग

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अधीन संचालित जमशेदपुर कॉ-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में इस बिषण गर्मी के कारण विद्यार्थी काफी परेशान है जिसके चलते उपस्थिति भी काफी कम है यह लॉ कॉलेज के साथ-साथ अन्य कॉलेजों का भी हाल है जिसको लेकर कॉलेज के पूर्व छात्र अमर तिवारी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से मांग की है कि जमशेदपुर कॉ-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में जून माह तक ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था की जाए, अमर तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष भी मांग करने पर गर्मी छुट्टी में ऑनलाइन क्लास हुई थी, परंतु इस वर्ष गर्मी पहले ही आ गयी है और साथ ही चुनाव आयोग द्वारा भी कॉलेज को कब्जे में लिया जायेगा, जिससे पढ़ाई भी बाधित होगी, इसीलिए विश्वविद्यालय को जल्दी ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था करनी चाहिए।

## पीठासीन और मतदान अधिकारी ठीक से समझें अपनी भूमिका : डीसी

**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण, बोले- मतदान दिवस के दिन बूथ पर आपकी भूमिका महत्वपूर्ण, प्रशिक्षण के दौरान अपने दायित्वों को अच्छी तरह समझें। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पीठासीन पदाधिकारी और मतदान अधिकारी के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर में संचालित किया गया। इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया।

# मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंधन वाले टॉप 10 कॉलेज आवासीय सोसायटी किये जायेंगे सम्मानित: अनन्य मित्तल

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने कॉपरेटिव कॉलेज में 18+ मतदाताओं को किया संबोधित
- उत्सव के माहौल में चुनाव में भागीदारी निभायें, अपने साथ 10 अन्य लोगों को भी बूथ तक मतदान के लिए लायें : डीडीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी कॉलेज में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, आवासीय सोसायटी में वोटर अवेयरनेस फोरम तथा बूथ स्तर पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा आयोजित क्विज कॉम्पिटिशन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने युवा मतदाताओं को संबोधित किया एवं मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

**ग्रामीण क्षेत्र से सीख लें शहर के मतदाता :** मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन, नाम दर्ज नहीं हो तो फॉर्म 6 से नाम निबंधन तथा मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी युवा अपनी सहभागिता दें... ये बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने अपने संबोधन में कही। उन्होने शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रति उदासीनता को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि जागरूक, शिक्षित तथा सभी सुविधा होने के बावजूद शहरी मतदाता मतदान देने अपेक्षित संख्या में नहीं पहुंचते, ऐसा चुनाव आयोग के डाटा में रिफ्लेक्ट होता है। जरूरत है कि शहरी क्षेत्र के मतदाता एक-एक वोट का महत्व को समझें तथा मतदान जरूर करें ताकि एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भी भागीदारी सुनिश्चित हो।



युवा मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प शपथ दिलाते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल व सहयोगी पदाधिकारी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने युवा मतदाताओं से अपील किया कि अपने नाम का सत्यापन जरूर करा लें ताकि मतदान के दिन पूर्ण रूप से आश्वस्त होकर मतदान केन्द्र में जाकर अपना मत दे सकें। उन्होने बताया कि शत प्रतिशत नाम निबंधन करने वाले शिक्षण संस्थान (ईएलसी) हों या आवासीय सोसायटी (वीएएफ), या अन्य संगठन जिला स्तर पर टॉप 10 को सम्मानित किया जाएगा। 15 अप्रैल से पहले सभी छूटे हुए योग्य मतदाताओं का नाम निबंधन जरूर करायें ताकि वे मतदान कर सकें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाकर आगामी लोकसभा चुनाव में अपने एवं अपने परिजनों के साथ बढ़-चढ़कर 25 मई को मतदान करने की बात कही गयी।

डीडीसी सह वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने ईएलसी के प्रयासों की सराहना कर कहा कि काफी अच्छा सहयोग सभी स्तर पर जिला प्रशासन को प्राप्त हो रहा है। जरूरी है कि इसी जोश को मतदान के दिन तक बरकरार रखते हुए मतदाता अपने बूथ तक मतदान करने पहुंचे। युवाओं से अपील की है कि मतदान के दिन अपने साथ कम से कम 10 लोगों को मतदान कराने बूथ पर पहुंचें तथा उत्सव के वातावरण में मतदान करें। मौके पर एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, डीसीएलआर घाटशिला नीत निखिल सुरीन, सहायक निदेशक पंचायती राज डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

# तिरिंग चेक पोस्ट में जांच के दौरान ₹11.16 लाख बरामद

- छह मोटरसाइकिल से पेंट के डब्बे में पैक कर ओडिसा ले जाये जा रहे थे नोट

**खबर मन्त्र टीम**

**पोटका/ जमशेदपुर।** कवाली थाना क्षेत्र के झारखंड ओडिशा सिमाना पर बने तिरंग चेक पोस्ट पर मंगलवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे जांच के दौरान अलग अलग छह मोटरसाइकिल से 11 लाख 16 हजार 550 रुपए बरामद किया गया। कवाली पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी नोटों तथा मोटरसाइकिल को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा। सभी मोटरसाइकिल सवार ओडिशा तथा बंगाल के रहने वाले है। जप्त नोटो के बारे उन्होंने संतोष जनक जवाब नहीं दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सभी छह मोटरसाइकिल सवार ओडिशा से जमशेदपुर जा रहे थे। मोटरसाइकिल में बड़ा बड़ा पेंट का डब्बा तथा थैला लटका हुआ था। उसी थैला में नोटो का बंडल था। जांच के दौरान सभी के थैला से नोटो का बंडल निकला। जिसमे वहां संख्या डब्लू बी 68 एजे 2131 से 3 लाख 86 हजार 676, डब्लू बी 68 एए 3448 से 23 हजार 114 रु, डब्लू बी 68 ए एच 0716 से 2 लाख 1 हजार 760 रु, ओ डी 09टी 6210 से 3 लाख, डब्लू बी 62एस ओ 383 से 1 लाख 45 हजार, डब्लू बी 68 ए एस 7207 से 60 हजार रुपये बरामद किया गया।



बरामद की गयी बाइक।

जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने इस मामले की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि परीक्षा बाइक पर सवार लोग जा रहे थे सभी की गाड़ी में रंग का डब्बा था बाइक सवार सामान्य तौर पर जा रहे थे कि पुलिस चेकिंग के दौरान उनको रोक लिया गया सारे लोग रंग का डब्बा बताने लगे। लेकिन पुलिस ने जब सारे बन को खुलवाया तो उसमें कैश भरा हुआ था। सभी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछना शुरू कर दी है। रंग के डब्बू से बरामद कैश की गिनती की गई है और पाया गया है कि बन में कुल 11 लाख 16 हजार रुपए हैं। इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज की गयी है।

### हिरासत में लिये गये युवक पाव रोटी बेचते हैं

पकड़े गये युवकों ने पुलिस को बताया कि वे लोग पावरोटी बेचते हैं और उनकी बिक्री की सारी कमाई को लेकर उड़ीसा जा रहे थे। सारे लोग एक साथ जा रहे थे सारे लोगों का पैसा ब्रेड की बिक्री से मिला था।

## एक नजर में

### चांडिल एसडीओ ने की रामनवमी को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में रामनवमी उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। रामनवमी के अवसर पर निकलने वाला जुलूस रात दस बजे तक समाप्त होगी। एसडीएम शुभ्रा रानी ने कहा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर प्रशासन खास नजर रखेगी। चांडिल बस स्टैंड के पास नाली के सफाई को लेकर रेलवे से इस संबंध में बात किया जायेगा। एसडीएम ने रामनवमी अखाड़ा कमेटी को कई निर्देश दिये। इस बैठक में चांडिल एसडीपीओ सुनिल कुमार राजवाड़, चांडिल बीडीओ तालेश्वर रविदास, पप्पू वर्मा, संजय चौधरी, विमलेश मंडल, आकाश महतो, मनोज सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य को मिला स्वर्वेद




**जमशेदपुर।** मंगलवार को झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से उनके हरमू स्थित कार्यालय में विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा नें मुलाकात कर बताया कि आज हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष एवम विश्व के अन्य देशों में भी एक-बैनर, एक-दिन, एक-समय मंगलवार प्रातः 7 बजे विश्वव्यापी स्वर्वेद यात्रा निकाली गयी। स्वर्वेद देते हुए नीरज ने कहा कि स्वर्वेद विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ है, मानव जाति के उत्थान के इस ग्रंथ में ज्ञान, वैराग्य, भक्ति का यथार्थ है। इसके श्रवण मात्र से शुभ संस्कारों का उदय होता है एवं विहंगम योग के अभ्यास साधना से परम आनंद शांति का अनुभव मिलता है। स्वर्वेद पाकर सुप्रियो ने हर्ष व्यक्त किया।

### विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने किया लोगों को जागरूक



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने राहरगोड़ा, गदरा के ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। घर-घर से लेकर दुकानों तक 18 वर्ष के छात्रों अथवा बुजुर्गों तक ये अभियान चला। बताया गया कि 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मतदान करें। देश के विकास में भागीदार बनें। लोगों को वोटर आईडी संबंधित फार्म संख्या 6 के बारे में भी बताया गया और जिनके वोटर आईडी नहीं बने उनको भी वोटर आईडी बनाने के लिए अधिकारी से संपर्क कराया गया जो नए वोटर हैं वह बहुत ही उत्साहित दिखे आने वाले महापर्व में वोट करने के लिए। संस्था के तरफ से डॉ मनीष झा, पल्लबी झा,अशीष कुमार और अन्य सहयोग किया।

### जेसीआई जमशेदपुर पहचान की अध्यक्ष बनीं बीना



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की छठे सत्र की नयी कमेटी ने मंगलवार को पदभार संभाला। मंगलवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में बतौर मुख्य अतिथि जेसीआई जोन उपाध्यक्ष देवेश नागोरी के नेतृत्व में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। नयी कमेटी की अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी हैं। संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कमिटी का विस्तार किया जायेगा। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष बीना देबुका ने बताया कि संस्था का आगामी कार्यक्रम तीन दिवसीय पहचान लाइफस्टाइल फैशन प्रदर्शनी तुलसी भवन में 2, 3 और 4 मई को होने जा रहा हैं। मौके पर मुख्य अतिथि देवेश नागोरी द्वारा विकास और प्रबंधन प्रशिक्षण भी दिया गया। अंत में मोनिका बाकरेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में नयी टीम सहित संस्था से जुड़ी अन्य महिला सदस्य क्रमशः कविता धूत, किरण अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल, संगीता गुप्ता, नीमा आदि मौजूद मौजूद थी।

### केसरिया सेना ने ह्यूम पाइप दुर्गा पूजा मैदान से निकाली हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा



**जमशेदपुर।** गत सोमवार को केसरिया सेना के द्वारा ह्यूम पाइप दुर्गा पूजा मैदान भुइयांडीह से हिंदू नव वर्ष शोभायात्रा झांकी के साथ झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ सांसद विद्युत बरन महतो एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने किया एवं आमबगान सुभाष मैदान में आरती के साथ समापन किया गया। जिसमें केसरिया सेना के संरक्षक उमेश पांडे, अधिवक्ता चंदन चौबे, शुभम राम, नवीन शर्मा, अनमोल वर्मा, सुधीर तिवारी, रमेश विश्वकर्मा, शक्ति सिंह, कार्तिक डे, विवेक जयसवाल, सोनू शुक्ला, गोरख गुप्ता, जय पांडे, अनीश सिंह, सुनील पांडे, पिंटू कुमार, अरविंद राय, गणेश गुप्ता, योगेश दुबे, ललित पांडे, अरुण चौबे एवं सैकड़ों हिंदू युवा उपस्थित थे।

## चांडिल के चैनपुर में चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी विनोय मुर्मू (18) की गला रेत कर हत्या कर दी गयी है। युवक का शव घर से करीब आधा किलोमीटर दूर गांव के ही खेत में मिला। ग्रामीण जब मवेशी को चराने खेत जा रहे थे उसी समय खेत में युवक के शव को देखा। शव मिलने की सुचना ग्रामीणों ने युवक के घर वालों एवं चांडिल पुलिस को दिया। मृतक घर का एकलौता बेटा था।

घटना की सुचना मिलने पर चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मृतक के घर पहुंचकर मामले की छानबीन की। इधर मृतक विनोय मुर्मू के मां को घटना की सूचना मिलने पर रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बताया युवक सोमवार रात से ही घर से गायब था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। चांडिल थाना प्रभारी ने कहा पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।



विनय मुर्मू के परिवार से पूछताछ करने पहुंची पुलिस टीम।

## मैकेनिकल इंजीनियरिंग के चार विद्यार्थियों को विप्रो ने किया ₹4.78 लाख के पैकेज पर लॉक

**अरका जैन यूनिवर्सिटी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग एंड आईटी स्कूल में विप्रो परी की ओर से कैंपस सिलेक्शन किया गया। इसमें शामिल विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा, व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी ज्ञान आदि को परखा गया। फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। इनमें चार छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कंपनी में अपना स्थान बनाया। यूनिवर्सिटी के ये चारों छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के हैं। इन चारों छात्रों को कंपनी ने सालाना 4.78 लाख रुपये के पैकेज पर लॉक किया गया। इनका जॉब लोकेशन चेन्नई होगा। चयनित छात्रों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अभिषेक दुबे, शिव शंभु पांडेय, राहुल सरकार व संतोष ठाकुर शामिल हैं।






कैम्पस प्लेसमेंट के यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के सीनियर मैनेजर राहुल राज एवं प्लेसमेंट हेड हिमांशु सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही। यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं की सफलता को उनके परिश्रम और लगन का परिणाम बताया। श्री श्रीवास्तव एवं यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन डॉ एसएस रजी, के वाईस चांसलर डॉ ईश्वरन अय्यर, इंजीनियरिंग एंड आईटी स्कूल के डीन डॉ अरविंद कुमार पांडेय, कैंपस डायरेक्टर डॉ अंगद तिवारी समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को इस सफलता पर बधाई दी।

## सोनारी में भायली महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया गणगौर उत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल द्वारा मारवाड़ी समाज की महिलाओं के लिए 11 वां गणगौर सिंधारा उत्सव राजस्थान भवन सोनारी में धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी महिलाओं को गणगौर पूजन और सिंधारा की बधाई दी। संस्था अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में इस वर्ष भी सोनारी की 6 बुजुर्ग महिला क्रमशः शंकुतला दीवान, ज्ञानधारा बाहेती, गिन्नी बाई, शंकुतला देवी, संतोषी देवी, और बिमला देवी को साल और वरिष्ठ श्रीसम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित हुई बुजुर्ग महिलाओं ने मण्डल के उज्जवल भविष्य के लिए सबको आशीर्वाद दिया।




## पुरण चौधरी की बहन के घर छापामारी, असलहा बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने सौरभ चौधरी उर्फ पुरण चौधरी की गिरफ्तारी के बाद उसकी बहन को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुराण चौधरी ने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि उसने अपने सारे हथियार अपनी बहन सुमित्रा चौधरी के घर पर रखा है। जमशेदपुर पुलिस की इनपुट के आधार पर जयपुर पुलिस ने मुरलीपुर थाना क्षेत्र से पुरण चौधरी की बहन सुमित्रा चौधरी को गिरफ्तार किया और उसके आवास से दो पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस और एक खाली मैगजीन के अलावा मैगजीन का तीन केस भी जप्त किया गया। सुमित्रा चौधरी मूल रूप से राजस्थान के नीमकाथाना जिले के सिधौली गांव के रहने वाली है और अभी जयपुर के मुरली पूरा स्थित गणेश नगर में रहती है। जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको शिव बगान सिंह निवासी युवक मनप्रीत सिंह की गोली मारकर हत्या के आरोप में पुरण चौधरी को गिरफ्तार किया गया था।

## चैती छठ : डीसी-एसएसपी ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण

- जेएनएसी व टाटा स्टील यूआइएसएल को नागरिक सुविधाओं की बहाली के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी विसर्जन जुलूस के दिन झंडा को ठंडा किये जाने और चैती छठ को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा स्वर्णरेखा व खरकई नदी के घाटों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने सोनारी में दोमुहानी छठ घाट, कदमा सती घाट व बिष्टुपुर में बेली बोधन वाला घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों व जुस्को के प्रतिनिधि को छठ घाटों को दुरुस्त करने, साफ सफाई कार्य, समतलीकरण, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था संबंधित कार्य, घाट तक आवागमन के लिए सुगम रास्ता बनाने, रास्तों की मरम्मत, पीने के पानी की व्यवस्था, डेंजर जोन को चिह्नित कर आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव संबंधित कार्यों की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



छठ घाट का निरीक्षण कर लौटते डीसी और एसएसपी।

**क्या बोले एसपी :** उपायुक्त ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा उपरांत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।ऐसे में त्योहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न हो जो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आये। जिला प्रशासन द्वारा सभी नदी घाट पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक नागरिक सुविधा के समुचित इंतजाम किये जायेंगे, श्रद्धालुओं से अपील है कि जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए त्योहार मनाए तथा विधि व्यवस्था के सन्धारण में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

**क्या बोले एसएसपी :** वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर सभी छठ घाट, सार्वजनिक स्थल व संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रामनवमी विसर्जन जुलूस या छठ पर्व के दौरान श्रद्धालु ऐसा कोई कार्य नहीं करें जिससे कानून का उल्लंघन हो।

## सभी कार्यों में भागीदारी निभाते हैं सनातन धर्मावलंबी: डॉ शशिभूषण

■ नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने की और संचालन पंकज मिश्रा ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करना, राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा का गठन एवं गोवर्धन महायज्ञ का आयोजन करना तथा सनातन धर्म का रक्षा करना तथा गौ रक्षा करना और युवा सेना में 50000 युवा को जोड़ना, सनातन धर्म के सभी कार्यों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना समेत कई विषयों पर विचार विमर्श शामिल है।



**खास बातें :** बैठक में विधायक ने कहा कि रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा जनहित में कार्य करेगा। साथ ही सामूहिक विवाह व गौ रक्षा समेत सनातन धर्म के कार्यों में लोगों को भागीदारी निभाने की जरूरत है। बैठक में कृष्ण सनातन धर्म महासभा का कमेटी गठित की गयी। जिसमें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को संरक्षण, विरेंद्र शर्मा संयोजक, काशी विश्वकर्मा सह संयोजक, सुमित सिन्हा महामंत्री, विनोद राम मंत्री, अनुज जायसवाल सह मंत्री, सुनील पासवान कार्यकारिणी अध्यक्ष, सुरेश भगत कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनाये गये। इसके अलावे सदस्य में सीताराम दुबे, देवराज साव, रमेश कुशवाहा, संदीप यादव, सुधीर तिवारी, अजीत श्रीवास्तव, श्रवण गिरी, लाल बिहारी यादव, बसंत वर्मा, भगेश्वर राम, शंकर रजक समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

## शांति भंग करनेवाले किसी भी असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा : एसडीपीओ

■ सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व को लेकर विश्रामपुर थाना में हुई शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में तीन पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मानने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का निर्णय हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस सह विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह ने कहा कि समाज में समरसता कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यह सबों की सामाजिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि त्योहार को लेकर किसी भी तरह का अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है। इसलिए अफवाह न फैलायें।



**खास बातें :** थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रख रही है। शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, इद्रीस हवारी, पंकज कुमार लाल, पूर्व नगर अध्यक्ष देव नारायण सिंह, सुनील चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, विजय कुमार रवि, संजय उपाध्याय, मनीष कुमार सहित दोनों समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नावा जयपुर थाना में शांति समिति की बैठक



**पाटन, पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे के नेतृत्व में ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी एवं संचालन वीरेंद्र राम की। बैठक में आये सभी गणमान्यों ने अपनी कमेटी के बारे में बताया और समस्याएं रखी। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने सभी कमेटी अध्यक्षों की बातें सुनी। कहा कि चुनाव के मद्देनजर को देख ईद एवं रामनवमी को भाईचारे एवं शांति सौहार्द्र के साथ मनायें।

### भड़काऊ-अश्लील गीत पर होगी कार्रवाई



**मोहम्मदगंज पलामू।** रामनवमी और ईद को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ रणवीर कुमार की उपस्थिति में बैठक का संचालन थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने किया। अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने की अपील की। बीडीओ ने पर्व के दौरान चुनाव आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी ने शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने के साथ ही भड़काऊ, अश्लील गाने बजाने पर करवाई करने की बात कही। मौके पर मुखिया सुदर्शन शर्मा, उमेश राम, अरुण गुप्ता, रौशन कुमार, प्रशांत सिंह, उदय सिंह, पंसस ममता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, उपाध्यक्ष अजित सिंह, परशुराम सिंह, अबरार खान, सी बी रमण सिंह, विनोद पासवान, रामबचन बैठा, रामदेव मेहता, बबन राम, विश्वनाथ चौधरी आदि थे।

### प्रखंडकर्मियों ने निकाली बाइक रैली



**पाटन पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पाटन प्रखंड कर्मियों ने बाइक रैली निकाली। पाटन बीडीओ अमित झा के नेतृत्व में निकली बाइक रैली से लोगों को हर हाल में मतदान की अपील की। पाटन बीडीओ अमित झा ने सभी प्रखंड कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में स्थित मेहनत के मैदान में निष्पक्ष चुनाव की शपथ दिलायी। बीडीओ ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी निष्पक्ष वोटिंग कर एक अच्छी सरकार को चुन सकें। रैली में पाटन बीपीओ स्वीटी सिन्हा, सहायक कंप्यूटर आपरेटर धीरज कुमार, लेखा सहायक दीपक तिवारी, शिवम कुमार, वीएलडब्ल्यू मनोज कुमार, अजीत मिश्रा, श्रीकांत कुमार भी शामिल थे।

### विद्या मंदिर ने निकाली शोभायात्रा



**हुसैनाबाद पलामू।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी पंचांग और कैलेंडर तिथि अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 आगमन व स्वागत में विद्यालय के भैया बहनों ने शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत, विद्यालय के प्राचार्य एवं अशोक विश्वकर्मा ने शंखनाद कर किया। विभिन्न जयघोषों के बीच यात्रा नहर मोड़ से जपला छतरपुर रोड होते हुए जय प्रकाश चौक, मुख्य बाजार, पुरानी बाजार होते विद्यालय पंहुची। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सचिव राकेश तिवारी, प्रभारी प्राचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शिक्षक शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह भी थे।

### शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना में शांति समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी तारकेश्वर पासवान व संचालन तनवीर आलम ने किया। थाना प्रभारी ने शांति व सौहार्दपूर्ण वतावरण में भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अपील की। कहा कि जुलूस में कोई पोस्टर या राजनीतिक दल का नाम नहीं होना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाने में जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं दिन रात खड़ा रहूंगा। जिप सदस्य पूर्वी विजय राम ने बैठक में सामाजिक समरसता के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को शामिल करने की बात कही। मौके पर पश्चिमी जिप सदस्य आशा देवी, बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, एएसआई अरुण बावरी, यज्ञ समिति के सचिव पवन सोनी, योगेंद्र सोनी, अजीत तिवारी, हेमू खान आदि भी थे।

### नवाह्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ



**मोहम्मदगंज पलामू।** श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के पांचवें अधिवेशन को लेकर मंगलवार को मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया स्थित शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। मुख्य यजमान सह महायज्ञ के अध्यक्ष विपिन बिहारी (मंटू) सिंह सपत्नीक के अलावा काफी संख्या में सभी आयु वर्ग के पुरुष महिला श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। गाजे बाजे व जय श्रीराम, जय माता दी, जय हनुमान, हर हर महादेव के जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कलश यात्रा गांव स्थित देवी मंदिर होते हुए मेन रोड से कोयल और काशीस्त्रोत नदी के संगम स्थल पहुंची, जहां यज्ञाचार्य वेदांत उपाध्याय इंदौर (मप्र), सर्वेश कुमार पांडेय, सुरेश पाठक और ध्रुव पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाये। इसके बाद माथे पर कलश लिये श्रद्धालु क्षेत्र भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर परिसर में कलश स्थापित किये।

### रामनवमी, ईद, सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक, बीडीओ बोले

## त्योहार में एक दूसरे की भावना आहत न हो इसका ख्याल रखें

■ आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** अनुमंडल के छत्तरपुर थाना परिसर में रामनवमी एवं ईद,सरहुल त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर द्वारिका राम एवं संचालन थाना प्रभारी राजेश कुमार रंजन ने की। मौके पर बीडीओ आशीष कुमार साहू मौजूद रहें। सबसे पहले ईद को लेकर कार्यक्रम की जानकारी ली गयी इसके बाद रामनवमी के विभिन्न लाइसेंस धारी व अखाड़ों के सदस्यों ने अपनी-अपनी बात रखी। रामनवमी पर्व को लेकर सभी अखाड़ा समितियों के कार्यक्रम व रुपरेखा की विस्तृत जानकारी ली गयी। छत्तरपुर बाजार क्षेत्र सहित विभिन्न ग्राम व टोलों से पहुंचे सदस्यों ने विस्तृत जानकारी दी। चैत शुक्ल पक्ष प्रथमा से नवमी तक सुबह में नियमित प्रभातफेरी, नवमी को सभी अखाड़ा में महाबीरी ध्वज स्थापना उपस्थित हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण महौल में मनाने तथा एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही।



शांति समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

बीडीओ आशीष साहू ने कहा कि सभी को मिल-जुलकर पूरे उत्साह व खुशी से पर्व मनाना चाहिए। कहा कि हम सभी को वैसे सभी कार्यों से बचना चाहिए जिससे एक दूसरे की भावना आहत हो। उन्होंने कहा कि कुछ सीमाएं होती है। उसका सभी को पालन करना जरूरी है। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर सख्त कार्रवाई होगी।

## दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र हुआ प्रारंभ

### रामजन्मोत्सव का आगाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में मंगलवार को कलश स्थापना के साथ ही वासंतिक नवरात्र समारोह प्रारंभ हो गया। इससे पहले गाजा बाजा के साथ जलयात्रा निकाली गयी। जो मेन बाजार, झंडा चौक, मेन रोड से होते हुए बटाने नदी पहुंची। जहां पंडित धनंजय मिश्रा ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया। बाद में मां नवदुर्गा की उपासना के लिए मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। वहीं श्रीदुर्गा सप्तशती का नवाह पाठ श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त मंदिर में मौजूद रहे। उधर समारोह को लेकर मंदिर व परिसर की सुंदर सजावट की गयी है। जल यात्रा में मुख्य यजमान राजेश कुमार, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, पवन कुमार, रामदुलारे विश्वकर्मा, रिशु गुप्ता, रविकांत, तुषार कुमार, सीताराम कुमार, उदय कुमार, संजीव कुमार, करण राजवीर, साकेत कुमार सहित कई लोग शामिल थे। वहीं रामनवमी पूजा समिति ने राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया। मुख्य समारोह स्थल थाना के समीप संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में गाजे-बाजे के साथ महावीरी ध्वजारोपण तथा अखाड़ा पूजन किया गया। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



नवरात्र को लेकर निकली जलयात्रा में शामिल लोग।

### उंटारी रोड पुलिस ने किया 80 किग्रा जावा महुआ नष्ट



**उंटारी रोड।** पलामू एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर उंटारी रोड थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण व विक्री के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के सेमरी व लकडही गांव में उंटारी पुलिस ने छापेमारी की। गुप्त सूचना पर करीब 80 किलो जावा महुआ को उसी जगह नष्ट किया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि अवैध महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। छापेमारी अभियान में एएसआई मुन्नालाल जामुदा सहित थाने के पुलिस के जवान शामिल थे।

### मंगल भवन अमंगल हारी... के साथ यज्ञ आरंभ



**हुसैनाबाद पलामू।** चैत नवरात्र की शुरुआत जपला शहर के महावीर भवन में तृतीय वर्ष के प्रथम दिन रामचरित मानस नवाह प्रयाण यज्ञ आरंभ हो गया। आचार्य देवब्रत पाण्डे ने विधिवत पूजा अर्चना और मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सु दशरथ अजिर बिहारी, राम श्री राम के उच्चारण एवं मंत्रों से की। इससे पूर्व महावीर जी भवन यज्ञ समिति ने आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, श्रवण अग्रवाल, अनुज चौधरी, राकेश तिवारी, डॉ शिवप्रसाद मेहता, डॉ मलय रॉय, अरविंद ओझा, सचिन आनंद, संदीप सोनी, पप्पू सोनी, राजेंद्र पाल, उदय सोनी, अजीत अग्रवाल, कामाख्या नारायण सिंह, राजेश सिंह आदि कई गणमान्य लोगों ने सभी आचार्य को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

### पुलिस रिमांड के बाद मौत को लेकर हंगामा



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी अजय चौधरी अपने चचेरे भाई मनोज की हत्या के मामले में जेल गया था। जिसे पुलिस ने रिमांड पर लेकर कड़ी पूछताछ की थी। इसके बाद उसे पुन: जेल भेज दिया गया। जहां उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जिसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। अजय की मौत रिम्स में ही हो गयी। शव कल्याणपुर पहुंचते के साथ ही परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गये। शव लेकर डालटनगंज-चैनपुर मुख्य मार्ग कोयल पुल के समीप पुलिस चेक पोस्ट जाम कर दिया। वे पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। लोगों का आरोप है कि पुलिस रिमांड के बाद उसके साथ ज्यादती की गयी। साथ ही अजय को पुलिस ने काफी मारपीट और टार्चर किया।

## सुखी और अच्छा जीवन जीने के लिए हमें स्वस्थ रहना जरूरी है : डॉ आनंद

■ हिन्डालको ने हेल्थ डे पर किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

■ क्विज प्रतियोगिता में सफल महिलाओं को पुरस्कृत किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उदघाटन पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार ने किया। डॉ आनंद कुमार ने कहा कि सुखी और अच्छा जीवन जीने के लिए मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी भी कोई भी बीमारी छोटा और छिपाना नहीं चाहिए।

जैसे ही कोई बीमारी का लक्षण दिखें तत्काल चिकित्सक के पास जाकर इलाज कराना चाहिए। डॉ आनंद ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। बताया कोई भी परेशानी होने पर स्थानीय स्वास्थ्य उपकेंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाना चाहिए ताकि उचित इलाज हो सकें।




## अवधेश चेरो बने चतरा संसदीय क्षेत्र के जनजातीय संपर्क प्रमुख

■ पलामू लोकसभा के व्यावसायिक एवं सामाजिक विशेष संपर्क के सहसंयोजक नियुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ठेमा गांव निवासी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो को भारतीय जनता पार्टी झारखंड ने चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के जनजातीय संपर्क प्रमुख तथा पलामू लोकसभा के व्यावसायिक एवं सामाजिक विशेष संपर्क का सहसंयोजक नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आठ अप्रैल को सौंपी गयी। जिसमें प्रदेश प्रमुख बिरंची नारायण, प्रदेश एसटी मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, विधायक रामकुमार पाहन भी मौजूद थे। प्रदेश भाजपा ने अवधेश सिंह को स्पष्ट निर्देश दिया कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को हर हाल में जिताना है ताकि जनजातीय समाज का कल्याण हो सके। इधर, श्री चेरो ने बताया कि भाजपा ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

## हिन्दू नववर्ष पर शिशु मंदिर के भैया बहनों ने निकाली प्रभातफेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** विद्या भारती झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 के अवसर पर मंगलवार को घोष के साथ भैया बहनों ने संचलन किया। भैया बहनों ने हाथों में ध्वज पताका लेकर मुख्य मार्ग से गुजरते हुए नगर वासियों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रिशा लाइब्रेरी के प्रोपराइटर प्रेम गौरव ने भैया बहनों को मीठा और पानी देकर नव वर्ष की शुभकामना दी। झंडा चौक में भैया बहनों पर पुष्प वर्षा हुई एवं शरबत, बिस्कुट कुरकुरे देकर स्वागत किया गया। इस पुनीत कार्य में मुकेश प्रसाद शौंडिक, सत्यनारायण प्रसाद शौंडिक, राजेश प्रसाद शौंडिक, नीतीश प्रसाद शौंडिक, पंकज शौंडिक, सुनील शौंडिक,गोलू शौंडिक का भरपूर योगदान रहा।





### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने में अब छह दिन शेष : डीसी

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को लेकर पलामू लोकसभा के लिए 13 मई 2024 को मतदान प्रस्तावित है। जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करवाने को लेकर स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त शशि रंजन ने वैसे युवाओं जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हुआ है से आगामी 14 अप्रैल 2024 तक फॉर्म छः के जरिये मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की है।

## भगवान भास्कर की आराधना से आता है सकारात्मक भाव : प्रियरंजन पाठक



■ राष्ट्रीय सेवा मंच ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर की भगवान भास्कर की आरती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वाधान में आज स्थानीय छह मुहान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर उदीयमान भगवान भास्कर की भव्य एवं दिव्य आरती की गई इसके पूर्व एमडी पब्लिक स्कूल जेलहाता एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हमीदगंज की बहनों ने रंगोली बनायी। 101 दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हम भारतीय नव वर्ष मानते हैं। आज ही के दिन सृष्टि की रचना की गयी थी। कहा कि भगवान भास्कर की आराधना से सकारात्मक भाव आता है।

## शार्ट सर्किट से श्रृंगार दुकान में लगी भीषण आग, ₹20 लाख की क्षति होने का अनुमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन बाजार गोपाल मंदिर के समीप स्थित राघो मार्केट में संचालित शुभम श्रृंगार स्टोर नामक दुकान में मंगलवार की अहले सुबह भीषण आग लग गयी। इससे दुकान का सामान, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि इस पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों का प्रयास नाकाम होने लगा।

वहीं आस पास के दुकान तक आग फैलने का डर बन गया। बाद में सूचना पाकर हुसेनाबाद से आयी अग्निशमन दल द्वारा आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में दुकानदार विनय कुमार सिंह ने बताया कि दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना है। इस घटना में उसे लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग की लपट से दुकान की उपरी मंजिल पर रहनेवाले मकान मालिक गणेश जायसवाल के घर का कई इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक सामान भी जल गया। उन्होंने कहा कि सुबह करीब 4 बजे मकान मालिक ने फोन कर दुकान से धुआं निकलने की जानकारी दी। जबतक दुकान का शटर तोड़ा गया तबतक सामान पूरी तरह जल चुका था। बाद में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने घटनास्थल पर आकर नुकसान का जायजा लिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने हरिहरगंज थाना में सनहा दर्ज करायी है।




अगलगी की सूचना मिलने पर आग बुझाने जुटाने लोग और दमकल वाहन के कर्मचारी।

## सरकार के गाइड लाइन के अनुसार ही पर्व-त्योहार मनायें लोग : बीडीओ

■ फेसबुक और व्हाट्सअप पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व के सफल व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ पांडे ,सदर थाना प्रभारी उत्तम रा, एससी एसटी प्रभारी एस आई दुर्ग विजय ठाकुर, मनोज मुंडा, ए एस आई आनंद कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**खास बातें :** संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में त्योहारों को देख कई निर्णय लिये गये। कहा गया कि पर्व के दौरान सदर थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट पुलिस की तैनाती जगह-जगह रहेगी। सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने बताया कि सरकार के गाइड लाइंस को देख पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सदर बीडीओ ने बताया कि फ्लैग मार्च प्रशासन का सही निर्णय है। पुलिस भी चौक चौराहा पर रहेगी। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने बताया कि रामनवमी के दौरान डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजायें। फेसबुक में व्हाट्सएप और ट्विटर पर गलत पोस्ट न करें। पुलिस की इन सब पर पैनी नजर रहेगी। यह भी कहा कि सदर थाना क्षेत्र में रात में गस्ती कर चौक चौराहा पर पुलिस की निगरानी रहेगी। बैठक में जनरल अध्यक्ष रामनवमी पूजा सुआ कौड़िया टाइगर कुमार, परवेज अख्तर, पंसस अजीत सिंह, सुरेंद्र प्रसाद साव, शिक्षक रवींद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, जरू निशा, यदुवंशी सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद साव, छोटू विश्वकर्मा, अक्षय सिंह, मुकेश पांडे उर्फ बुलबुल पांडे, उप प्रमुख शीतल सिंह भी थे।

# सिलीदाग मवि में दो दिन से एमडीएम बंद, बीईईओ ने बात करने से किया साफ इंकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के माध्यमिक मध्य विद्यालय सिलीदाग विद्यालय में दिन ब दिन शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। जिससे विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम होते जा रहा है। मध्यम वर्गीय लोग निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए विवश है। सरकार द्वारा समुचित शिक्षा व्यवस्था के लिए बजट को बढ़ाया जा रहा है। लेकिन ये खर्च कहां जा रहे है। विद्यालयों में समुचित शिक्षा का व्यवस्था नहीं हो पा रहा है और शिक्षा स्तर निम्न से निम्नतर होते जा रहा है। अविभावक सरकारी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने में रूचि नहीं ले रहे। गत दिन ही राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-दो में वर्ग एक के विद्यार्थियों को वर्ग आठ के छात्रा कमरे को बंद कर पढ़ा रहे थे। सहायक अध्यापक आराम फरमा रहे थे। इसकी खबर प्रमुखता से छपी थी, जिसका विभाग पर कोई असर नहीं हुआ। 1883 ई. में शुरू हुआ सरकारी, राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग -2 एक सौ एकतालिस वर्षो के बाद भी आज उपेक्षित है। इस क्षेत्र का यह दूसरा सबसे पुराना विद्यालय, जो करीब एक एकड़ तेरह डिसमिल में फैला है, लेकिन विद्यालय भवन अधिग्रहित जमीन को छोड़ कर शेष जमीन पर ग्रामीणों नें अतिक्रमण लिया है। विद्यालय का अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों नें विभाग को लिखित सूचना दिये थे लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गत सोमवार से इस विद्यालय में एमडीएम भी बंद है, और सुबह का विद्यालय भी हो गया है। बच्चे बगैर भोजन किये और रबी फसल कटनी के कारण बच्चों के अभिभावक इसी कार्य में मजदूरी के लिए जाते है जिससे अधिकांश बच्चों को लंच नहीं मिल पाता, बच्चे खाली पेट ही विद्यालय आते है। दो दिनों से एमडीएम नहीं मिलने के कारण बच्चों में मायूसी है। एमडीएम बंद होने की बात बच्चों के द्वारा ही बताया गया। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, बीपीओ सुनीता कुजूर, विद्यालय कार्यालय में प्रभारी शिक्षक से पूछताछ कर रहे थे। जब उन्हें पता चला कि हम संवाददाता हैं तो बोले कि हम अभी बात नहीं कर सकते आप बाहर जाइये हम बाहर रुके इसके तुरंत बाद उठ कर अपनी निजी कार में बैठकर चले गये।

इस सम्बन्ध में प्रभारी शिक्षक ने बताया कि गत तीन माह से एमडीएम बिल का भुगतान नहीं किया गया हैं, जिस कारण एमडीएम सामग्री वितरक के द्वारा सामग्री रोक दिया गया हैं। जिस कारण गत दो दिनों से बच्चों को एमडीएम नहीं मिल पाया है। बिल भुगतान सम्बन्धित पत्राचार प्रधान शिक्षक नंदकिशोर चैबे के द्वारा तीन बार किया गया, लेकिन अभी तक बिल भुगतान नहीं हो पाया हैं, विभाग द्वारा पूछने पर कल पर टाल दिया जाता है। फोन से बीईईओ से पुनः सम्पर्क किया तो एमडीएम के सम्बन्ध में बताये कि चालू हो गया।


जानकारी लेते पदाधिकारी।

## खबर एक नजर में

### संस्कार भारती ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव


कार्यक्रम में संस्कार भारती के सदस्य।

**गढ़वा।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई के तत्वावधान में विक्रम संवत-2081 के शुभारंभ पर जुड़वनिया शिव मंदिर में वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई के सहमंत्री ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य निवेदित कर किया। इसके बाद उनकी आरती उतारी। सभी लोगों के बीच वर्ष प्रतिपदा उत्सव अर्थात भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही क्यों होता है, इस विषय पर सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने संकलित सम्बन्धित पत्रक वितरित किया। मौके पर युवा सांसद झारखण्ड व सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इसे अक्षुण्ण रखने हेतु हम सभी को निरन्तर प्रयास करना चाहिए। भारतीय नववर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है। क्योंकि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। साथ ही कई और महत्वपूर्ण प्रसंग भी इस तिथि से जुड़े हुए हैं। इसी दिन विश्व के सबसे बड़े व अनुशासित संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। हमारा दायित्व बनता है कि हमें अगली पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से पूरी तरह अवगत कराना चाहिए। मौके पर प्रो. उमेश सहाय, रविंद्र केशरी, रवि केशरी, राजेश कश्यप, रितेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

### मझिआंव में दो लोगों के बीच मारपीट, घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में दो लोगों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बरडीहा गांव के ही उमेश तिवारी के पुत्र प्रदीप तिवारी एवं सीताराम पासवान के पुत्र मोतीलाल पासवान का नाम शामिल है। दोनों घायलों को परिजनों ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्रदीप तिवारी को एक्स-रे कराने हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस संबंध में घायल प्रदीप ने बताया कि मैं मानवाधिकार एवं जन सूचना अधिकार संघ के प्रदेश संगठन प्रभारी एवं गर्वित मातृ भूमि का जिला ब्यूरो चीफ हूं। कुछ दिन पूर्व वार्ड सदस्य पति मोतीलाल पासवान मनरेगा द्वारा अपने जमीन में जेसीबी मशीन से दिन के लगभग 11 बजे तालाब का खुदाई करवा रहा था। इसी बीच तालाब निर्माण स्थल पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव, बीडीओ विजय राम एवं थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने पहुंचकर जेसीबी को जप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज किया। इसके पश्चात कुछ दिनों के बाद अन्य लोगों से मालूम चला कि मोतीलाल मेरे ऊपर हरिजन एक्ट केश करने वाला है। तो मैंने उसे टेलीफोन से पूछा तो उसने इनकार कर दिया। आज मैं अपने घर के समीप गेहूं कटवा रहा था। इसी बीच मोतीलाल पासवान मेरे को पास बुलाकर गाली गलौज करते हुए बोला कि तुम न्यूज चला रहे हो। मेरे बाप को जेल जाने की नौबत है। मेरे मोबाइल को छीनकर सड़क पर पटक दिया और अपने बूट वाला जूता से पेट, पीठ एवं गर्दन पर वार कर घायल कर दिया। वहीं घायल मोती पासवान ने बताया कि मैं कल गढ़वा में था। प्रदीप तिवारी ने फोन कर बोले कि तुम मेरे ऊपर हरिजन एक्ट केश क्यों कर रहे हो। तुम शाम को घर आकर मेरे से मिलो। मैं कल शाम को उनके घर नहीं जा पाया। और आज सुबह मैं अपने मोटरसाइकिल से ललगड़ा गांव जा रहा था। और वह अपने घर पास खड़े मेरे को देखते ही गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। और कहा कि तुम्हारी इतनी औकात है, तुम मेरे ऊपर हरिजन एक्ट केश करोगे। साथ ही उन्होंने कहा कि तुम ट्रैक्टर से बालू ढोकर बेचते हो, तो मेरे को कमीशन क्यों नहीं देते। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर उचित कार्रवाई किया जाएगा। इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि प्रदीप तिवारी एवं मोतीलाल पासवान के बीच झगड़ा होने की सूचना मिली है। दोनों को इंजुरी काटकर इलाज हेतु भेज दिया गया है। आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रेफरल अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक डॉ मनीष कुमार सिंह की मां का निधन

**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक डॉ मनीष कुमार सिंह की मां की अकास्मिक निधन हो गई। ग्राम पंचायत मोरबे गांव निवासी विजय सिंह के लगभग 65 वर्षीय धर्म पत्नी सुशीला देवी की आकस्मिक निधन से गांव एवं आसपास शोक की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर मनीष कुमार सिंह ने बताया कि 30 मार्च दिन शनिवार को 10 :00 बजे रात्रि में अचानक तबीयत खराब हुआ इसके बाद गढ़वा में दिखाया गया तो तबीयत कुछ नॉर्मल हो गया। इसके बाद सोमवार को मेडिका रांची ले जाया गया। जहां जांच के बाद मालूम चला कि हार्ट अटैक आई है। वहां से भी स्थिति ठीक नहीं हुआ तो भैया एयर एम्बुलेंस से गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा उपचार किया जा रहा था और खराब स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। पुणे पुणे एंबुलेंस के माध्यम से दिन सोमवार को शाम करीब 4 :00 बजे मोरबे निवास स्थान लाया गया। वहीं देर रात्रि लगभग 8 :00 बजे अचानक मां की निधन हो गई। इधर मौत की खबर सुनते ही गांव एवं आसपास के गांवों शोक की लहर दौड़ गई। वहीं दिन मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं अंतिम दर्शन एवं अंतिम संस्कार में नवल किशोर यादव, अशोक यादव, गुलाम गौस, राजन सिंह, सुदामा सिंह, रामयश सिंह, पंचम सिंह, सीधी सिंह, धीरज मिश्रा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### जीविका दीदी ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी प्रशान्त कुमार के आदेश के आलोक में मंगलवार को जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोकसभा 2024 निर्वाचन में कोई भी मतदाता मतदान से छूो नहीं इसके लिए निर्वाचनआयोग के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम जिले में चलाई जा रही है। उसी के तहत पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत बाजार सहित विभिन्न गांव मोहल्ले एवं वार्डों में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं जीविका बीपीएम के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों जीविका दीदी ने बैनर फ्लेक्स में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से अपने अधिकार को काम में लाएं मतदान करने जरूर जाएं ।जन-जन की है पुकार मतदान करना है मेरा अधिकार ।जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का बनेगा भाग विधाता सहित कई स्लोगन के साथ वारसलीगंज मोड तक रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। साथ ही रंगोली, मेहंदी, मसाज जुलूस तथा सभा का आयोजन कर मतदाताओं को लोकतंत्र में वोट का अधिकार एवं महत्व का संदेश देते हुए रिएक्शन तो होगा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया।

### मोटरसाइकिल सवार ने खड़े ट्रैक्टर में मारी टक्कर, मौत

**रमना।** एनएच 75 गढ़वा-मुडीसेमर मार्ग पर रमना थाना क्षेत्र के कबिसा लाल बगान होटल के समीप सोमवार की देर शाम तेज रफ़्तार के कारण अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल ट्रैक्टर से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे युवक की रांची जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतकों में श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के झुमरी गांव निवासी रामाशंकर यादव के पुत्र विकास यादव 24 वर्ष, उसी थाना क्षेत्र के गरबांध गांव निवासी विनोद यादव 24 वर्ष, बघऔतआ निवासी सुरज यादव का नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों युवक मड़वनिया गांव स्थित रिश्तेदारी में मृत्यु भोज कार्यक्रम में जा रहे थे।

## स्पीड न्यूज

### रमना में जुआ का खेल जारी

**रमना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही, करचा, परसवान में जुआ का खेल धड़ल्ले से जारी है। रात हो या दिन जुआ का खेल निरंतर जारी रहता है। सूत्रों की मानें तो सपही गांव के अजय वियार पूरे जुआ खेल का संचालन करता है। यही नहीं बहियार, बंशीधर नगर, रमना के अलावा दूर-दराज से आए जुआरियों का मजमा लगा रहता है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध धंधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अररिया में ट्रक और ई रिक्शा में भीषण टक्कर, दो व्यक्ति घायल

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया-बहादुरगंज फोरलेन मार्ग सिसौना बैरियर के समीप अनियंत्रित ट्रक और ई-रिक्शा के बीच हुई टक्कर में ई-रिक्शा पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अररिया सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में दोनों घायल व्यक्ति का इलाज किया गया है। डॉक्टर ने बताया कि घायलों के सिर में गंभीर चोट हैं। उनका सीटी स्कैन होगा। परिजनों ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्ति का नाम अजमल और युनूस बताया जा रहा है जो अररिया के सिसौना निवासी है।

### पचास हजार से अधिक नगद लेकर चलने पर बताना होगा विवरण : डीएम

**पूर्वी चंपारण।** डीएम सौरभ जोरवाल ने मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ एवं प्रलोभन मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधक एवं डाक अधीक्षक के साथ समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से बैक पदाधिकारियो को अवगत कराया। उन्होने कहा कि बैंक में एक लाख रुपये तक की एक मुस्त जमा या निकासी पर सभी बैंक नजर रखेंगे और किसी भी तरह की संदेह होने इसकी सूचना देनी होगी।पचास हजार से अधिक की नगद राशि लेकर यात्रा करते हुए व्यक्ति को राशि का विवरण रखना होगा और जांच के दौरान सभी चीजें स्पष्ट करनी होगी। बैंक में 10 लाख रुपये की जमा या बैंक से दस लाख की निकासी की सूचना आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को देनी होगी, जिसकी जांच पड़ताल आयकर विभाग अपने स्तर से करेगा।

### शराब तस्करी मामले में एक अभियुक्त को छह साल की सजा

**भागलपुर।** बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम में विशेष न्यायाधीश (उत्पाद-2) ने शराब तस्करी करने के मामले में मुकदमें की सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त गौतम कुमार राम को दोषी पाया था। वहीं इस मामले को लेकर आठ अप्रैल को सजा के बिंदु पर सुनवाई की गई, जिसमें गौतम कुमार राम को धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में 6 वर्ष की सजा साथ ही एक लाख रुपए जुमार्ना और जुमार्ना की राशि नहीं देने की स्थिति में 3 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली


रैली में उपस्थित सहिया व अन्य।

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया व सहिया साथी ने बीटीटी बृजमोहन राम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू हुई जो मुख्य मार्ग होते खरौंधी मोड़ से वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सहिया साथियों ने सच्चे मतदाता की एक ही पहचान, नगद, शराब या मुफ्त उपहार बिन करें मतदान आदि नारों के साथ लोगो को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। मौके पर बीटीटी ने कहा कि आपका एक मत आपका भविष्य तय करेगा। लोकतंत्र में वोट की बहुत ही ताकत होती है। जिसका उपयोग सभी मतदाताओं को करना चाहिए। मौके पर अमृता गुप्ता, आशा देवी, फुलपति, देवी, नीलम देवी, संगीता देवी, कुसुम देवी, अनीता देवी, पूनम देवी, इंदू देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थी।

## जिला प्रशासन नए समाहरणालय भवन में नई ऊर्जा के साथ करेगी कार्य : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर मंगलवार को कल्याणपुर स्थित नए समाहरणालय भवन में आधिकारिक रूप से काम-काज प्रारंभ कर दिया गया। डीसी ने नए समाहरणालय भवन पहुंच अपने कार्यालय कक्ष से मीडिया को संबोधित किया। डीसी श्री जमुआर ने बताया कि जिला प्रशासन नए समाहरणालय भवन में नए ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। लोगों को नए समाहरणालय भवन से बेहतर सेवाएं मिलने में भी आसानी होगी। वहीं नए समाहरणालय भवन के सभागार में पहले दिन हीं जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक भी की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा अपने-अपने विभागों से जुड़े कार्यालयों का संचालन आज से सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतीयश विजय टोप्पो, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी संजय प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामकथा आयोजन समिति ने निकाली विशाल कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


कलष यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**गढ़वा।** रामकथा आयोजन समिति नरगिर आश्रम के तत्वावधान में मंगलवार को नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 के अवसर पर विशाल कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। अयोध्या के परम पूज्य सन्त श्री अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य के सान्निध्य में यह शोभा यात्रा गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम से निकल कर मेन रोड होते हुए सहिजना दानरो नदी पहुंची। जहां आचार्य शैलेश शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कलश में अभिमंत्रित जल भरा गया। यात्रा के प्रारंभ में पूज्य प्रपन्नाचार्य जी द्वारा कलश पूजन हेतु संकल्प कराया गया। इसके बाद पुष्पवर्षा के बीच माता गढ़देवी के आशीर्वाद लेते हेतु शोभा यात्रा अपने गंतव्य की ओर गया। रामकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्दन जायसवाल के साथ सैकड़ों की संख्या में युवाओं की टोली भगवा ध्वज के साथ जय श्री राम का जय घोष करते नजर आए। मौके पर चंदन जायसवाल ने बताया कि नौ अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 6 बजे से 10 बजे तक संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रसंगों की सुन्दर झांकी भी दिखायी जायेगी। कलश यात्रा में संजय ठाकुर, गुड्डू हरि, जयशंकर पासी, विकास ठाकुर, मनीष कमलापुरी, धर्मनाथ झा, गौतम शर्मा, संजय सिंह, रूपक सिंह, गौरव जायसवाल, मोनू, राजा, गोलू, शांतनु केशरी, अंशु कांस्यकार, कुमकुम गुप्ता, उषा देवी, प्रिया कुमारी, शशि गुप्ता, ललिता केशरी, शकुन्तला केशरी, मीरा देवी, वीरांगना पांडेय, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

### ईद और रामनवमी पर्व को लेकर बरकाकाना ओपी परिसर में हुई बैठक



**बरकाकाना।** ईद और रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को बरकाकाना ओपी परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय पतरातू आंचल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु आंचल मनोज गुप्ता व ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली उपस्थित थे। इस दौरान दोनों ही त्यौहार आपसी प्रेम के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। ओपी प्रभारी मोह्न अख्तर अली ने कहा कि सभी लोग दोनों ही त्यौहार को आपसी प्रेम और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाएं। साथ ही निर्धारित रूट से होकर ही रामनवमी का जुलूस निकालें। त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें, पुलिस प्रशासन हमेशा आपके साथ है। शांति समिति की बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### डॉ कुलदेव ने की गर्भवती महिलाओं की जांच

**गढ़वा।** जिले के बरडीहा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरडीहा में एएनसी अर्थात गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच के तहत 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान गर्भावस्था में रक्तचाप, वजन माप, ऊंचाई नापना, खून की जांच कर आयरन, कैल्सियम की गोली, दवा का वितरण नि :शुल्क किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चैधरी ने कहा कि वैसे तो जिले में मातृ व शिशु मृत्यु की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अलग-अलग अभियान व कार्यक्रम चलाए जाते हैं, ताकि प्रसव के पूर्व और बाद में गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ नवजात भी सुरक्षित रहे। लोगों को समझना होगा कि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रसव पूर्व प्रबंधन बहुत जरूरी है। इसमें जांच से लेकर दवा तक सरकारी अस्पतालों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है ताकि प्रसव के समय कोई कठिनाई न हो और नवजात शिशु भी स्वस्थ हो। यह प्रत्येक महीने के नौ तारीख को आयोजित होता है। मौके पर सीएचओ बिरेन्द्र कुमार, एएनएम देवंती देवी, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता, सहिया रितु देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, रेखा देवी, शबनम बीबी, मालती, देवी, कलिंदा देवी, शिला देवी, संगीता देवी, आदि उपस्थित थे।

## हिंदू नव वर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर ने निकाली प्रभात फेरी

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रभात फेरी में शामिल बच्चे।

**भवनाथपुर।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर प्रखंड के मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। वही सरस्वती शिशु मंदिर भवनाथपुर के बच्चों के द्वारा पथ संचलन कर वर्ष प्रतिपदा मनाया गया। इस दौरान बच्चे नववर्ष मंगलमय हो, जय श्री राम, वंदे मातरम, भारत माता की जय का जय घोष लगा रहे थे। पथ संचलन करने वाले बच्चों को किसी तरह का दिक्कत ना हो इसके लिए भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने जगह जगह स्टॉल लगाया गया था। कपूरी चैक पर कमलेश होटल ने बच्चों को शरबत पिलाई, वन विभाग के चेकनाका के पास व्यवसायी वीरेंद्र सेठ, अंजनी दुबे, ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य के द्वारा शरबत पिलाया गया। भवनाथपुर बाजार में व्यवसायी सुधीर सोनी, साकेत गुप्ता, अमन सिंह, सूरज गुप्ता सहित अन्य ने बच्चों को शरबत पिलाई। सूर्य मंदिर के पास व्यवसायी संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, राजू गुप्ता, शशि भूषण शर्मा, अजय शाह, संजय गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, सुनील गुप्ता, छोटू कुमार, सौरभ गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य के द्वारा फल का वितरण किया गया। वहीं दुर्गा वाहिनी के सदस्यों के द्वारा पथ संचलन करने वाले बच्चों के ऊपर पुष्प वर्षा किया गया। जिसमें सह संयोजक प्रियंका कुमारी, तमन्ना कुमारी, निभा गुप्ता, अनु कुमारी, कुमारी, रिचा गुप्ता, मनीषा कुमारी, आकांक्षा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ श्री रामलला मन्दिर में नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ

▸▸ श्री कृष्णकांत जी महाराज के आशीर्वाद और उनके नेतृत्व-निर्देशन में निकाली गयी शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


शोभा यात्रा में शामिल भक्तगण।

**गढ़वा।** भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ श्रीरामलला मन्दिर में नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ हो गया। श्री रामनवमी महोत्सव के पावन अवसर के प्रथम दिन श्रीराम लला मन्दिर प्रांगण से सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली गयी। वृन्दावन श्री धाम से पधारे पण्डित श्री कृष्णकांत जी महाराज के आशीर्वाद और उनके नेतृत्व-निर्देशन में निकली गयी शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भक्तगण शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी सह व्यवसायी दिलीप कमलापुरी, उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी प्रधान कलश और श्री रामायण जी को सिर रखकर महाराज जी के साथ आगे-आगे चल रहे थे। बाजे-गाजे से साथ मन्दिर परिसर से निकली शोभा यात्रा सोनपुरवा मुख्य मार्ग से होते हुए शिव ढोंढा मन्दिर स्थित पवित्र तालाब तक पहुंची। वहां से जल लेकर भक्तगण मुख्य मार्ग होते हुए मन्दिर प्रांगण में पहुंचे। कलश स्थापना के बाद श्री रामचरित परायण महापाठ और प्रवचन का शुभारंभ हो गया। शोभा यात्रा में श्री रामलला मन्दिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनन्जय सिंह, कोषाध्यक्ष धनन्जय गोंड, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, कार्यालय मंत्री धनन्जय ठाकुर, सदस्य विकास दुबे, अनिल पांडेय, जितेंद्र कमलापुरी, कमलापुरी वैश्य समाज के अध्यक्ष मनीष कमलापुरी, मदन कमलापुरी, शैलेन्द्र कमलापुरी, मालती देवी, मिना देवी, अभिनव कुमार मिश्र, मोहित कुमार, अभय कुमार, अंकित कुमार, रुद्र कुमार, आदित्य कुमार सिंह, मयंक कुमार, हर्षित कुमार सिंह, अथर्व कुमार सिंह, श्रेयांश कुमार सिंह सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित थे।

आज से ही कलश स्थापना के बाद 9 दिनों के लिए श्री राम चरित नवाह्नपरायण पाठ और वैदिक पूजा आरम्भ हो गया। साथ ही शाम 6 बजे से झांकी सहित संगीत मय प्रवचन शुरू हुआ। इस दौरान हम सब को वृन्दावन, मथुरा से पधारे प्रकांड विद्वान युवा तुर्क आचार्य परम पूण्य श्री कृष्णकांत जी अपने मुखारविंद से भगवान श्री राम की मयार्दा, वचन, कर्तव्य, लोकहित और राक्षसी प्रवृति पर विजय सरीखे कई विषयों स्पष्ट दृष्टि प्रदान कर रहे हैं। इसकी जानकारी श्री रामलला मन्दिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने दी।

# डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के मुख्य हत्यारोपी ढेर

▸▸ अब तक सात गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी
▸▸ आतंकियों से जुड़े हैं अमरजीत के तार, 1991 में खालिस्तान के समर्थन में लगाए थे नारे

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी अमरजीत मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया है। पुलिस के अनुसार अमरजीत के तार आतंकवादियों से जुड़े थे। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इस हत्या के पीछे के कारणों को जानने के लिए पुलिस कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि बाबा की हत्या के पीछे कई नामी-गिरामी चेहरों के होने की संभावना है। जिन दो व्यक्तियों ने बाबा तरसेम सिंह की हत्या की थी, वह दोनों सुपारी किलर थे। पुलिस ने हत्याकांड में कुल 11 आरोपित चिन्हित किए हैं। इस मामले में अब तक सात आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्य आरोपितों में से आज एक पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो चुका है। जबकि तीन आरोपित फरार चल रहे हैं। हालांकि अभी बाबा तरसेम सिंह की हत्या का कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पी/एम नीलेश आनन्द भरणे, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करण सिंह नगन्याल, वरिष्ठ पुलिस



उत्तराखंड के डीजीपी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी।

अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सोमवार देर शाम एसटीएफ एसएसपी हरिद्वार को बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित इनामी बदमाशों के सहारनपुर से हरिद्वार भगवानपुर कलियर होकर मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश जाने की गुप्त सूचना मिली। इस पर पूरे हरिद्वार जनपद में जगह-जगह एसटीएफ टीम के साथ संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत गागलहेड़ी तिराहे पर चेकिंग प्वाइंट पर मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध बदमाशों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों बदमाश तेजी से भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर उन बदमाशों को घेर लिया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर किया। इस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश अमरजीत को गोली लगी। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल बदमाश को तत्काल सिविल अस्पताल रुड़की भेजवाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से एक पिस्टल, छह कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मृतक अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो एक लाख रुपये का इनामी था और नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित था।

# चुनाव लड़ने वाले को चल संपत्ति की घोषणा करना जरूरी नहीं : कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके

**मतदाता को किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का पूर्ण अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट**

इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का पूर्ण अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो। गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल श्री क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पलट कर दिया। श्री क्रि ने हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में पत्नी को चरित्रहीन बताने वाले को 80 कोड़े की सजा

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पूर्व पत्नी पर चरित्रहीन होने का झूठा आरोप लगाने और उससे जन्म लेने वाली बेटी का पिता होने से इनकार करने वाले व्यक्ति को कराची सत्र न्यायालय ने 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। महिला की वकील सायरा बानो ने कहा कि कई दशक बाद पहली बार ऐसी सजा सुनाई गई है। यह फैसला कजफ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश 1979 की धारा सात (एक) के तहत सुनाया गया।

### यूक्रेन में रूस का हमला, 4 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिण और उत्तर में रूसी मिसाइल और टारगेटेड बम हमलों में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार इसकी जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि दक्षिणी शहर जापोरिज़िया में एक मिसाइल हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम आठ अन्य घायल हो गए।

### 10 मई को खुलेंगे गंगोत्री के कपाट

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला स्थित विश्वप्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आगामी 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृत बेला पर खोले जाएंगे। मंगलवार को श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के कार्यालय में कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया। समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल व सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे और बदरीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे।

### उत्तराखंड : खाई में गिरा वाहन आठ मरे

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के बेतालघाट में मंगलवार राम एक मैक्स वाहन के गहरी खाई में गिरने से चालक सहित 8 लोगों की मृत्यु हो गयी। जबकि 01 महिला सहित 2 व्यक्ति घायल हो गये। मृतकों में एक स्थानीय चालक को छोड़कर शेष सभी नेपाल के निवासी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है।

### गिलानी पाक सीनेट के अध्यक्ष चुने गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को मंगलवार को देश की सीनेट अथवा संसद के ऊपरी सदन का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पीठासीन अधिकारी सीनेटर इशाक डार ने इसकी घोषणा की। श्री डार ने घोषणा की कि किसी अन्य के चुनावी मैदान में न उतरने या फिर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये जाने की वजह से श्री गिलानी को निर्विरोध चुना गया।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सीइओ ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक की प्रवर्तक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को एक नियामक फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों से 8 अप्रैल, को अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्हें 26 जून को पीपीबीएल से पद मुक्त कर दिया जाएगा।

### बैतूल में बसपा प्रत्याशी का निधन, चुनाव स्थगित

**भोपाल।** बैतूल लोकसभा सीट पर चुनाव स्थगित हो गया है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इसके बाद चुनाव आयोग ने चुनाव स्थगित करने का निर्णय लिया है। बीएसपी प्रत्याशी अशोक भलावी को मंगलवार दोपहर को सीने में दर्द उठा था और उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग की छाप बताना गलत : पायलट

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप बताये जाने को गलत बताते हुए कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के दाम बढ़ाना, लोगों को नौकरी देना, कानून बनाना इसमें धर्म कहां से आ गया। श्री पायलट जमवारामगढ़ में लोकसभा चुनाव में जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा ₹ दस दिन बाद वोट पड़ेंगे 19 तारीख को जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र का आपको अपना सांसद चुनना है पूरे देश में चुनाव हो रहा है मैं कई बार आप लोगों से मिल चुका हूं आज जमवारामगढ़ आपके बीच में हूं आपके पूर्व विधायक क मौजूद हैं हमारे जिले के अध्यक्ष हम सब आपके बीच में आवेदन करने हैं आए है यह लोकसभा का चुनाव कृपया करके पार्टियों का प्रत्याशी का आकलन करो। दस साल में दिल्ली में जो शासन कर रहे हैं उस सरकार का रिपोर्ट कार्ड को देखो, उन्होंने जयपुर ग्रामीण के लिए राजस्थान के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि आपको सोचना

**मनरेगा के दाम बढ़ाना, लोगों को नौकरी देना, कानून बनाना इसमे धर्म कहां से आ गया**



पड़ेगा की 10 साल के शासन के बाद ना तो किसी नौजवान को रोजगार मिला है मुझे खुशी है कि कांग्रेस पार्टी है। जिसने एमएसपी पर कानून बनाने की घोषणा की है मनरेगा में हमने कहा प्रतिदिन की आमदनी है वह 400 रुपए करेंगे।सरकार बनाने के बाद 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल ने कहा है कि भारत जोड़ो सब लोगों को साथ रखो सब धर्म के लोगों को जाति के लोगों को बिरादरी के लोगों को जबकि भाजपा के लोग तोड़ने का काम एवं नफरत फैलाने का काम प्रतिशोध के बदले की भावना से काम करते है।

# भ्रष्टाचार के रास्ते लगातार बंद कर रही सरकार : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-अगले पांच साल में तिजोरियों से निकालने का काम और तेजी से होगा

एजेंसी

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के रास्ते लगातार बंद कर रही है और अगले पांच सालों में तिजोरियों से भ्रष्टाचार का पैसा निकालने का काम और तेजी से होगा। श्री मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल बालाघाट में बालाघाट और मंडला लोकसभा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में चार पांच महीने पहले विधानसभा चुनाव में ही सभी ने मिलकर कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं, एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। साल 2024 का ये चुनाव 21वीं सदी के भारत का अहम

▸▸ नये भारत के निर्माण का मिशन है लोकसभा चुनाव

**मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ मोदी**

केंद्र सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है, बहुत कुछ करना बाकी है और देश को बहुत आगे ले जाना है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकारें वंचितों को वरीयता दे रही है। कांग्रेस ने

चुनाव है। ये नए भारत के निर्माण का मिशन है। उन्होंने कहा कि असंभव से दिखने वाले फैसले जब भारत लेता है तो सबको लगता है कि हमारे देश का सम्मान बढ़ा है। कभी कांग्रेस सरकार अपनी शिकायतें लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थीं, पर आज वक्त



बदल गया है, दुनिया के देश अब अपने मुद्दों पर बात करने के लिए भारत आते हैं। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सोच ने देश को पिछड़ेपन की ओर धकेल दिया। अब की सरकार देश के हर गांव को प्राथमिकता दे रही हे।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में युवा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार गरीब कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस अब भी पुरानी मनसिकता में जकड़ी है। भाजपा

**कांग्रेस देश की आजादी का श्रेय किसी आदिवासी को नहीं, अपने शाही परिवार को देना चाहती है**

कांग्रेस आजादी का श्रेय किसी आदिवासी को नहीं, अपने शाही परिवार को देना चाहती है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गठबंधन ने देश के खिलाफ बिगुल फूंका है। एक दूसरे से झगड़ते हैं, पर कहते हैं कि मोदी को रोकने के लिए साथ आए हैं। इस गठबंधन को मोदी को नहीं, देश के विकास को रोकना है, इसलिए ये लोग मोदी को गाली और धमकी दे रहे हैं।

जब पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति की ओर बढ़ी तो कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने कहा कि जो तिजोरी भरने राजनीति में आए हैं, वो मोदी को धमकी ना दें, मोदी महाकाल भक्त है।

### अरुणाचल और असम को नेहरू ने कह दिया था अलविदा : शाह

**लखीमपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 1962 के चीनी युद्ध के दौरान तत्कालीन कांग्रेस के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अरुणाचल प्रदेश और असम को अलविदा कह दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के लोग इसे कभी नहीं भूल सकते हैं। गृहमंत्री मंगलवार को असम के लखीमपुर में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू की सरकार चीन का दमदार तरीके से मुकाबला करने में विफल रही थी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हमेशा चीन के घुसपैठ को नाकाम कर दिया है। इस सिलसिले में उन्होंने डोकलाम का हवाला दिया। उन्होंने आश्वस्त कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत में शासन रहते हुए भारत की 1 इंच भूमि पर भी चीन कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक हमारी सरकार के समय में चीन को भारत की 1 इंच भूमि पर भी कब्जा करने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार भारत की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।



# बंगाल : लोस चुनाव में इस्तेमाल सभी गाड़ियों में लगेगा जीपीएस

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में चुनाव के समय इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ियां सही रूट पर जा रही हैं या नहीं, कहीं और तो नहीं पहुंचीं और किसी तरह की कोई छेड़छाड़ ना हो, यह सुनिश्चित किया जा सकेगा।

पहले के चुनावों में आरोप लगे थे कि मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम, वीवीपैट जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं को डीसी-आरसी से मतदान केंद्रों तक ले जाते समय उनके साथ छेड़छाड़ की जाती है। अब जीपीएस के जरिए अगर गाड़ियां कहीं दूसरी जगह जाती है या कुछ गलत होता है तो जरूरत पड़ने पर संबंधित कार के ड्राइवर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ करने की भी व्यवस्था की गयी है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीच सड़क पर कहीं वाहनों से ईवीएम लूटने की कोशिश भी हो तो त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस नई तकनीक का उपयोग करने का निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि कोई भी राजनीतिक दल मतदान प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ निष्क्रियता की शिकायत न कर सके। चुनाव आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य में केंद्रीय बलों के 92 हजार जवानों की तैनाती की जा रही है। यह देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि विपक्षी दलों ने चुनाव के दौरान भारी हिंसा की आशंका जाहिर की थी। उसके बाद आयोग ने सबसे अधिक केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया है।बंगाल के राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए यहां सात चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया गया है। केंद्रीय बलों के अधिकतर जवान बंगाल आ चुके हैं और उन्हें जगह-जगह तैनात किया जा रहा है।

**92 हजार केंद्रीय बल होंगे तैनात**

### तमिलनाडू में हैचरी से 32 करोड़ जब्त

**चेन्नई।** आयकर विभाग ने कोयंबटूर के पोलाची में स्थित एक हैचरी से मंगलवार को 15 घंटे की छापेमारी में लगभग 32 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पोल्ट्री फार्म की तलाशी ली और हैचरी से लगभग 32 करोड़ रुपये बरामद किए, जो तीन बक्सों में रखे गए थे। कयास लगाया जा रहा है कि ये रुपये मतदाताओं को बांटने के लिए रखे गए थे।

फिलहाल, इस मामले की जांच पड़ताल में आयकर विभाग के साथ-साथ चुनाव अधिकारी भी जुट गए हैं। हैचरी मालिक अरुल मुरुगन और सरवाना मुरुगन से पूछताछ की जा रही है। इस हैचरी की राज्य भर में कई शाखाएं हैं। कंपनी पोल्ट्री इंडस्ट्री के लिए चूजे और भोजन का उत्पादन करती है।

### पूर्व सांसद चौधरी बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** हरियाणा से भाजपा के पूर्व सांसद चौधरी बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह चौधरी अपने हजारों समर्थकों के साथ मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हरियाणा के प्रमुख नेता तथा किसानों के मसीहा सर छोटू राम के पोते श्री बीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक, हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव, विधायक किरण चौधरी, पंजाब की पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, सांसद नासिर हुसैन और पवन खेड़ा समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।



# पुरुलिया में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया लोकसभा सीट खास है, क्योंकि यह आदिवासी बहुल इलाका है। यहां से भाजपा के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो हैं। पार्टी ने इस बार भी उन्हीं को टिकट दिया है। उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने शांति राम महतो को उम्मीदवार बनाया है।

वामदलों और कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होनी है। पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र बंगाल के जंगल महल क्षेत्र के पुरुलिया जिले में है।

1995 में यह इलाका उसे वक्त सुर्खियों में आया था जब यहां हथियार बरसाए गए थे। पुरुलिया जिले का मुख्यालय पुरुलिया ही है। यहां की साक्षरता दर 65 फीसदी है। इस सीट का मिजाज अलग रहा है। यहां से कांग्रेस को एकबार जीत मिली लेकिन उसके बाद यहां से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार विजयी होते रहे हैं।

1957 में पुरुलिया से आईएनडी के विभूति भूषण दास गुप्ता सांसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के महतो नागेंद्र नाथ सिंह देव को हराया था। 1962 में लोकसेवक संघ के भजाहारी महतो सांसद चुने गए थे। 1967 में आईएनडी के बी महतो सांसद चुने गए। 1971 में पहली बार यहां से कांग्रेस को यहां सफलता मिली और देवेंद्र नाथ महतो यहां से सांसद चुने गए थे। 1977 में एफबीएल के चितरंजन महता को सफलता मिली थी। चितरंजन 1980, 1984 और 1989 तक पुरूलिया से लगातार सांसद चुने जाते रहे।

1991 में यहां पर उप चुनाव हुआ जिसमें फॉरवर्ड ब्लॉक के बी महतो सांसद चुने गए। 1996, 1998, 1999 में फॉरवर्ड ब्लॉक के बीर सिंह महतो यहां से सांसद चुने जाते रहे। इसके बाद फॉरवर्ड ब्लॉक में विभाजन हो गया और 2004 में बीर सिंह महतो ने फॉरवर्ड ब्लॉक से ताल ठोंकी और सांसद बने। 2006 के उपचुनाव में फॉरवर्ड ब्लॉक के नरहरि महतो विजयी हुए थे।

2009 में नरहरि महतो ही सांसद चुने गए। 2014 में तृणमूल कांग्रेस ने यह सीट कम्युनिस्टों से छीन ली और तृणमूल के डॉक्टर मृगांका महतो यहां से जीते थे।

**महासमगर**

▸▸ भाजपा ने मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो को फिर दिया टिकट
▸▸ तृणमूल कांग्रेस ने शांति राम महतो को बनाया उम्मीदवार
▸▸ बीजेपी के ज्योतिर्मय सिंह महतो छह लाख 68 हजार 107 वोट से जीते थे चुनाव
▸▸ 1995 में यह इलाका उसे वक्त सुर्खियों में आया था जब यहां हथियार बरसाए गये थे



ज्योतिर्मय सिंह महतो।



शांति राम महतो

### थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया।कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बाबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निमार्ताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !